सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
13.12.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 152 | 12



मुकेश अंबानी से चार गुना अधिक अमीर बने एलन मस्क

## न्यूज डायरी

### प्रदीप यादव बने कांग्रेस विधायक दल के नेता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को मनोनीता किया है। वहीं खिजरी विधायक राजेश कच्छप को उप नेता बनाये गये हैं। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह को विधानसभा में मुख्य सचेतक के रूप में नामित किया है।

### झारखंड में तीन दिन शीतलहर का अलर्ट

**रांची।** झारखंड का पारा रोज गिरता ही जा रहा है। ठंड लगातार बढ़ रही है। अगले तीन दिनों तक राज्य में शीतलहर की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग ने इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। 13, 14 और 15 को शीतलहरी का प्रकोप रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान 4.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आयी है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ 12 नक्सली मारे गय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों को फिर बड़ी सफलता मिली। गुरुवार को तड़के एक ुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह मुठभेड़ तड़के तीन बजे हुई। उस समय सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे थे। सुरक्षाबलों ने सभी 12 नक्सलियों के शव बरामद कर लिये हैं।

### धर्मस्थलों का अभी नया केस नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों या तीर्थस्थलों के संबंध में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता है।। जिला अदालतों द्वारा सर्वेक्षण का आदेश तब तक नहीं दिया जा सकता है जब तक कि उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता से संबंधित मामला उसके समक्ष लंबित है। सीजेआइ संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या अन्य लोगों के लिए इस पर अपना हाथ नहीं डालना उचित नहीं होगा।

### डूबने से दो मासूम बच्चों की हुई मौत

**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र के हुम्बू ग्राम कुसुम टोला में तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई है, जिसकी पहचान फूलदेव उरांव के 5 वर्षीय पुत्र दिनेश उरांव व 3 वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों बच्चे तालाब किनारे खेल रहे थे। खेल-खेल में वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। मां बगल खेत मे धान काट रही थी बच्चों को नही देखने पर मां हल्ला की जिसे ग्रामीण सुन घटना स्थल पहुंचे। लेकिन बच्चें पूरी तरह डुब चुके थे।

# सीएम बोले- सरकार का श्वेत पत्र है राज्यपाल का अभिभाषण

# सपनों का झारखंड बनाने का प्रयास : हेमंत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दो टूक कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार का श्वेत पत्र है। इससे स्पष्ट है कि सरकार क्या करना चाहती है। उन्होंने कहा है कि शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने के लिये नींव डाल दी गयी है। श्री सोरेन गुरूवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद के बाद सरकार का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक का सबसे छोटा एवं दूरदर्शी अभिभाषण है। उन्होंने कहा कि ये राज्य आंदोलन की उपज है। खून से सींचा गया राज्य है। यहां के लोग स्वाभिमानी हैं। जो ठान लेते हैं, वो तब तक नहीं रूकते, जब तक मंजिल न मिल जाये। अभिभाषण में हर वर्ग के साथ शहीदों के सपने को पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। इसकी नींव रख दी है। उन्होंने कहा कि अब बिल्डिंग खड़ा करेंगे। उन्होने कार्य के बल पर पहचान बनाने की बात कही।

### महापुरुषों व शहीदों पर गर्व

सीएम ने कहा, हमें गर्व है, उन महापुरूषों और शहीदों पर जिन्होंने अपना लक्ष्य साधे रखा, अलग राज्य की लंबी लड़ाई लड़ी। 2000 में नया राज्य बना। यह सही है कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने नये राज्य पर मुहर लगायी, लेकिन, अलग राज्य की लड़ाई में दस महीने नहीं, वर्षों बरस लग गये। इस पीड़ा को हमलोगों से अधिक कोई नहीं समझ सकता है। 2019 तक इस राज्य को दलदल में धकेलने का ऐसा प्रयास किया कि दोबारा उबर नहीं सके। तत्कालीन सरकार ने झारखंड की स्थिति बदतर बना दी थी। 2019 में गठबंधन की सरकार बनी। इसके बाद भी सत्ता से बेदखल करने के कई हथकंडे अपनाये गये। आज दोबारा सरकार को इस मुकाम में पहुंचाने में जनता की सराहनीय भूमिका है।

### हर क्षेत्र में दिख रहा परिवर्तन

सीएम ने कहा कि 2019 के बाद से झारखंड की स्थिति में परिवर्तन दिखा है। चाहे आधारभूत संरचना हो, पर्यटन हो या रोजगार सृजन हो। झारखंड देश का पहला राज्य है जहां श्रमिकों के लिये बेहतर कानून बनाया गया है। विपक्ष से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने नगर विधायक सीपी सिंह पर तंज कसते हुये कहा कि वे बुर्जुग हो गये हैं। शहर को नया आयाम देने का काम किया गया है। रांची का चहुंमुखी विकास हुआ है। हर दिन एक नया अध्याय इस राज्य में जुड़ेगा। ये राज्य प्रोजेक्ट भवन से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। गांव की अर्थव्यस्था नहीं बढ़ेगी तो राज्य के सर्वांगीण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। पूर्व में भी काम किया है आगे भी काम करेंगे।

### सरकार को कराना चाहिए एनआरसी : बाबूलाल

मुख्य विपक्ष दल भाजपा के वरिष्ठ नेता के तौर पर बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को कई सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल के साथी मणिपुर की बातें कर रहे हैं, लेकिन चाईबासा के गुदड़ी में सेंदरा (हत्याएं) हो रहा है। उन्होंने कहा कि संथाल में 1951 में 44.66 प्रतिशत आदिवासी थे, लेकिन 2011 में घटकर उनकी आबादी 28 प्रतिशत हो गयी है। इसलिए सरकार एनआरसी करा ले, तस्वीर साफ हो जायेगी।

### हर वादा पूरा करेगी सरकार: कल्पना

इससे पहले गांडेय से झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने भरोसा दिलाया कि झारखंड में दूसरी बार काम की बदौलत अबुआ सरकार बनी है। यह सरकार अपने हर वादे को धरातल पर उतारेगी। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा के खिलाफ जनता में गुस्सा था, क्योंकि 2019 में महागठबंधन को जनादेश मिला तो सरकार को गिराने की कोशिश की जाती रही। अव्वल तो ये कि एक षडयंत्र के तहत सीएम हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया।

### कुछ लोगों ने दिशोम गुरू को भी नहीं छोड़ा

सीएम ने कहा कि पूरे देश में झारखंड पिछड़ा राज्य है। देश के बड़े-बड़े उद्योग, बोकारो, एचईसी, सिंदरी खाद कारखाना लगे। यह उस समय की बात है, जब देश को टाटा-बिड़ला के नाम से जाना जाता था। इसके बावजूद लोग भूमिहीन, बेरोजगार और विस्थापित होने लगे। सामंती विचार के लोग दिशोम गुरू शिबू सोरेन और अन्य नेताओं पर कटाक्ष करते थे।

### ...और हेमलाल की फिसली जबान

**राज्यपाल** के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुये झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू की जबान फिसल गयी। उन्होंने कहा कि ... में हल्दी लगा कर बाबर्ची नहीं बन जाते हैं। उन्होंने भाजपा पर तंज कसा था। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी नीतियों के कारण चुनाव में हार गयी। इसपर भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव ने कड़ी आपत्ति जतायी। उन्होंने कहा कि सदन में 12 महिला सदस्य हैं। सभी स्वाभिमान के साथ जीना चाहते हैं। इसे बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इसके बाद शोरगुल करते हुए भाजपा विधायक वेल पर पहुंच गये। इस पर स्पीकर ने कहा कि असंसदीय शब्द को कार्यवाही से निकाल दिया गया है। आप लोग आसन पर बैठ जायें। लेकिन, भाजपा विधायक हेमलाल मुर्मू से माफी मांगने की बात पर अड़े रहे। स्पीकर ने कहा कि कभी-कभी बोलते समय स्लीप ऑफ टंग हो जाता है। बाबूलाल ने कहा कि कोई भी सदस्य अपशब्द का प्रयोग न करें, इसका ख्याल रखना पड़ेगा।



## चाईबासा आये ओड़िशा के दो युवक लापता, हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चाईबासा आये ओड़िशा के दो युवक गोइलकेरा से लापता हैं। पुलिस दोनों की तलाश में घोर नक्सल प्रभावित इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। आशंका है ग्रामीणों ने उनकी हत्या कर दी है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि चाईबासा के गुदड़ी इलाके से ओडिशा से आये चार-पांच युवकों में से दो गायब हो हैं। कयास लगाया जा रहा है कि ग्रामीणों ने दोनों युवकों को नक्सली समझकर मार डाला है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पायी है। इलाके में पुलिस तलाशी अभियान चला रही है। दोनों युवक चाईबासा के दरअसल, ओडिशा के रायरंगपुर निवासी शेख शाहिद अली और शेख नजीर अपने तीन अन्य साथियों के साथ चाईबासा के गोइलकेरा पहुंचे थे। चाईबासा पुलिस को अभी तक दोनों के शव नहीं मिले हैं। जानकारी के अनुसार दोनों युवक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पैतृक पंचायत के रहने वाले हैं। दोनों के परिजनों ने मामले में पत्र लिखकर मयूरभंज एसपी और चाईबासा एसपी को पूरे मामले की जानकारी दी है। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से दोनों को खोजने की गुहार गगायी है। डीजीपी के अनिसार इस इलाके में रहने वाले ग्रामीण नक्सलियों और उग्रवादियों से काफी परेशान हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली है कि दोनों युवकों को बांधकर ग्रामीण साथ ले गये हैं। तीन युवक किसी तरह भागने में सफल रहे। दो युवक ग्रामीणों के चंगुल में फंसे रहे। अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पास , विशेष सत्र स्थगित

### यह बजट कुशल मैनेजमेंट का उदाहरण : किशोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पास हो गया। सदन के तीसरे दिन पहली पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। दूसरी पाली में अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। अनुपुरक बजट पर चर्चा और पास होने के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही अनिश्चिकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पहले अनुपूरक बजट पर चर्चा के जवाब में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए अनुपुरक बजट लाया गया है। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में भी राज्य सरकार ने 42 प्रतिशत राजस्व का सृजन किया है। यह कुशल मैनेजमेंट का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 1 हजार 697 करोड़ रुपए सरेंडर नहीं हुआ है। जो विभाग राशि खर्च नहीं कर पाये, उसे सरेंडर होने से बचाने के लिए सरकार ने मंईयां सम्मान योजना और मुफ्त बिजली बिल के उपयोग में किया। पूर्व की सरकारें भी ऐसा करती रही हैं। यह बेहतर प्रबंधन का उदाहरण है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना पर सवाल खड़ा करने पर कहा कि अब महिलाओं को दवा खरीदने के लिए हाथ पसारना नहीं पड़ेगा। पैसा बाजार से होते हुए कर टैक्स रेवेन्यू के रूप में सरकार के खजाने में पहुंचेगा। भाजपा की झारखंड में कुल सरकार 13 साल 62 दिन रही। तब ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए कुछ नहीं हुआ। भाजपा के पास विकास का कोई नारा नहीं था। सिर्फ घुसपैठ की ही बात हो रही थी। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी के कटौती प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया।

### सांसदों के लिए दो दिनों का ह्विप जारी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में संविधान पर प्रस्तावित चर्चा को देखते हुए भाजपा और कांग्रेस ने ह्विप जारी करते हुए 13 व 14 दिसंबर को सदन ने अपने सभी सदस्यों से उपस्थित रहने के लिए कहा है। सदन में दोनों ही दिन मौजूद रहने के लिए कहा है। भाजपा के आधिकारिक बयान में कहा है, लोकसभा के सभी भाजपा सदस्यों से कहा गया है कि भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर 13 दिसंबर और 14 दिसंबर को लोकसभा में चर्चा की जायेगी, इसलिए, सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे दोनों दिन 13 और 14 दिसंबर को सदन में उपस्थित रहें। वहीं लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने ह्विप जारी किया। उन्होंने कहा कि दो दिन सदन में अहम मुद्दे पर चर्चा होनी है, इसको देखते हुए उन्होंने सभी कार्यवाही स्थगित होने तक सदन में उपस्थित रहें।

## डी गुकेश बने शतरंज के सबसे युवा विश्व चैंपियन

### 14वें दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराया



**भावुक हुए गुकेशः** गुकेश इस ऐतिहासिक जीत के बाद भावुक हो गए। उन्होंने कहा- यह मेरे जीवन का सबसे बेहतरीन पल है। मैं पिछले 10 वर्षों से इस पल का सपना देख रहा था। मुझे खुशी है कि मेरा यह सपना पूरा हुआ। मैं थोड़ा भावुक हो गया था क्योंकि मुझे जीत की उम्मीद नहीं थी। लेकिन फिर मुझे आगे बढ़ने का मौका मिला।

एजेंसी

**सिंगापुर।** भारत के ग्रैंडमास्टर डोमराजू गुकेश गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024 को विश्व शतरंज चैंपियनशिप (डब्ल्यूसीसी) के गेम 14 में चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गये। महज 18 साल की उम्र में भारत के डी गुकेश ने इतिहास रच दिया है, वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए, उन्होंने 14वें और अंतिम गेम में चीन के डिंग लिरेन को हराया। 6.5-6.5 अंकों के साथ खेल की शुरूआत करते हुए, अंतिम मैच भी ड्रॉ की ओर बढ़ता दिख रहा था। हालांकि, डिंग लिरेन की एक आखिरी गलती ने गुकेश को जीत दिला दी। गुकेश ने 18 साल आठ महीने 14 दिन की उम्र में यह खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 22 वर्ष छह महीने 27 दिन की उम्र में खिताब जीता था। 2012 में विश्वनाथन आनंद के बाद गुकेश पहले भारतीय विश्व शतरंज चैंपियन बन गये हैं। गुकेश के लिए यह एक शानदार साल रहा, जिन्होंने कैंडिडेट्स 2024 टूनामेंट और शतरंज ओलंपियाड गोल्ड भी जीता है। गुकेश यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय भी बन गये, इससे पहले भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद इस विशिष्ट सूची का हिस्सा बनने वाले एकमात्र भारतीय थे। आनंद ने 5 मौकों पर विश्व शतरंज चैंपियनशिप का प्रतिष्ठित खिताब जीता है। मैच की बात करें तो, गेम 13 के अंत में स्कोर 6.5-6.5 पर बराबर था। चीनी ग्रैंडमास्टर के पास बढ़त थी क्योंकि वह सफेद मोहरों से शुरूआत करने के लिए तैयार था और इस तरह भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ संभावनाएं थीं। डिंग लिरेन मैच के 53वें मूव में चूकने पर ड्रॉ की ओर बढ़ रहे थे और भारतीय ग्रैंडमास्टर को गेम को टाई-ब्रेकर में ले जाने से बचने का मौका दे दिया। गुकेश ने आखिरी गेम जीत लिया और अपने अंकों की संख्या 7.5 पर पहुंचा दी, 14 गेम के मैच का आखिरी क्लासिकल टाइम कंट्रोल गेम जीत लिया जो ज्यादातर समय टाई-ब्रेकर में जाता दिख रहा था। 2024 शतरंज कैंडिडेट्स टूनामेंट जीतने के बाद गुकेश को मौजूदा चैंपियन को चुनौती देने का मौका मिला, वह खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बन गये। विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब शतरंज में सबसे प्रतिष्ठित उपलब्धियों में से एक है। 1886 से अब तक केवल 17 खिलाड़ियों ने विश्व शतरंज चैंपियन का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया है। गुकेश अब 18वें विश्व शतरंज चैंपियन बन गये हैं। **(खेल पेज भी देखें)**

# एक देश, एक चुनाव को कैबिनेट की मंजूरी

### सरकार इसी सत्र में संसद में लाने की तैयारी में , विपक्ष हमलावर, कहा काला कानून

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मोदी कैबिनेट ने देश में राजनीतिक सुधार की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय करते हुए एक देश-एक चुनाव संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को मोदी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल की गुरुवार को हुई बैठक में इससे संबंधित विधेयक को मंजूरी दी गयी। यह महत्वपूर्ण निर्णय इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया है। अब सरकार इस बिल सदन के पटल पर रख सकती है। सूत्रों की मानें तो यह विधेयक अगले सप्ताह इसी शीतकालीन सत्र में सरकार लाया जा सकता है। इस मुद्दे पर भाजपा का कहना है कि ये ऐतिहासिक बिल है और इसका सभी पार्टियां को स्वागत करना चाहिए। वहीं कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इस विधेयक को अलोकतांत्रिक और काला कानून बताते हुए सरकार पर हमलावर हो गये हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन भाजपा के अहम प्रस्तावों में एक है। इसे कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है, ऐसे में बिल के पास होने में आने वाली चुनौतियां से निपटने के लिए मोदी सरकार अभी से काम करने में जुट गयी है। बिल को संसद से पास कराना मोदी सरकार की एक बड़ी चुनौती होगी। सूत्रों की मानें सरकार उन विधेयकों पर व्यापक विचार-विमर्श करने की इच्छुक है। लंबी चर्चा और आम सहमति बनाने के लिए सरकार इस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की योजना बना रही है। इसके बाद सभी दलों की सुझाव भी लिये जायेंगे। आखिर में यह बिल संसद के पटल पर लाया जायेगा और इसे पास करवाया जायेगा।

(शेष 11 पर)



### विपक्ष ने किया तीखा विरोध

कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इस विधेयक को अलोकतांत्रिक और काला कानून बताते हुए सरकार पर कड़ा हमला बोला। कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने इस विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस विषय पर पहले ही गत 17 जनवरी को दृढता के साथ अपनी बात रख चुके है और इसके बाद कांग्रेस के दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आया है। तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन ने कहा है कि मोदी कैबिनेट ने एक देश एक चुनाव को ले कर अलोकतांत्रिक विधेयक को मंजूरी दे दी है।

### एक साथ चुनाव से कई लाभ

देश में वर्तमान में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। बिल पास होने के बाद देश में लोकसभा और विधानसभा दोनों के ही चुनाव एकसाथ कराये जायेंगे। इससे सरकार और चुनावी खर्च में काफी कटौती आने की संभावना है, जिसका साधी प्रभाव देश की जीडीपी और अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। सूत्रों के मुताबिक इस बिल पर सरकार सभी राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष बुद्धिजीवियों विशेषज्ञ और सिविल सोसाइटी के सदस्यों से उनके विचार साझा करने के लिए कहा जायेगा।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 72500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



# सर्वांगीण विकास के सुझावों को बजट में करें समाहित : स्पीकर

- रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार की प्राथमिकताओं को किया गया रेखांकित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिये सदन में आये सुझावों को बजट में समाहित करने की जरूरत है। श्री महतो विशेष सत्र के चौथे दिन द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद समापन भाषण दे रहे थे। उन्होंने सदन अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया। इससे पहले उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के जरिये सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। राज्य के चहुंमुखी विकास के लिये अपनी नीतियों और दिशा तय करने का प्रयास किया। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पोषण इत्यादि पर जोर दिया है।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार का वित्तीय प्रबंधन, रोजगार संरचनाओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग दल, विचारधारा और अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं। वे उम्मीद करते हैं कि उन्हें सबों का सहयोग पूर्व के कार्यकाल की तरह मिलता रहेगा। पक्ष, विपक्ष सब उनके लिये बराबर हैं। इस सत्र में वर्तमान वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया। विधानसभा सदस्यों ने इस पर सार्थक रचनात्मक चर्चा की। कुछ सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये हैं। अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रेखांकित भी किया है। राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए ये सुझाव निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं।

# अंकगणित में जरूर पीछे रहे, लेकिन 33 फीसदी मिला वोट : बाबूलाल मरांडी

- मथुरा प्रसाद महतो बने सत्ताधारी दल के मुख्य सचेतक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अंकगणित में भले पीछे रह गये लेकिन, उसे 33.37 फीसदी वोट मिले हैं। जो कांग्रेस से कहीं अधिक है। चुनाव बाद भी इस सरकार पर हिमंता विस्वा सरमा का खौफ दिखता है। राज्यपाल के अभिभाषण में नौकरियों की बात कही गई है, पर जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गडबड़ी कई आशंकाओं को जन्म देता है। सरकार इसकी जांच नहीं करा रही है। सरकार ने 3200 रुपए प्रति क्विंटल धान लेने का भरोसा सरकार ने दिया था, पर किसान 1800-1900 रुपये प्रति क्विंटल धान बिचौलियों को दे रहे हैं। बालू की लूट के चलते पीएम आवास और अबुआ आवास योजना फंस रही है। पुलिस बालू लदे गाडियों को पकड़ रही है। उन्होंने योजनाओं को धरातल पर उतारने की बात कही। उन्होंने कहा कि सदन में असंसदीय भाषा के प्रयोग से सदस्यों को बचना चाहिये। उनका इशारा झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू के वक्तव्य की ओर था। चर्चा में नमन विक्सल कोंगाडी, सुरेश पासवान ने भी कहा कि सरकार किसान, युवा हित में बेहतर काम करेगी। विधायक अरुप चटर्जी और कल्पना सोरेन ने भी अभिभाषण के समर्थन में बात रखते राज्य के विकास की उम्मीद जताई। सरयू राय ने सरकार द्वारा पूर्व में हिन्दी भाषा सहित अन्य भाषाओं के विकास के लिये अकादमी बनाने की घोषणा की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि ऐसा ना कर उर्दू अकादमी, मदरसा बोर्ड के गठन की ही बात कही गयी है। जमशेदपुर को गारबेज फ्री बनाने की बात भी भ्रामक है। जयराम महतो ने झारखंड आंदोलनकारियों के परिजनों को भी नौकरियों में 5 प्रतिशत आरक्षण तय किये जाने की बात रखी। आजसू पार्टी विधायक निर्मल महतो ने मांडू को अनुमंडल बनाये जाने की मांग रखी। इसके बाद स्पीकर ने झामुमो की ओर से विधायक मथुरा प्रसाद महतो को मुख्य सचेतक बनाये जाने की सूचना दी।

# कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने जाति जनगणना पर बल दिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदीप यादव ने राज्य में जाति जनगणना कराये जाने पर बल दिया। श्री यादव गुरुवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के पक्ष में बोल रहे थे। उन्होंने हिमंता विस्वा सरमा, अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल का नाम लेते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी लोग दौडे-दौड़े भाजपा की लाउंड्री में आये और धुल गये। यहां मंईयां सम्मान में 1000 रुपया देने के

- भाजपा पर उसकी चुनावी हार के लिये कसा तंज



प्रयास पर पानी फेरते गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपया देने की बात कही। भाजपा ने लोगों को दंगे की आग में झोंकने का काम किया। माटी, रोटी, बेटी की बात करने वाले कभी मणिपुर नहीं गये। जहां बेटियों, महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं। उन्होंने भाजपा को लेकर कहा कि देश की धर्मनिरपेक्षता को तोड़ना चाहते हैं। अखंडता को कमजोर करना चाहते हैं। इसके लिये ये सब संविधान की प्रस्तावना को बदलने को सुप्रीम कोर्ट तक चले गये। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग उट-पटांग बोलते रहे तो उन्हें सदन से बाहर का रास्ता देखना पड़ेगा। चर्चा में भाग लेते झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने भरोसा जताया कि राज्य का सर्वांगीण विकास यह सरकार करेगी। किसी को भूखे नहीं मरने देगी। सात किलो अनाज, दो किलो दाल हर माह सरकार देगी। भाजपा वाले चुनाव में 65 पार की बात करते थे। पर ये आदिवासियों और दूसरों की भावनाओं को समझ नहीं पाये और नतीजा यह रहा कि 21 पर सिमटकर रह गये।

# सीएम से मिली नीरू शांति भगत, दी हेमंत को बधाई

**रांची।** आजसू नेत्री नीरू शांति भगत गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलीं। सरकार के शपथ ग्रहण के बाद सीएम हेमंत सोरेन को उन्होंने गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। नीरू शांति भगत लोहरदगा से एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरी थीं। नीरू शांति भगत झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व. कमलकिशोर भगत की



धर्म पत्नी हैं। सीएम से मिलने के बाद नीरू शांति भगत को लेकर राजनीतिक गलियारे में कयास लगने लगा कि कहीं झामुमो ज्वाइन करने तो नहीं जा रही हैं। परंतु इस बात का उन्होंने खंडन किया और बताया कि राजनीति में कोई किसी का दुश्मन नहीं होता। राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन जी को बधाई दी है। साथ ही उनसे कहा है कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में विकास ठप हैं, वहां ध्यान देने की जरूरत है। जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की जरूरत है। सीएम ने सभी बातों पर गौर फरमाते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, चतरा**
eercdchatra-jhr@nic.in

**(शुद्धि पत्र)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा द्वारा दिनांक 13.12.2024 को प्राप्त की जाने वाली निविदा, जो **PR No.- PR-341325(Road)24-25(D)** द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई है। अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –12/2024–25 के क्रमांक 1 में उल्लेखित निविदा बिक्री की तिथि **12.12.2024 से 13.12.2024** निर्धारित है। अपरिहार्य कारणो से निविदा खोलने की तिथि को संशोधित करते हुए **दिनांक 16.12.2024** निर्धारित किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा

PR 341805 (Road)24-25*D


## निशिकांत दुबे को झारखंड हाईकोर्ट से राहत, प्राथमिकी रद्द

**रांची।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने देवघर में निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और दुमका की निचली अदालत में चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया है। निशिकांत दुबे पर आरोप था कि उन्होंने जीतेंद्र प्रसाद वर्णवाल के घर पर लगे झारखंड मुक्ति मोर्चा के झंडे को हटा दिया था। साथ ही उन्होंने उस घर पर भाजपा का झंडा लगा दिया। इसके बाद झामुमो कार्यकर्ता ने देवघर के बुधई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# 18 से फिर से शुरू होगा झारखंड पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत एक बार फिर 18 दिसंबर से होगी। इसे लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जिले के एसपी, एसएसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आम नागरिकों की शिकायत का त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए सभी जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस संबंध में दोबारा पूर्व में आयोजित स्थान पर 18 दिसंबर को सभी जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 सितंबर से हुई थी।

**पुलिस आम लोगों की सुनेगी समस्या और करेगी समाधान**

जन सुनवाई में सभी जिलों की पुलिस डीजीपी के आदेश के आलोक में 18 मुद्दों पर सुनवाई करेगी। इसके तहत क्षेत्र से गुमशुदा

- डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जिले के एसपी, एसएसपी को आदेश किया है जारी

बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना और मामला दर्ज करना। क्षेत्र में संचालित विभिन्न संस्थाओं में महिलाओं और छात्रों की सुरक्षा के संबंध में जानकारी को प्राप्त करना। आम जनता को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताना। नये आपराधिक कानून और जीरो एफआईआर के बारे में जानकारी देना। आम जनता को डायल 112 के बारे में बताना। आम जनता को साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के बारे में बताना। कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए



घटनाओं की जांच पूर्ण करने और ऐसे संभावित घटनाओं की जानकारी प्राप्त करना। क्षेत्र में होने वाले अपराध, अपराधियों की सूचना, साइबर अपराध की घटना और अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करने वाली संस्था चिट-फंड की जानकारी प्राप्त करना। क्षेत्र में सामाजिक मुद्दों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना, जिससे भविष्य में विधि व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। पुलिस थाना और संबंधित कर्मी होमगार्ड व चौकीदार का नागरिकों के साथ व्यवहार और शिकायतों पर उनके रिस्पॉन्स के संबंध में जानकारी प्राप्त करना। नये कोई विशेष मामले जो उस समय संज्ञान में लाये जायेंगे। ऐसे क्षेत्र जहां मानव तस्करी की घटना घटती है, वहां पर विशेष रूप से मानव तस्करी के पीड़ित के बारे में जानकारी प्राप्त करना और मानव तस्करी में संलिप्त अपराधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना। ऐसे क्षेत्र जहां पर डायन प्रथा को लेकर अपराध होते हैं, वहां पर विशेष रूप से डायन से संबंधित अपराध के पीड़ित को आवश्यक सहायता देना और दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करना। ऐसे क्षेत्र जहां पर अफीम की खेती होती है, वहां की जानकारी प्राप्त करेंगे। ऐसे क्षेत्र जहां पर ब्राउन शुगर की खपत हो रही है, उसकी जानकारी प्राप्त करना और इसमें संलिप्त व्यक्ति की जानकारी जुटाना। ऐसे क्षेत्र (विशेष कर शहरी क्षेत्र) जहां रात में अड्डाबाजी आदि होती है, उसे चिन्हित करने का प्रयास करेंगे और जानकारी प्राप्त करेंगे कि अड्डेबाजी हो रही है तो किसके द्वारा हो रही है और उसको कैसे रोका जाये। डीएसपी या उसके ऊपर स्तर के पदाधिकारी विशेष रूप से उन शिकायतों पर भी ध्यान देंगे, जहां पर अनुसंधानकर्ता ने किसी निर्दोष व्यक्ति को फंसाने व किसी दोषी व्यक्ति को बचाने के लिए गलत अनुसंधान किया हो। ऐसे मामलों में सुनिश्चित करेंगे कि पुनः जांच हो और बाद में न्याय हो सके। संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा उपाय यथा सीसीटीवी का लगाना, नागरिक सुरक्षा समिति का गठन के लिए प्रेरित करना शामिल है।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

राज्य मनरेगा कोषांग अन्तर्गत संविदा आधारित विभिन्न पदों यथा – विशेष कार्य पदाधिकारी (अवर सचिव स्तर के पदाधिकारी), कार्यपालक अभियंता, राज्य MIS नोडल पदाधिकारी, वरीय लेखा पदाधिकारी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी एवं सहायक वन संरक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु PR No.- 276899 दिनांक 03.09.2022 एवं PR No.- 277061 दिनांक 06.09.2022 के द्वारा विज्ञापन का प्रकाशन कर दिनांक 30.09.2022 तक Offline आवेदन आमंत्रित की गई थी।

उक्त विज्ञापन में वरीय लेखा पदाधिकारी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता के पद पर नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। शेष तीन पद यथा विशेष कार्य पदाधिकारी, राज्य MIS नोडल पदाधिकारी एवं सहायक वन संरक्षक के पद पर नियुक्ति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।

रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित की जाएगी।

(अरूण कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव

PR 341795 Rural Development (24-25)_D


# छवि रंजन को लगा दोहरा झटका, नहीं मिली जमानत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन को दोहरा झटका लगा है। उनकी ओर से दाखिल जमानत याचिका और डिस्चार्ज याचिका दोनों को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने गुरुवार को खारिज कर दी है। अदालत ने दोनों याचिकाओं पर सुनवाई पश्चात 9 दिसंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में छवि रंजन की जमानत याचिका एवं चेशायर होम जमीन फर्जीवाड़े में डिस्चार्ज याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। छवि रंजन ने जमानत की गुहार लगाते हुये 21 नवंबर को याचिका दाखिल की है। इस मामले में वह 4 मई 2023 से जेल में हैं। वहीं, चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त छवि रंजन ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 19 जुलाई को आरोप मुक्त याचिका दाखिल की थी।

# प्रयागराज में लग रहे महाकुंभ 2025 के लिए राज्य सरकार ने जारी किया गाइडलाईन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** यूपी के प्रयागराज में 14 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का अयोजन किया गया है। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त प्रत्र के आलोक में झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गाइडलाइन का पालन करने का अनुरोध किया है।

**गाइडलाइन में श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश :** गाइडलाइन में श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश देते हुए

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन और यूपी सरकार के गाइडलाइन का अनुपालन करें तीर्थयात्री

एडवाजरी में कहा गया है कि महाकुंभ मेला 2025 मोबाइल एप डाउनलोड कर मेले की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें और यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति हेल्थ चेकअप करायें उसके बाद ही यात्रा करें। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड धारक अपना कार्ड साथ में रखें, ताकि आकस्मिक स्थिति में सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मुफ्त में इलाज कराया जा सके। एडवाजरी में मेला क्षेत्र में स्नान एवं दर्शन के लिए निर्देशित किया गया है कि गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें। धूम्रपान एवं नशीले पदार्थों का सेवन न करें। मच्छरों से बचाव के लिए रेपेलेंट साथ रखें। साथ ही हीटर, अलाव आदि का उपयोग टेंट के अदर न करें इससे आग लगने का खतरा हो सकता है। किसी भी आपात स्थिति में महाकुंभ हेल्पलाइन 1920, पुलिस हेल्पलाइन 112 एवं आपदा हेल्पलाइन 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**दुकान आवंटन हेतु सूचना**

नगर परिषद, लोहरदगा के नव निर्मित खादगढा (मिल्लत कॉलोनी) स्थित दुकान संख्या–04 से 19 दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति जो दुकान को किराये पर लेना चाहते है, वे नगर परिषद, लोहरदगा से आवेदन पत्र के साथ NIT की प्रति प्राप्त कर अपना आवेदन वांक्षित दस्तावेज के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी, अद्यतन होल्डिंग रसीद एवं रूपये 5,000.00 का डीमान्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय होगा। आवेदन के साथ डाक की राशि मुहरबंद लिफाफा में दिनांक– 19.12.2024 अपराह्न– 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जमा कर सकते है। समर्पित मुहरबंद लिफाफा दिनांक–21.12.2024 के अपराह्न 03:30 बजे नगर परिषद, लोहरदगा में खोला जाएगा।

नोटः– दुकान आंवटन से संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.341820 Lohardaga(24-25):D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
**पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन –835302**
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024 –215 हेतु लोहरदगा जिलान्तर्गत अवस्थित 05 कस्तूरबा गाँधी बालिका, 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में आवश्यक खाद्य/ अखाद्य सामग्री आदि के क्रय हेतु निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा (दूसरी बार) आमंत्रित किया जाता है। विद्यालयवार पैकेज निम्नवत् है :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | पैकेज का नाम |
|---|---|---|
| 1 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, भण्डरा | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 2 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, भण्डरा | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 3 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, भण्डरा | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 4 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, भण्डरा | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 5 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, भण्डरा | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 6 | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 7 | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, पेशरार | (क), (ख), (ग), (घ) |
| 8 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही, लोहरदगा | (क), (ख), (ग), (घ) |

इच्छुक निविदिदाता दिनांक 11.12.2024 से दिनांक 24.12.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे से निविदा प्रपत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी **झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा कार्यालय** से प्राप्त कर सकते है। निविदा डालने की अंतिम तिथि 24.12.2024 को 04:00 बजे अपराह्न तक होगी। निविदा से संबंधित जानकारी जिले के बेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 341818 (Lohardaga)24-25*D


# मुख्यमंत्री के आदेश पर कार्रवाई : श्रमिकों का वेतन रोकने और जालसाजी कर कैमरून भेजने वाले नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद मध्य अफ्रीकी देश कैमरुन में फंसे झारखंड के 47 श्रमिकों का वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने नियोजक और मिडिलमैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए श्रमायुक्त को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के आदेश पर श्रमायुक्त ने नियोजकों और मिडिलमैन के खिलाफ हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि श्रमिकों को अन्तर्राज्यीय प्रवासी श्रमिक (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 के तहत



प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराये बगैर लाइसेंस प्राप्त किया गया। इससे साफ है कि धोखाबाजी और जालसाजी कर गैरकानूनी तरीके से श्रमिकों को मध्य अफ्रीका स्थित कैमरून भेजा गया है।

**क्या है मामला**

दरअसल, मुख्यमंत्री को पिछले दिनों जानकारी मिली थी कि झारखंड के श्रमिक मेसर्स ट्रांसरैल लाइटिंग, कैमरून, सेंट्रल अफ्रीका में कार्यरत हैं। इन सभी श्रमिकों का तीन माह का वेतन लंबित है और वे भारत वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था।

**वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू**

मुख्यमंत्री के आदेश पर श्रमायुक्त के दिशा निर्देश में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि श्रमिकों को 100 डॉलर प्रति माह का भुगतान किया गया है और बाकी बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर किया जाएगा। श्रमायुक्त के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कंपनी को अनुबंध की प्रति, वेतन भुगतान की जानकारी और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

वहीं श्रम विभाग ने पीओइ रांची और अन्य संबंधित विभागों को पत्र भेजा है और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। कंपनी ने मामले के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया है, जिसके अनुसार उप-कॉन्ट्रैक्टर से बातचीत कर श्रमिकों के बकाया वेतन भुगतान का समाधान किया जाएगा।

**सुरक्षित वतन वापसी की कोशिश जारी**

भारत सरकार के उच्चायोग और विदेश मंत्रालय ने सूचित किया है कि मेसर्स-ट्रांसरैल श्रमिकों के साथ बातचीत कर रही है। इन फंसे हुए श्रमिकों की सुरक्षित वापसी, उनके लंबित भुगतान और दस्तावेजों का समाधान करेगी। कंट्रोल रूम की टीम लगातार ईमेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों और श्रमिकों से संपर्क कर सुरक्षित वापसी के प्रयासों में लगी है। अगर ठेकेदार वेतन भुगतान करने में असफल होंगे तो उनके साथ समझौता रद्द किया जाएगा।

# सरयू राय की याचिका पर जेपीसीबी व पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को एनजीटी का निर्देश

## सोनारी के कचरा डंप में आग का मुद्दा गरमाया

- आग तुरंत बुझायें, एटीआर दें व व्यक्तिगत शपथ पत्र दायर करें
- अगली सुनवाई अब 8 जनवरी 2025 को होगी





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/जमशेदपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव और पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को निर्देश दिया है कि सोनारी के कचरा डंप में लगी आग को तुरंत बुझाने, इससे हो रही प्रदूषण को अविलंब नियंत्रित करने तथा इस बारे में एक व्यक्तिगत शपथ पत्र दायर करें और याचिका में लगाये गये आरोपों के संबंध में एटीआर (एक्शन टेकन रिपोर्ट) 8 जनवरी, 2025 के पूर्व दायर करे। यह मामला सुनवाई के लिए एनजीटी की अदालत (कोलकाता बेंच) में 8 जनवरी, 2025 को सूचीबद्ध किया गया है। इस मामले की सुनवाई अमित स्थालकर और डॉ अरूण वर्मा की पीठ में होगी। यह आदेश 11 दिसम्बर, 2024 को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की याचिका संख्या-46/2024 पर सुनवाई के दौरान दिया गया। विधायक सरयू राय ने मूल याचिका संख्या-05/२३, जो सोनारी के के.एस. उपाध्याय द्वारा एनजीटी में दायर की गई थी, अंतिम आदेश दिनांक 05.04.2023 को पारित हुआ था। इस आदेश के साथ ही एनजीटी ने इस मूल याचिका का निस्तारण कर दिया था। विधायक सरयू राय ने एनजीटी में दायर याचिका में कहा कि के.एस. उपाध्याय की याचिका को निष्पादित करते हुए जो आदेश एनजीटी ने दिनांक 05.04.23 को पारित किया था, उसका क्रियान्वयन झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और पूवी सिंहभूम के उपायुक्त ने नहीं किया है।

# जैट रजिस्ट्रेशन में बना रिकॉर्ड, कुल 1,42,235 उम्मीदवारों ने किया आवेदन

- 20 दिसंबर से डाउनलोड होगा एडमिट कार्ड, पांच को होगी परीक्षा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ समेत देश के 250 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए होने वाले जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (जैट) की परीक्षा पांच जनवरी 2025 को होगी। परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी। जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (जैट) 2025 में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इस वर्ष कुल 1,42,235 उम्मीदवारों ने जैट की परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन किया है। एक्सएलआरआइ को ओर से बताया गया कि यह ना सिर्फ एक बड़ी उपलब्धि है बल्कि यह भारत के फ्यूचर लीडर में मैनेजमेंट के कोर्स के प्रति बढ़ी लोकप्रियता को भी दर्शाती है।

जैट पिछले कई दशकों से भारत के शीर्ष बिजनेस स्कूलों में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए एक विश्वसनीय प्रवेश द्वार रहा है। इन स्कूलों के पासआउट स्टूडेंट आज वैश्विक स्तर पर कई बड़ी कंपनियों व प्रमुख संगठनों में प्रभावशाली भूमिकाएं निभा रहे हैं। परीक्षा की उत्कृष्टता और प्रतिष्ठा ने विभिन्न शैक्षणिक और पेशेवर पृष्ठभूमियों से आने वाले प्रतिभागियों को आकर्षित किया है।

जैट की विशेषता इसका समावेशी और अनोखा प्रारूप है। पूरे देश में एक ही समय पर आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा सभी उम्मीदवारों को समान अवसर प्रदान करती है। जैट के संयोजक प्रोफेसर राहुल शुक्ला ने कहा, जैट हमेशा समावेशिता और विविधता का प्रतीक रहा है, और इस वर्ष के रिकॉर्ड पंजीकरण हमारी इन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उम्मीदवारों के पॉजिटिव फीडबैक हमारे इस विश्वास को मजबूत करती है कि हम मैनेजमेंट एडुकेशन में ट्रांसफर्मेटिव पावर हैं।

मालूम हो कि जैट में आवेदन की अंतिम तिथि पूर्व में 30 नवंबर तय की गयी थी। जिसे बढ़ा कर 10 दिसंबर तक की गयी। इससे भारत के सबसे प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान में आवेदन करने करने के लिए अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय मिला। जैट 5 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाला है, एडमिट कार्ड 20 दिसंबर को जारी किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### हाइवा ने हाइड्रा को मारी टक्कर, एक घंटे जाम

**गम्हरिया।** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया उषा मोड़ के समीप बोल्डर लदा हाइवा द्वारा पीछे से हाइड्रा में जोरदार टक्कर मार दी गई। हालांकि इस दुर्घटना में दोनों वाहन चालक बाल बाल बच गये। किन्तु बीच सड़क पर दुर्घटना होने के कारण मुख्यमार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। दुर्घटना के बाद करीब आधा किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

### भारी वाहनों को किया गया पुनर्निर्देशित

**जमशेदपुर।** बुधवार की शाम टाटा स्टील ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ट्यूब्स डिवीजन राउंडअबाउट, एचएसएम फ्लाईओवर और बर्माामाइंस राउंडअबाउट के पास भारी वाहनों की पार्किंग के कारण यातायात और भीड़भाड़ से संबंधित चिंताओं को हम गंभीरता से समझते हैं। संबंधित क्षेत्र में यातायात को सुचारु ढंग से चलाने हेतु भारी वाहनों को पुनर्निर्देशित करने सहित तत्काल उपाय लागू किये गये हैं।

### 17 को तुपुदांग स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन यूसील के नरवापहाड़ प्रोजेक्ट के माध्यम से तुपुदांग स्कूल में 17 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में सामान्य रोग चिकित्सक के साथ विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

### वार्षिक खेल दिवस में ब्लू हाउस बना चैंपियन


**जमशेदपुर।** आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम् मध्य विद्यालय, बिष्टुपुर में गुरुवार को वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। इसमें बेस्ट मार्च पास्ट और बेस्ट ड्रिल का अवार्ड ब्लू हाउस ने जीता। वही ग्रीन हाउस रनर रहा। खेल में विजेता खिलाड़ियों एवं वार्षिक अकादमी सत्र 2023 -24 के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सूरज भदानी, मंदिर के ट्रस्टी आर रवि प्रसाद , प्रदीप नायडू, मंदिर के अध्यक्ष वी डी गोपाल कृष्णा, महासचिव एस वी दुर्गा शर्मा, उपाध्यक्ष के गंगा मोहन, संयुक्त सचिव एम चंद्रशेखर राव, कोषाध्यक्ष पी बिजय कुमार, विद्यालय के अध्यक्ष वाई श्रीनिवास, सचिव नारायण नायडू, राजशेखर, अरविंद मूर्ति, टी अंजी राव भी मौजूद रहे।

### जुगसलाई की समस्या पर सिंहभूम चैंबर मुखर

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जुगसलाई की समस्याओं को लेकर मुखर होते हुये जिला के उपायुक्त अनन्य मित्तल का ध्यानाकृष्ट कराते हुये, इसके जल्द से जल्द निराकरण का आग्रह किया है। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि जुगसलाई एक बहुआबादी वाला क्षेत्र है तथा जमशेदपुर शहर का एक प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र भी है। लेकिन यहां व्याप्त कई समस्याओं से जुगसलाई आने वाले लोगों को भी जूझना पड़ता है।

# टाटा स्टील ने पेश किया अपना नया कॉर्पोरेट पॉडकास्ट फायर्डअप

- फायर्डअप में होंगी उद्योग जगत के अग्रणियों, दूरदर्शी विचारकों और पथप्रदर्शकों की प्रेरक कहानियां और बातचीत शामिल
- जिनके भीतर भविष्य गढ़ने का जुनून और जज्बा है




Fired UP by TATA STEEL

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अपना कॉर्पोरेट पॉडकास्ट 'फायर्डअप' लॉन्च किया है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग जगत के अग्रणी, दूरदर्शी विचारक और पथप्रदर्शक शामिल होंगे, जो जनहित में प्रेरणादायक और रोचक संवाद प्रस्तुत करेंगे। टाटा स्टील की इस अनूठी पहल, फायर्डअप की शुरुआत कंपनी के चीफ इन्फोर्मेशन ऑफिसर (सीआईओ) जयंत बनर्जी के साथ हुई, जो पहले अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने 'ट्रांसफॉर्मिंग टुमॉरोः द डिजिटल वे' विषय पर अपने विचार साझा किए। टाटा स्टील के सीआईओ के रूप में, जयंत बनर्जी आईटी, डिजिटल, और इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन के क्षेत्र में इंडस्ट्री 4.0/5.0 ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्व कर रहे हैं, ताकि व्यवसाय में वास्तविक मूल्य सृजन किया जा सके।

फायर्डअप के पहले संस्करण की मेजबानी गौरव मंडलेचा ने की। बिट्स पिलानी के पूर्व छात्र गौरव, भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के एक उभरते हुए योगदानकर्ता हैं। वे इंजीनियरिंग और अर्थशास्त्र में अपने ज्ञान को उद्यमशीलता की सोच के साथ जोड़ते हैं।

पॉडकास्ट फायर्डअप का नाम स्टील मेकिंग प्रक्रिया से प्रेरित है, और यह उन भविष्य के अतिथियों को दर्शाता है जो ऊर्जा, जुनून और दृढ़ संकल्प से भरपूर हैं, और अपने-अपने क्षेत्रों में नवाचार और नेतृत्व की मिसाल पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।₹ जबकि फायर्डअप के पहले एपिसोड्स में टाटा स्टील के पारिस्थितिकी तंत्र के अग्रणी लीडर्स के साथ प्रेरक संवाद होंगे, भविष्य में ये सभी क्षेत्रों से जुड़े पेशेवरों और प्रभावशाली व्यक्तित्वों के विचारों और दृष्टिकोणों को भी प्रस्तुत करेगा।

चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा कि आज पॉडकास्ट केवल गंभीर और दिलचस्प वातार्लापों का एक प्रभावशाली और आकर्षक माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि यह उन दर्शकों तक भी पहुंचने की क्षमता रखते हैं जो पारंपरिक मीडिया प्लेटफॉर्म्स का कम उपयोग करते हैं। फायर्डअप का उद्देश्य संवाद-आधारित कंटेंट के माध्यम से स्टील उद्योग के भीतर और बाहर की पहलुओं को उजागर करना है, जिससे यह ऐसा स्रोत बने, जो जानकारी, ज्ञान और प्रेरणा का खजाना हो और व्यापक दर्शकों के लिए लाभकारी साबित हो। हम फायर्डअप पॉडकास्ट श्रृंखला के साथ इस नए सफर की शुरूआत करने के लिए उत्साहित हैं और हमें विश्वास है कि हम शानदार अतिथियों को लाकर हर एपिसोड को हमारे दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव बना पाएंगे। फायर्डअप टाटा स्टील के यूट्यूब चैनल, स्पॉटिफाई, कंपनी की वेबसाइट, और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध है।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस गुंजन किडनी केयर का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**आदित्यपुर।** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग स्थित उत्कल ऑटोमोबाइल के समीप गुंजन किडनी केयर का पारंपरिक पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के साथ शुभारंभ हुआ। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गुंजन किडनी केयर में एसुलेटेड डायलिसिस, नेफ्रोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट और मेडिसिन विशेषज्ञों की सेवाएँ किफायती दर पर उपलब्ध कराई जाएंगी। अस्पताल के प्रोपराइटर डॉ जेएन दास ने बताया कि यह केंद्र विशेष रूप से निम्न और अल्प वेतनभोगी वर्ग को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्डधारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी आरंभ की जा रही है, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोग भी लाभान्वित हो सकें। शुभारंभ कार्यक्रम में आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के पूर्व अध्यक्ष संतोष खेतान, डॉ सुषमा बारला, डॉ जयदेव नंदी भी थे।

## जिला के 50 किसानों को एक्सपोजर विजिट के लिए भेजा गया ग्रेटर नोएडा

### राष्ट्रीय बगवानी मिशन

- जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक आईटीडीए ने समाहरणालय से किसानों के बस को हरी झंडी दिखाकर रेलवे स्टेशन के लिए किया रवाना



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जिला उद्यान कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम के तत्वावधान में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत 50 किसानों को इंस्टीट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा के लिए 5 दिनों के एक्सपोजर विजिट हेतु रवाना किया गया। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी द्वारा समाहरणालय से बस को हरी झंडी दिखाकर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया जहां से सभी किसान रेल मार्ग से नोएडा जायेंगे। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी अनिमा लकड़ा, जिला कृषि पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

नोएडा स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर में किसानों को उन्नत खेती व अन्य तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के लिए विभिन्न स्थलों का भ्रमण करवाया जायेगा।

## उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक

- वरीय पुलिस अधीक्षक, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, एडीसी एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारी हुए शामिल
- सड़क दुर्घटनां, ब्लैक स्पॉट पर अपेक्षित कार्रवाई, राजस्व संग्रहण, यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई आदि की समीक्षा कर दिये दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा की बैठक हुई। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एडीसी भगीरथ प्रसाद, डीटीओ धनंजय, एमवीआई सूरज हेम्ब्रम, तीनों नगर निकाय के सहायक नगर आयुक्त, शिक्षा विभाग, एनएचएआई, ट्रैफिक डीएसपी समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर बैठक में चर्चा हुई।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने एनएचएआई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नेशनल हाईवे में बने सभी पुल का फिटनेस जांच कर एक महीने के भीतर रिपोर्ट समर्पित करेंगे। हाईवे में जगह-जगह पर मेडिकल एसिसटेंस संबंधी हेल्पलाइन नंबर डिस्पले किए जाने, साइनेज, स्पीड लिमिट का बोर्ड जगह-जगह लगाने के निर्देश दिये।

## सीएम हेमंत सोरेन को जिप सदस्य ओमप्रकाश ने दी जीत की बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**चांडिल।** गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो के साथ चांडिल के पूर्व जिला पार्षद सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक ने अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट कर जीत की बधाई दी। ओमप्रकाश लायेक ने बताया कि इस दौरान ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी कार्य किया जायेगा। विधानसभा चुनाव में सविता महतो को जीत दिलाने में ओमप्रकाश लायेक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, शंकर लायेक, आशीष मंडल, बादल महतो उपस्थित थे।

## टाटा कंपनी जमशेदपुर का लीज पुनः नवीनीकरण विस्तारीकरण पर लगे रोक

- भारत आदिवासी पार्टी पूर्वी सिंहभूम ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भारत आदिवासी पार्टी पूर्वी सिंहभूम, जिला कमेटी की ओर से आगामी 31 दिसंबर 2024 को टाटा कंपनी जमशेदपुर का लीज समाप्त होने पर पुनः लीज नवीनीकरण पर विस्तारीकरण की रोक लगाने के संबंध में एक ज्ञापन झारखंड के राज्यपाल को उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन के नेतृत्व में सौंपा गया। मौके पर मदन मोहन ने कहा कि टाटा कंपनी 115 साल गुजरने के बाद भी पूर्वी सिंहभूम के आदिवासियों, मूलवासियों को आर्थिक, शैक्षणिक एवं समाजिक रूप से सशक्त बनाने में असफल रहा है। कंपनी में आदिवासियों को कभी हिस्सेदार बनाने का प्रयास नहीं किया गया बल्कि नौकरी से भी आदिवासियों को जबरन साजिश के तहत इएसएस देकर कम्पनी से निकल दिया गया। आदिवासियों को साजिश के तहत पलायन होने के लिए मजबूर कर उनकी जनसंख्या को प्रभावित कर जमशेदपुर में अल्पसंख्यक बना दिया गया। टाटा कंपनी ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 (5),19(6) का उल्लंघन कर सिंहभूम जिला की डेमोग्राफी को बदलने का काम किया है। टाटा लीज कर 32 मौजा के आदिवासियों को विस्थापित किया गया और उन्हें पुनर्वास एवं पुनर्व्यास्थापन करने के लिए कभी भी टाटा प्रबंधन के द्वारा गंभीर प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील कंपनी जमशेदपुर का लीज करारनामा 31 दिसंबर 2024 को समाप्त होने के बाद उसे पुनः लीज नवीनीकरण में विस्तारीकरण ना दिया जाए। ताकि सर्वोच्च न्यायालय के समता जजमेंट 1997 और पांचवी अनुसूची के प्रावधानों व सी एन टी एक्ट का मूल भावनाओं का पूर्ण रूप से लागू किया जा सके एवं पैदा हो रहे संवैधानिक संकट को टाला जा सके। भारत आदिवासी पार्टी के झारखंड प्रदेश महासचिव कृष्णा हांसदा ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। फिर भी पांचवी अनुसूची के प्रावधानों का उल्लंघन कर 2007 में टाटा स्टील को 30 बर्षों के लिए जनवरी 2006 से 31 दिसंबर 2024 तक अवैध और असंवैधानिक तरीकों से टाटा लीज नवीनीकरण किया गया।

## एक नजर में

### जमशेदपुर क्षेत्र की 66वीं शाखा का शुभारंभ



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर क्षेत्र की 66वीं बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा केंदुआडीह का उद्घाटन महाप्रबंधक, जेएस महापात्रा, पीबी एरिया, बीसीसीएल के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। बैंक ऑफ बड़ौदा की केंदुआडीह शाखा स्थानीय ग्राहकों को हर प्रकार की सुविधाओं एवं सेवाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गयी है। बैंक ऑफ बड़ौदा की धनबाद जिला की यह 10वीं शाखा है। बैंक द्वारा अरमान आलम अंसारी को शाखा प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया है। इसमें जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, रविन्द्र कुमार अन्य कार्यपालकगण तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### 10 महीने से मांगों को लेकर धरना पर कान्वाई चालक



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स कान्वाई चालकों का धरना लगातार 10 महीनो से जारी है। दिसंबर कड़ाके की ठंड में भी कान्वाई चालक संगठन के कार्यकर्ता अपने अधिकारों की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। कान्वाई चालको का आंदोलन 1 मार्च 2024 से ही चलाया जा रहा है। मजदूर प्रतिनिधि ज्ञान सागर प्रसाद ने बताया की लगातार जारी धरना जमशेदपुर के मजदूर संगठनो, ड्राइवर संगठन को चलाने वाले लोगों के लिए आने वाले वक्त प्रेरणा का विषय बनेगा। मानगो पर जिला प्रशासन, टाटा मोटर्स प्रबंधन व झारखंड सरकार संज्ञान ले। गुरुवार को धरने पर मुख्य रूप से भगवान सिंह, उमेश प्रसाद, जसपाल सिंह, त्रिलोकी चौधरी, जुगल प्रसाद, त्रिलोचन सिंह, श्याम बिहारी सिंह, अंगद ओझा, हरिशंकर प्रसाद संतोष कुमार, वीरेंद्र पाठक, अनुज कुमार, विवेक कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, एन रामचंद्र राव ज्ञान सागर प्रसाद के साथ उपस्थित रहे।

### कमलपुर डकैतीकांड का खुलासा, सात धराये



**जमशेदपुर।** कमलपुर में 8 दिसंबर को हुई डकैतीकांड का खुलासा पुलिस की ओर से कर दिया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने गुरुवार को पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि घटना के संबंध में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त सामान को भी जब्त कर लिया गया है। बरामद समान को तमाड़ के रांगामाटी गांव से बरामद किया गया है। पूरे मामले में कंपनी के कर्मचारियों का भी हाथ रहा ह। गिरफ्तार आरोपियों में सरायकेला-खरसावां जिले के लेंगाडीह का सनातन तांती उर्फ सोनू, रांची तमाड़ के बुरुडीह का संदीप कुमार, तमाड़ चिपी बांधडीह का प्रकाश महतो उर्फ राम प्रवेश, खुंटी जन्मडीह का गांगु मुंडा उर्फ गुंगा मुंडा, तमाड़ बुरुडीह का अशोक महतो, खुंटी अड़की का सुराम मुंडा, तमाड़ खेरूआडीह का उमेश महतो शामिल है। बरामद सामान में नकद 1.20 लाख रुपये, एक पिस्टल, लूट की मोबाइल, एक कार आदि शामिल है। छापेमारी टीम में पटमदा डीएसपी बच्चनदेव कुजूर, कमलपुर थानेदार दीपक ठाकुर, एसआई पुरूषोत्तम कुमार राय, हवलदार बिरेंद्र राम, आरक्षी बिरेंद्र उरांव, शंबू यादव, पार्थ महतो थे।

### स्वदेशी जागरण मंच ने किया 72 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच, जमशेदपुर महानगर के द्वारा स्वदेशी वस्तुओं के रक्षा एवं विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार हेतु अपने प्राणों का बलिदान करने वाले वीर बाबू गेनू के सम्मान में गुरुवार को जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंच के सदस्यों ने बाबू गेनू की प्रतिमा में माल्यार्पण कर ब्लड बैंक में अपना रक्त का दान किया। कार्यक्रम में 103 लोगों ने रक्तदान करने हेतु हीमोग्लोबिन जांच करवाया, जिसमे से 72 जनों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। रक्तदाताओं में 2 महिला कार्यकर्ता भी शामिल रही। मौके पर मंच के अखिल भारतीय सह संघर्ष वाहिनी प्रमुख बंदे शंकर सिंह, खाड़ी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज सिंह, जे के एम राजू, अमित मिश्रा, पंकज सिंह, राजपति देवी, राजा राम, मुकेश ठाकुर, विकास साहिनी, गुरजीत सिंह, अभिषेक बजाज, संजीत सिंह, संजय कुमार, मुकेश भदानी, सुनील गुप्ता, मंजू ठाकुर, जयंत श्रीवास्तव, कंचन सिंह, सुजाता, वंदना, शारदा, मुन्ना कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, रवि शंकर मिश्रा, सुमित कुमार थे।

### सीएम के बीमार मामा गुरुचरण की स्थिति सुधरी



**गम्हरिया।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के जिलाध्यक्ष फुलकांत झा एवं राजद के प्रदेश महासचिव देव प्रकाश देवता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्कू से चांडिल स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्री किस्कू के स्वास्थ्य को लेकर कुशलक्षेम जाना। विदित हो कि गुरुचरण किस्कू विगत कई दिनों से बीमार चल रहे हैं। बताया गया है कि अभी उनके स्थिति में सुधार हो रहा है। मौके पर कई अन्य सदस्य भी थे।

### प्रदूषण से गांवों के खेत हो रहे बंजर

**गम्हरिया।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र अन्तर्गत जीएम आयरन एण्ड स्टील कम्पनी समेत अन्य कंपनियों से निकलने वाले धुओं से पूरा वातारण प्रदूषित हो रहा है एवं आस-पास के बाँधडीह, बोनडीह, बरगेडीह, पार्वतीपुर, राहरगोड़ा, मिरूडीह आदि गावों के ग्रामीण इससे प्रभावित हो रहे है। इससे आए दिन लोग बीमार पड़ रहे हैं और गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### ईस्ट हो या वेस्ट आवर कॉलेज इज बेस्ट...



**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज चियांकी की छात्राएं नव वर्ष से पहले सुगा बांध कॉलेज की ओर से पिकनिक मनाने गयी। जहां छात्राओं ने पलामू के खूबसूरत मनोरम स्थल का लुत्फ उठाया। छात्राओं ने कहा कि हमारा कॉलेज जहां शिक्षा की गुणवत्ता में ध्यान देता है वहीं खेलकूद, पिकनिक एवं समय-समय पर टूर की व्यवस्था कर कई भौतिक एवं सांसारिक चीजों को सीखने, देखने एवं समझने का मौका भी देता है। प्रिंसिपल डॉ अनुपमा गुप्ता ने लातेहार स्थित इस बांध की खूबसूरती एवं स्थानीय लोगों से छात्राओं को मिलाकर यहां के कल्चर के बारे में बताया। छात्राओं ने खुशी से झूमते हुए कहा कि ईस्ट हो या वेस्ट आवर कॉलेज इज बेस्ट।

### वित्त मंत्री किशोर को दी गयी बधाई

**सतबरवा पलामू।** गणेश लाल कॉलेज मेदिनीनगर सेवानिवृत्त शिक्षक संघ ने झारखंड सरकार के कबीना मंत्री राधाकृष्ण किशोर को वित्त, राजस्व एवं संसदीय कार्य मंत्री बनने पर बधाई संदेश दिया है। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि मंत्री राधाकृष्ण किशोर से पलामू प्रमंडल एवं विशेषत: गणेश लाल कॉलेज अधिक आशान्वित है। बधाई संदेश देने वालों में संघ के अध्यक्ष एम पी विश्वकर्मा, सचिव कृपाल तिवारी, सह सचिव एन एन तिवारी का नाम शामिल है।

### कोयला लदा ट्रक जब्त, दो गये जेल



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पुलिस ने ईटहे से अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया। लेस्लीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त ट्रक चालक छोटेलाल उरांव पिता नागेश्वर उरांव (28) एवं उपचालक निरंजन भगत पिता राजेंद्र भगत (19) दोनों ग्राम हूंभू टोला बरहमोरिया थाना हेरहंज जिला लातेहार को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया।

### जब कन्हैया ने मुंह खोला तो यशोदा मैया को दिखने लगी सृष्टि : स्तुति दीदी



**मेदिनीनगर।** रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी में आयोजित श्रीमदभगवद कथा के 17 वां अधिवेशन के पांचवें दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारी अंतराष्ट्रीय कथा व्यास स्तुति दीदी ने श्रद्धालुओ को कथा का रसापान कराया। जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। स्तुति दीदी ने कहा- गोपबालकों ने जाकर यशोदा माता से शिकायत कर दी मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। अच्छा खोल मुख। माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर संपूर्ण जगत विद्यमान है। मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष अजय तिवारी, संरक्षक विजय तिवारी, मीडिया प्रभारी नितेश तिवारी, रूपेश तिवारी, लालन तिवारी, सुनील तिवारी, अखिलेश तिवारी, शशि तिवारी व कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### रेलवे स्टेशन के पास से दो युवक धराये



**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से करीब 1.966 किलो गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन ने कहा कि एसपी रीष्मा रमेसन को गुप्त सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के सामने दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से गांजा की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। जिसपर कार्रवाई हुई। युवकों का नाम आशीष शर्मा पिता बिरबल शर्मा थाना कुंदा व टिकेश्वर महतो पिता ललकू महतो ग्राम पोकला थाना टंडवा दोनों चतरा जिला निवासी बताया।

### प्रखंड कार्यालय सहायक को दी विदाई



**हरिहरगंज (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत सहायक अलीम अंसारी के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गयी। सीओ मनीष सिन्हा की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में आयोजित समारोह में फूल माला, शाल, छाता, छड़ी व उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। सीओ ने कहा कि सरकारी कर्मियों को जिस दिन सरकारी सेवा के लिए पदभार मिलता है उसी दिन सेवानिवृत्ति तय हो जाती है। समारोह में प्रखंड को-आर्डिनेटर प्रणव कुमार, प्रधान सहायक सरजू बैगा, उर्मिला कुमारी, रंजन मनोज, राहुल कुमार, पारसनाथ राम, शिवम कुमार, आफताब आलम थे।

### छात्रा से मांगी घूस, सीडीपीओ से शिकायत



**चैनपुर (पलामू)।** सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के एवज में आंगनबाड़ी सेविका ने फॉर्म जमा करने के एवज में प्रखंड के झरिवा पंचायत की मोनिका शर्मा पिता जितेंद्र शर्मा से घूस मांगी गयी। उसने लिखित आवेदन बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रदीप दास को दिया है। कहा कि सेविका आशा देवी पति चंद्रेश शर्मा के पास फॉर्म जमा दिये थे। उसने पैसे मांगी थी। नहीं देने पर फॉर्म ऑनलाइन भी नहीं किया गया। बीडीओ ने बताया कि जांच कर योजना का लाभ मिलेगा।

### बीएड कॉलेज में मना भाषा उत्सव दिवस



**विश्रामपुर (पलामू)।** नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विवि द्वारा संचालित बी एड कॉलेज में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार भारतीय भाषा उत्सव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ नगेंद्र राम ने की। मौके पर प्राचार्य डॉ राम ने कहा कि अपनी राष्ट्र भाषा हिंदी पर हमें गर्व होनी चाहिए। भाषा हमारी संस्कृति और विरासत को जिंदा रखने में अहम भूमिका निभाती है। मौके पर शिक्षक रोहित तिवारी, महबूब आलम, डॉ सुभाष कुमार, डॉ वंदना सिंह, कुसुम देवी, शशिकला देवी, शशि रेशमा कुजूर, सुरेंद्र कुमार पांडेय सहित कई छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।

# इस कनकनाती ठंड में अलाव ही है गरीबों का सहारा : अरुणा शंकर

- पद के बाद भी नगर माता का दायित्व निभा रही हूं
- नगर निगम अलाव एवं कंबल की व्यवस्था जल्द करे





**खास बातें :** मेदिनीनगर निगम को पूर्व की भांति अलाव की व्यवस्था हर चौक चौराहे में अब तक शुरू कर देनी चाहिए थी क्योंकि अलाव ही ठंड में गरीबों का सहारा होता है। साथ ही सरकार द्वारा मिलने वाले कंबल समय रहते निगम को जरूरतमंद के बीच वितरित कर देनी चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा कि आज से रेडमा, बेरिया, बारालोटा एवं कई और जगह भी मैं अलाव की व्यवस्था तब तक कराऊंगी जब तक निगम अलाव की व्यवस्था शुरू नहीं करता है। इस बीच सभी जगह पर रात्रि में घूम-घूम कर प्रथम महापौर ने चौक चौराहे पर अलाव तापने वाले राहगिरो एवं मोहल्ला के लोगों से हाल-चाल भी लिये। जिसकी सबों ने काफी सराहना की। लोगों ने कहा चुनाव से पहले लोग चर्चा करते थे मैडम इतने बड़े घर से हैं जिनसे कोई मिल भी नहीं सकता और आज बिल्कुल उसका उल्टा पद पर रहते भी, पद के बाद भी जहां बिंदास लोग महापौर आवास में उनसे मिलते है। वही एक महिला होते हुए रात को भी 10 बजे पूरे शहर में घूम-घूम कर अपने खर्चे से अलाव जलवा कर सबों का कुशल मंगल पूछ रही है जो काफी सराहनीय है। प्रथम महापौर ने कहा कि जब शहरवासियों ने मुझे एक बार नगर माता का सम्मान दे दिया तो मेरा भी कर्तव्य होता एक मां की तरह नगर के हर दुख सुख को देखूं और इसमें मुझे खुशी मिलती है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कड़ाके की ठंड में राहगीरों के राहत के लिए निजी खर्च से चैनपुर, शाहपुर, स्टेशन रोड, अस्पताल चौक, सरकारी बस स्टैंड, मुख्य बाजार, सादिक चौक पर अलाव की व्यवस्था करायी एवं कई लोगों के बीच कंबल वितरण किया। रात्रि 10 बजे शहर का भ्रमण करते हुए प्रथम महापौर ने कहा कि ठंड काफी बढ़ गया है।

# बालू की कमी को लेकर धरना पर बैठे पांकी विधायक, सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग

शिवशंकर पासवान




**पांकी पलामू।** झारखंड विधानसभा सत्र के चौथे और अंतिम दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सीजीएल परीक्षा रद्द करने और राज्य में बालू की कमी का मुद्दा छाया रहा। बालू की कमी और चल रही कालाबाजारी के विरोध में पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता विधानसभा परिसर में धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे शशि भूषण मेहता ने पलामू में एक सप्ताह के अंदर बालू की कीमत में अप्रत्याशित वृद्धि पर चिंता जताई और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की। वहीं भाजपा के विधायक अमित यादव ने सीजीएल अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज का विरोध करते हुए सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। भाजपा विधायक राज सिन्हा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से राज्यपाल के अभिभाषण के जरिए सरकार ने लंबी-चौड़ी बातें कीं, लेकिन उसमें रोजगार और बालू जैसी बुनियादी चीजों पर कोई चर्चा नहीं होना बेहद दुखद बात है। सदन में हम बालू पर सरकार को आईना दिखायेंगे। युवाओं को रोजगार देने के बदले लाठियां मिल रही हैं।

सांसद ने लोकसभा में उठाया गढ़वा में सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना पूर्ण कराने का मामला

# परियोजना से सिंचित होगी 22 हजार हेक्टेयर भूमि : बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा जिला में सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना के कार्य को पूर्ण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद श्री राम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2017 में 1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना का स्वीकृति प्रदान की गयी थी।

राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलम्ब से वर्ष 2019 में एलएनटी कंपनी के द्वारा शुरू किया गया एवं मार्च 2022 तक कार्य को पूर्ण करना था जो समय पर नहीं हो पाने के कारण उक्त कंपनी को कार्य का विस्तार करते हुए 30 जून 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया था। परंतु उक्त कंपनी के द्वारा अभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है तथा अभी भी कार्य अपूर्ण है जिसके कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है।



बिष्णुदयाल राम, पलामू सांसद।

कहा कि उक्त सिंचाई परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी एवं गढ़वा जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाया जायेगा। उक्त परियोजना के निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने की आवष्यकता है। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से मॉग करता हूॅ कि सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को अविलंब पूर्ण कराने की कृपा की जाय। उक्त जानकारी सांसद श्री राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# सर्व सनातन धर्म ने निकाली आक्रोश रैली

- बांग्लादेश में हिंदुओं व सभी अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार पर जपला में प्रदर्शन
- राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन, हिन्दू हितों की रक्षा की लगायी गयी गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** बांग्लादेश में हिंदुओं व अल्पसंख्यक समाज पर हो रहे बर्बरता एवं अत्याचार के खिलाफ गुरुवार को सर्व सनातन धर्म के बैनर तले एक विशाल जन आक्रोश रैली निकाली गयी। आक्रोश रैली में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, विहंगम योग, सद्गुरु सदाफल देव, गायत्री परिवार सहित कई हिंदू संगठनों ने शहर के महावीर जी भवन से एक रैली निकाली जिसमें बंगला देश में हिंदुओ पर अत्याचार बंद करो, मानवाधिकार चुप्पी तोड़ो, यूनुस सरकार होश में आओ, हिंदू बेटी बहनों को जबरन धर्मांतरण कराना बन्द करो आदि नारा लिखा हुआ काफी संख्या में अपने हाथों तख्तियां लिए हुए थे।




बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

**खास बातें :** शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण कर लोगो ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार से कार्रवाई करने एवं मानवता की रक्षा की भी अपील की गयी। यह रैली शहर के विभिन्न मार्ग होते हुसैनाबाद छठ पोखरा घाट पहुंच सभा में तब्दील हो गयी। विभिन्न लोगों ने सभा को संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता बीएल शर्मा एवं संचालन राकेश कुमार तिवारी ने किया। मौके डॉ समरेश यादव, आर एस एस के दिनेश कश्यप, विश्व हिंदू परिषद के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केसरी, राकेश तिवारी कुश जी पाण्डेय, जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि बांग्लादेश में खुलेआम हिंदुओं के अस्मत, धार्मिक स्थल, घर व दुकानों पर हमले हो रहे हैं। उपद्रवी सड़कों पर निकलकर राह चलते हिंदू, सिक्ख, इसाई पर जानलेवा हमले कर रहे हैं। इस कारण बांग्लादेशी सनातनी आशा भरी निगाह से भारत की ओर देख रहे हैं। लोकनाथ केसरी ने कहा कि पूरे विश्व में गद्दारी की मिसाल बांग्लादेश है। जिस बांग्लादेश को बनाने में भारत के हजारों सैनिकों ने बलिदान दिया। भारत की जनता ने घर घर से रुपया इकट्ठा कर तन मन धन से 1971 में मदद की, चांदी की थाली में सजाकर बांग्लादेश बनाकर दिया।

# डीडीसी ने की समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी के निर्देश पर डीडीसी आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा हुई। जिसमें पाया गया कि जिले में पदस्थापित 29 महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा नवंबर में मात्र 5 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया जो चिंताजनक है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें। जिन परियोजनाओं में केंद्रों का निरीक्षण संतोषजनक नहीं पाया जायेगा उनके विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।



### पोषण ट्रैकर की समीक्षा

सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि योजना के सभी मानकों का शत प्रतिशत इंट्री पोषण ट्रैकर में करना सुनिश्चित करेंगे। प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थित बच्चों का तथा केंद्र पर्यवेक्षण का फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

**पूरक पोषाहार कार्यक्रम और टीएचआर वितरण की समीक्षा :** पूरक पोषाहार कार्यक्रम की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पांकी परियोजना को छोड़कर किसी भी परियोजना द्वारा माह नवंबर तक का पोषाहार अभिश्रव उपलब्ध नहीं कराया गया है। संबंधित परियोजना पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर नवंबर तक का पोषाहार अभिश्रव उपलब्ध कराना सूचित करें। टीएचआर वितरण की समीक्षा के दौरान पाया गया कि माह नवंबर में लगभग 28% ही टीएचआर वितरण की इंट्री पोषण ट्रैकर में किया गया है साथ ही टीएचआर सामग्री वितरण का गहन अनुश्रवण करने का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया।

### आंगनबाड़ी की सेविका और सहायिका का चयन

समीक्षा में पाया गया कि सेविका का 82 तथा सहायिका का 469 पद रिक्त है। जिस पर नियमानुसार चयन हेतु संबंधित पोषक क्षेत्र के सीमांकन एवं सर्वेक्षण से संबंधित प्रतिवेदन दो दिनों में जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु सभी बल विकास परियोजना पदाधिकारी को कहा गया। चयन प्रक्रिया पारदर्शी बनाने एवं एक सप्ताह में समाचार पत्रों में इसका कार्यक्रम निर्धारित करने का आदेश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने भी समीक्षा में मिली कमियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

### उताकी का बिक्की तीन दिनों से लापता



**पाटन पलामू।** प्रखंड के उताकी निवासी विक्की सिंह पिता स्व शिवपूजन सिंह (25) तीन दिनों से लापता है। परिजनों ने बताया कि विक्की 10 दिसंबर दिन मंगलवार को सुबह दस बजे अपने घर से निकला था जो फिर वापस अपने घर नहीं लौटा है। परिजन लगातार खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन कहीं भी पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने इसकी सूचना पाटन थाना को दी है।

### मनातू के किसानों के बीच 22 क्विंटल बीज बंटा



**पांकी पलामू।** मनातू प्रखंड कार्यालय के कृषि तकनीकी सूचना केंद्र ने पंचायत चक, रंगिया, पदमा, मझौली, नौडीहा, बंसी, पंचायत गांव के किसानों को बीज टीआरएफ एवं फसल विस्तार योजना के तहत सहायक तकनीकी प्रबंधक गौतम कुमार एवं जनप्रतिनिधि ने किसानों के बीच चना, मसूर, गेहूं, मक्का, सरसों बीज बांटा। साथ में आइएनएम/ आईपीएम जिप्सम भी बांटा गया। उन्होंने सरकारी बीज का प्रयोग खेती के लिए वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग करने की बात कही।

### बिकुवा में स्ट्राबेरी की खेती बना प्रेरणादायी



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना पंचायत के बिकुवा में प्रगतिशील किसान रत्नेश कुमार 2 एकड़ में स्ट्रॉबेरी की खेती उद्यान विभाग के सहयोग एवं मार्गदर्शन से कर रहा है। जिसमें प्रखंड के सहायक तकनीकी प्रबंधक अभिमन्यु प्रसाद एवं विशेषज्ञ विवेक दुबे की भूमिका महत्वपूर्ण है जो पाटन प्रखंड एवं पलामू जिला के लिए बड़ी उपलब्धि है। साथ ही रत्नेश किसानों के लिए उदाहरण बना है।

### डॉ नरेंद्र ने दी वित्त और राजस्व मंत्री को बधाई

**मेदिनीनगर।** झारखंड रिटायर्ड यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह ने छतरपुर-पाटन के नवनियुक्त विधायक राधाकृष्ण किशोर को झारखंड के वित्त, राजस्व व संसदीय कार्य मंत्री बनाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्री किशोर से पलामू समेत झारखंडवासियों को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर सेवानिवृत शिक्षक संघ की ओर से मंत्री के रूप में शपथ्ज्ञ लेने पर श्री किशोर को बधाई प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि उक्त पद को सुशोभित करने पर श्री किशोर के प्रति पलामू प्रमंडल व जीएलए कॉलेज अधिक आशांवित है। महाविद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक अपनी चिर लंबित मांगों के त्वरित निष्पादन हेतु आपसे अकि आशान्वित है।

## नशा में वाहन चलाने वाले चालकों पर होगी कड़ी कार्रवाई: सीओ उपेंद्र कुमार

- सड़क दुर्घटना को रोकने को लेकर छतरपुर सीओ गंभीर, क्रशर और माइंस संचालकों संग की बैठक
- क्षमता से अधिक माल लोड कर और तेज वाहन नहीं चलाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने कार्यालय वेश्म में गुरुवार को अंचल क्षेत्र के अंतर्गत क्रशर एवं माइंस संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में सीओ ने निर्देश दिया कि क्रशर व माइंस संचालक यह सुनिश्चित करें कि वाहनों पर क्षमता से अधिक माल लोड नहीं करायें। संचालक वाहन चालक को निर्देश दें कि सड़क पर लोडेड हाईवा तेज गति से नहीं चलायें। कहा कि चालक नशा की हालत में वाहन नहीं चलायें। उन्होंने कहा कि नशा कर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की जायेगी। वाहन में रायल्टी चालान देकर ही वाहन का परिचालन करायें। चालक निर्धारित गति से वाहन चलायें ताकि वे भी सुरक्षित रहें और दूसरों की भी जान बच सके। सीओ उपेंद्र कुमार ने सड़क दुर्घटना को रोकने व दुर्घटना से हो रही मौत को रोकने के लिए कई प्रकार के मुहिम चला रहे हैं।



## अंचलकर्मियों ने गुड्डू होटल से ठेमा मोड़ पुराना थाना भवन तक जमीन मापी कर लाल निशान लगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** मंगलवार और बुधवार को सतबरवा साप्ताहिक हॉट बाजार के दिन बुलडोजर एक्शन के बाद गुरुवार को नया थाना भवन के समीप गुड्डू होटल से ठेमा मोड होते हुए पुराना थाना भवन तक जमीन मैपिंग करने तथा लाल पेट से निशान लगाने का अभियान अंचल कर्मियों की ओर से चलाया गया। अंचल अमीन अरविंद कुमार के अगुवाई में अंचल कर्मी जमीन मापी कर जगह-जगह पर मैपिंग के बाद लाल निशान लगाते देखे गये। अंचल पदाधिकारी कृष्ण मोहन तिर्की के निर्देश पर इस अभियान में पूर्व सीआई सह राजस्व उपनिरीक्षक अनीश कुमार सिंह, वरिष्ठ राजस्व कर्मचारी श्रीकांत दास, गौतम कुमार समेत कई लोग थे। मौके पर अमीन अरविंद कुमार ने बताया कि एनएच 39 के किनारे सरकारी जमीन अधिग्रहण करने का अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी अधिकृत जमीन की मापी की जा रही है ताकि जाम से लोगों को राहत मिल सके। अनीश कुमार सिंह पूर्व सीआई सह राजस्व उप निरीक्षक अनीश सिंह ने कहा है कि जमीन का नक्शा तथा सड़क का जो जमीन है, उसे मापी कर निकाला जा रहा है।



# स्वास्थ्य मंत्री को गिनायी समस्याएं मंत्री ने दिया समाधान का आश्वासन

- स्वास्थ्य मंत्री और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री से मिले पलामू जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष फजायल और नगर सचिव झामुमो छोटू त्रिपाठी
- स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से मंत्री को कराया अवगत मंत्री ने जल्द ही निदान का दिया आश्वासन
- अल्पसंख्यकों के प्रति ध्यान कराया आकृष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर पूर्वी के जिला परिषद सदस्य सह झामुमो अल्पसंख्यक पलामू जिला अध्यक्ष फजायल अहमद और नगर सचिव छोटू त्रिपाठी रांची स्थित स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री को मोमेंटम प्रदान कर स्वागत किया। उन्होंने पलामू जिले में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। इस मंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुने एवं जल्द से जल्द स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का निदान को लेकर आश्वासन दिया। मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल अंसारी ने अल्पसंख्यकों के प्रति सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, दृष्टिकोण से सुदृढ़ करने को लेकर कई प्रकार की योजनाओं को संचालित करने का आश्वासन दिये।



मंत्री को स्मृति चिह्न देते फजायल और छोटू त्रिपाठी।

**खास बातें :** पूर्व से चली आ रही अल्पसंख्यक कल्याण कोष से संचालित योजनाएं को और बेहतर से उनकी बेहतरीन के लिए चलाये जाने की बात कही। मौके पर पलामू जिला अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष फजायल अहमद ने दोनों मंत्रियों से मिलने के बाद मिलेआश्वासन से खुश नजर आये। उन्होंने दोनों मंत्रियों को बधाई दी। आने वाले वक्त में अबुआ सरकार सभी वर्गों का भरपूर विकास करेगी क्योंकि यह पार्टी काम करने में भरोसा करती है यही वजह है कि आज हेमंत सरकार के नेतृत्व में अबुआ सरकार प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा झारखंड में सरकार बनाने में सफल रही है ।

# जिला प्रशासन गरीबों को अलाव और कंबल जल्द दिलाये: प्रेम प्रकाश ठाकुर

- चैनपुर के संत जॉन चर्च में डीकन एजेकिएल टोप्पो का हुआ पुरोहिताभिषेक
- भारी संख्या में पुरोहित, धर्म बहनें व धर्म विश्वासी हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। समृद्ध लोग तो ठंड से बचाव के लिए गर्म वस्त्र की व्यवस्था कर ले रहे हैं लेकिन गरीब ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं। इसे लेकर सदर प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता सह 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

उन्होंने जिला प्रशासन से बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों के लिए अलाव व कंबल उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। क्षेत्र में बढ़ रही ठंड व शीतलहर से लोगों को जीना मुहाल हो गया है। ठंड में सबसे अधिक परेशानी गरीबों को हो रही है। पलामू में अधिकांश परिवार खेती बारी तथा मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं।

हालांकि पलामू उपायुक्त के द्वारा पलामू की छोटी बड़ी समस्या का समाधान गंभीरता पूर्वक किया जाता है। उन्होंने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते जिला प्रशासन से पुनः आग्रह करते हैं कि गरीबों के लिए अविलंब जगह जगह पर अलाव तथा गरीब, असहाय, मजदूर के बीच कंबल का वितरण जिला प्रशासन करे। ताकि गरीबों को ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि गरीबों व जरूरतमंदों की निगाहें ठंड में जिला प्रशासन की ओर है। गरीबों को कंबल मिलने से ठंड से राहत मिलेगा।



प्रेम प्रकाश ठाकुर, समाजसेवी।

# यातायात सुरक्षा को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ एसडीपीओ गोड्डा ने की बैठक

**स्कूल प्रारंभ होने और जब क्लास खत्म होगा तब पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जायेगी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी के निर्देश पर गुरुवार को गोड्डा एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने अपने कार्यालय में यातायात सुरक्षा, ट्रैफिक नियम एवं छात्राओं और छात्रों की सुरक्षा हेतु और जागरूकता को लेकर शहर के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगणों के साथ की बैठक की। जिसमें हेलमेट की अनिवार्यता पर मुख्य रूप से सभी विद्यालय प्रबंधकों, प्रधानाध्यापको, का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की गई और सुरक्षा के मद्देनजर बाईक पर दो से अधिक ब्यक्ति की सवारी करने पर दण्डात्मक कार्रवाई, चार साल से ऊपर के बच्चों को भी हेलमेट पहनने की सलाह दी। नाबालिग और बगैर लाइसेंस के बच्चों को वाहन ना चलाने की हिदायत देते हुए ट्रैफिक के सभी नियमों को पालन करने की सलाह दी। बच्चों को स्कूलों मे ट्रैफिक ज्ञान देने की अनिवार्यता पर बल दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों के नंबर भी सार्वजानिक करते हुए आपात काल या असामान्य परिस्थितियों पर उस नंबर पर संपर्क करने का निर्देश दिया गया। पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाएगी जब स्कूल प्रारम्भ होंगी और जब क्लास खत्म होगा। नगर थाना प्रभारी गोड्डा सहपुलिस निरीक्षक दिनेश महली,सदर इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक भी साथ उपस्थित थेऔर उन्होंने ने भी उपस्थित प्रबंध विद्यालय निदेशक प्राचार्य, शिक्षकों को सम्बोधित किया।

# साहिबगंज : दिव्यांग को ट्राइसाइकिल दिलाने के नाम पर वार्ड पार्षद मांगती है पैसा



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** एक दिव्यांग ने डीसी से शिकायत कर कहा की ट्राई साइकिल दिलाने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही। कहा साहब, काम कराने के नाम पर वार्ड पार्षद पैसा की मांग करती है। दिव्यांग ने डीसी हेमंत सती से इसकी शिकायत उस समय की जब डीसी अपने कार्यालय जा रहे थे। दिव्यांग सुमित रविदास कबूतरखोपी निवासी ने डीसी से दिव्यांग सहायक उपकरण के तहत ट्राइसाइकिल दिलाने की गुहार लगाई। कहां की ट्राई साइकिल नहीं रहने की वजह से हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

डीसी हेमंत सती ने दिव्यांग की समस्या सुनी। साथ ही कहा कि किसी को पैसा नहीं देना है। उन्होंने दिव्यांग को साइकिल दिलाने का आश्वासन दिया।

# साहिबगंज डीसी ने उपभोक्ता संरक्षण फोरम का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

साहिबगंज। उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम भवन का पूर्ण जायजा लिया गया। वहीं उपायुक्त ने उपभोक्ता संरक्षण फोरम में दायर मामले के विषय में जानकारी ली। बताया गया कि उपभोक्ता संरक्षण फोरम में लंबित 140 दायर मामले हैं वहीं उपायुक्त ने सभी मामलों को तत्वरित निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर प्रिति कुमारी सदस्य, काजल कुमार दत्ता कार्यालय सहायक एवं अन्य उपस्थित थे।




## झारखण्ड सरकार, उद्योग विभाग

हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय

उद्योग भवन, रातू रोड, राँची-834001 (झारखण्ड)

(website-:jharsericulture.jharkhand.gov.in / Email ID-:dir-hsh@nic.in)

पत्रांक– 1239 दिनांक– 11.12.2024

सं0सं0–02 / ह0रे0ह0नि0 / लेखा / भवन रख–रखाव(18)–02 / 2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**उद्योग भवन की साफ-सफाई एवं रख-रखाव हेतु**

उद्योग भवन रातू रोड, राँची अन्तर्गत तृतीय तल पर अवस्थित हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प, निदेशालय, झारखण्ड, राँची तथा इस भवन के Common Area के रख–रखाव हेतु इच्छुक एजेंसियों से निविदा ई–टेन्डर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का विवरण | वाह्य स्रोत के आधार पर मानव संसाधन (सुपरवाइजर, इलेक्ट्रिसियन, माली, सफाईकर्मी आदि) उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव (1+1+1) अधिकतम 03 वर्षों के लिए। |
| 02 | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की प्रक्रिया | ई–टेन्डर में तकनीकी एवं वित्तीय भाग अलग–अलग समर्पित किया जायेगा। |
| 03 | EMD | रू0 50,000/– बैंक ड्राफ्ट के रूप में (MSME में निबंधित जो जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक से सत्यापित है, को छोड़कर) जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी होना चाहिए तथा Deputy Director of Industries, Directorate of Handloom, Sericulture & Handicraft, Jharkhand, Ranchi के नाम राँची में भुगतेय होना चाहिए। |
| 04 | इच्छा की अभिव्यक्ति समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि | समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से। |
| 05 | अल्पकालीन निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | दिनांक–26.12.2024 के 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 06 | तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने की तिथि | दिनांक–27.12.2024 के 03.30 बजे मध्याह्न। |
| 07 | निविदा समर्पित करने का स्थान | हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय, झारखण्ड, उद्योग भवन, तृतीय तल, रातू रोड, राँची |
| 08 | सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं पता | श्री मो0 मुमताज आलम, रोकड़पाल, हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय, झारखण्ड, राँची मो0न0–8709060654 |

इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी निदेशालय के सूचना पट एवं सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, झारखण्ड के http://prdjharkhand.in एवं E-Tenders www.jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–

उप उद्योग निदेशक,

हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प, झारखंड, राँची

PR 341840 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (24-25)_D


## स्पीड न्यूज

### झामुमो कार्यकर्ता सुधीर के श्राद्धकर्म में शामिल हुए मंत्री योगेंद्र



बेरमो। कसमार प्रखंड के हद में मधुकरपुर रहिवासी झामुमो कार्यकर्ता सुधीर महतो के बारहवीं श्राद्धकर्म में 11 दिसंबर को सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्व सुधीर महतो की विधवा पत्नी, पुत्र एवं पुत्रियों तथा परिजनों से मिलकर ढांढ़स बंधाया। दिवंगत सुधीर महतो के बच्चों की पढ़ाई पर अन्य संकट की घड़ी में सहायता करने का मंत्री ने आश्वासन दिया। बता दें कि सुधीर महतो सहायक अध्यापक भी थे। प्रखंड सहायक अध्यापक संघ ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेता राजेश पांडेय के घर भी गये। जहां शादी कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री विधानसभा सत्र में शामिल होने के बाद सीधे क्षेत्र पहुंचे थे। मौके पर प्रखंड प्रमुख सह झामुमो नेत्री नियोती कुमारी, झामुमो नेता दिलीप हेंब्रम, सिकंदर कपरदार, सोहेल अंसारी, सुभाष ठाकुर धनंजय स्वर्णकार, बब्लू अंसारी, रमेश वर्मा, रघु महतो, पूर्व मुखिया नरेश महतो, महेश शर्मा, बिनोद बिहारी महतो, संजय प्रजापति, एनुल अंसारी, मिथलेश तिवारी, मिथलेश महतो आदि दर्जनों ग्रामीण रहिवासी मौजूद थे।

### सुंदरम स्टील ने ठेका श्रमिकों को कंपनी पे-रोल पर रखा



बोकारो। बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में लकी इंटरप्राइजेज के 65 श्रमिक मजदूरों का रुका हुआ नवंबर महीने के वेतन भुगतान तथा पुनः बहाली को लेकर सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड में वार्ता हुई जिसमें प्लांट के एचआर प्रभात कुमार एडमिनिस्ट्रेटिव हेड हिमांशु सिंह एवं जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन मंत्री फुरकान अली संगठन सचिव विश्वजीत कुमार सक्रिय सदस्य जिलानी अंसारी अत्ताउल्लाह सौदागर अब्दुल मुतोलिब धर्मेंद्र कुमार श्रमिक मजदूर परवेज खान बच्चन महतो महादेव कुमार आदि उपस्थित थे। श्रमिक मजदूरों को ठेकेदार मजदूर से कंपनी पैरोल पर रख लिया गया।

### बेरमो चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने कंबल का किया वितरण



बेरमो। बेरमो में ठंड के बढ़ते प्रभाव के बीच सड़क के किनारे किसी तरह रात गुजारने वालों के लिए फुसरो के राम रतन हाई स्कूल के समीप बेरमो चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश ने जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना असली मानवता है और कंबल वितरण जारी रहेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष आर उनेश ने कहा कि जरूरतमंदों को सेवा करना ही असली मानवता है। उन्होंने कहा कि बेरमो चेम्बर ऑफ कामर्स द्वारा ठंड मे कंबल वितरण जारी रहेगा। कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उर्फ पिंटू सिह ने कहा कि कड़कती ठंड मे जरूरतमंदों का पहचान कर उन्हें कंबल प्रदान करना पुण्य का कार्य है। मौके पर चेंबर के संरक्षक संतोष श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष भोला सोनी, सुशांत राईका व सूरज मित्तल सहित शंकर गोयल, मो रईस आलम, मुन्तसिर आलम, मो महताब आलम, अमित, अमर ठाकुर, लालू मंडल, बंसत राज आदि उपस्थित थे।

**अपराध समीक्षा की बैठक कर दुमका एसपी ने थाना प्रभारियों को दिये कई निर्देश, कहा**

# थाने में आये लोगों से विनम्रता से पेश आये पुलिस पदाधिकारी

**साईबर अपराध, महिला अपराध, सड़क दुर्घटना व वाहनों की चोरी पर थाना प्रभारी लगाये लगाम : एसपी**

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते एसपी पीतांबर सिंह खेरवार व अन्य।

**दुमका।** समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक गुरूवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने किया। बैठक में एसपी खेरवार ने सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को लंबे समय से लंबित चले आ रहे हैं कांडों को त्वरित गति से निष्पादन कर लंबित आकडों को कम करने का विशेष दिशा निर्देश दिया। एसपी ने विधि व्यवस्था संबंधित विषयों पर समीक्षा कर पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिया। वाहन चोरी की घटना को रोक लगाने के लिए गस्ती पार्टियों को लगातार गस्ती करने एवं वाहन चोरी वाले कांडों को वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान करने का निर्देश दिया। महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आपातकाल परिस्थिति में डायल 112 एवं 112 पैनिक मोड व शक्ति ऐप का इस्तेमाल महिला द्वारा किया जाये। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने एवं थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के हाट बाजारों में सतत निगरानी बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) की समीक्षा कर सीसीटीएनएस के सीएएस (कोर, ऐपलिकेशन सिस्टम) सॉफ्टवेयर में वर्ष 2024 के सभी कांडों एवं अनुसंधान विवरणी टाइम फ्रेम- 31 दिसम्बर तक अपडेट करने का निर्देश दिया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत करने की गति को तेजी लाने का भी निर्देश दिया।

एसपी नें पुलिस पदाधिकारियों को थाना में आए जनता से विनम्रता से पेश आने एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में कई अहम निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को साइबर क्राइम के रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने को निर्देशित किया। बैठक में अभियान एसपी, एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# सीसीएल एसडीओसीएम मे वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र की एसडीओसीएम मे 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत कोल इंडिया का झंडा फहराकर, कॉर्पोरेट गीत गाकर, दीप जलाकर और सुरक्षा की शपथ लेकर किया गया। खान प्रबंधक राजीव कुमार ने एसडीओसीएम परियोजना की संक्षिप्त जानकारी दी। निरीक्षण दल के पदाधिकारियों ने खदान के अंदर जाकर निरीक्षण किया। साथ ही साथ खान सुरक्षा को लेकर कई तरह की जानकारी दी। वहीं परियोजना के दर्जनों संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को बेहतर कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया। जीएम प्रोडक्शन मनोज कुमार पाठक ने कहा कि यहां पर सुरक्षा नियमों का पूर्णतया पालन किया जाता है। आईएसओ पी के भल्ला ने कहा कि सुरक्षा नियमों के एसओपी को हर हाल में पालन किया जाना जरूरी है। तापीन साउथ से आये कन्वेयर संजीव कुमार ने कहा कि खान में सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने से ही दुर्घटनाएं घटती है। एरिया सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार और पीओ शैलेश प्रसाद ने कहा कि खदान में दुर्घटनाएं नहीं होंगी। इसके लिए हर वर्ष वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन किया जाता है। कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढ़ोरी के छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। मौके पर संचालन जसपाल सिंह और धन्यवाद ज्ञापन सेल ऑफिसर डी के सिंहा ने किया। मौके पर पीई ईएंडएम मघुरंजन, सेफ्टी आफिसर रवि कुमार सहित इनमोसा के एरिया सचिव पवन कुमार सिंह, यूनियन के सदस्यो मे मुरारी प्रसाद सिंह, जितेंद्र दूबे, भीम महतो, कुलदीप, बिनोद बिहारी चौघरी, बिरेन्द्र गुप्ता, घीरज पाण्डेय, मदन सिंह, मोहम्मद कलीमुद्दीन,रवि शंकर ठाकुर, महेंद्र चौघरी, मुन्नी लाल, नरेश प्रसाद महतो, क्यूम आलम, गोपाल कुमार व कामगार उपस्थित थे।

# बोकारो : विस्थापित संघर्ष मोर्चा व झारखंड नवनिर्माण सेना की बैठक संपन्न



**बोकारो।** बालीडीह गोस्वामी टोला में धीरेंद्र नाथ गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न विस्थापित संघर्ष मोर्चा और झारखंड नवनिर्माण सेना की संयुक्त बैठक में कॉ गुलाब चन्द्र ने कहा कि विस्थापित बंटेंगे तो बीएसएल से छटेंगे ही। उन्होंने कहा कि कारखाना विस्तार से हमें खुशी होगी। कहा कि बीएसएल प्रबंधन विस्तार का काम अतिक्रमित क्षेत्र आजाद नगर झोपडी कॉलोनी मिश्रा कॉलोनी अवैध खटाल झोपड़ पट्टी को हटा कर करे- विस्थापित साथ देंगे। यदि प्रबंधन ने उत्तर दिशा के विस्थापित गांवों को हटा कर विस्तार का मंसूबा पाला है तो विस्थापित संघर्ष मोर्चा विरोध में उतरेगा। उन्होंने कहा कि आउट सोर्सिंग में बहाली चोरी छिपे क्लासिक होटल करने की साजिश को विस्थापितों ने बेनकाब कर दिया। बैठक में नसीरुद्दीन अंसारी परशुराम राय बुद्धेश्वर मुर्मू दिनेश टुडू रविन्द्र टुडू सुनील मांझी दशरथ मांझी, जगदेव हेंब्रम प्रतिमा देवी प्रभात महतो विक्रम व अन्य ने अपना विचार व्यक्त किया।


## न्यायालय- जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, लातेहार

(नीलाम पत्र कार्यालय)

**नोटिस**

चूँ बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि आपके द्वारा बकाया वाहन रोड टैक्स की राशि जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार को जमा करने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है।

अतएव आपको आदेश दिया जाता है कि बकाया वाहन रोड टैक्स की राशि जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार को यथाशीघ्र जमा करते हुए दिनांक 17.12.2024 (मंगलवार) को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में साक्ष्य सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध बिहार–उडीसा पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट 1914 की धारा–38 के तहत गिरफ्तारी एवं धारा–18 के तहत कुर्की जब्ती या दोनों धाराओं के अधीन विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

बकायादारों की सूची (विवरणी सहित) निम्नवत है:–

| क्रम संख्या | वाद संख्या | वर्ष | विभाग का नाम | देनदार का नाम एवं पता | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 149 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मो0 रहमतुला, पिता मो0 शफीक, ग्राम+पो0–शेरेगढ़ा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 200787.00 |
| 2. | 153 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | गिरेन्द्र कुमार, पिता राजकुमार यादव, ग्राम–हेरहंज, पो0–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 338683.00 |
| 3. | 252 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अरूण कुमार सिंह, पिता तुलसी प्रसाद सिंह, ग्राम+पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 173835.00 |
| 4. | 270 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | जितेन्द्र कुमार साव पिता सिवान साव, ग्राम–मुरपा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 95466.00 |
| 5. | 275 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | प्रेम साव पिता सिवन साव, ग्राम+पो0–मुरपा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 74772.00 |
| 6. | 277 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | राहुल कुमार पिता मोहन प्रसाद, ग्राम+पो0+थाना–मनिका, जिला–लातेहार | 66600.00 |
| 7. | 280 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | कुलदीप राणा, पिता नागेश्वर राणा, ग्राम–शेरेगढ़ा, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 57600.00 |
| 8. | 281 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | बसंत कुमार पिता धनुषधारी प्रसाद, ग्राम–बेलवाडीह, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 72000.00 |
| 9. | 293 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रामनन्दन कुमार सिंह, पिता धर्मदेव सिंह, ग्राम–मतकोमा, पो0–फुलसू, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 28800.00 |
| 10. | 295 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रामनन्दन कुमार सिंह, पिता धर्मदेव सिंह, ग्राम–बारीबाद, मतकोमा पो0–फुलसू, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 36000.00 |
| 11. | 296 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मो0 तजीम पिता मो0 रजाक, ग्राम–लापुप सेन्हा, पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 49600.00 |
| 12. | 298 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रोहित यादव पिता नन्दु यादव, ग्राम–निन्दा, थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 37761.00 |

इसे सख्त ताकिद समझा जाय।

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, लातेहार

PR 341835 District (24-25)_D


# बीएसएल में सिमेटिक एस-07 -1500 कोर्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में सिमेटिक एस-07-1500 कोर्स पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सीमेंस के विशेषज्ञ और अनुभवी फैकल्टी एवी संतोष राव के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीएसएल के विभिन्न विभागों से लगभग 15 प्रशिक्षणार्थी शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के जीएम डीआर टोप्पो एवं एसके भगत उपस्थित थे। एसकेडी भौमिक कनीय प्रबंधक ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन कनीय प्रबंधक एसकेडी भौमिक ने किया। उक्त आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ऑपरेटिव राकेश कुमार कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का योगदान सराहनीय रहा।

# आयुक्त ने फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल को लेकर किया बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, रांची के नियंत्राधीन फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, के भवनों के नियमित एवं आवधिक रख-रखाव, संचालन, प्रबंधन तथा मरम्मति हेतु मुख्यमंत्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन तथा अनुरक्षण योजना की स्वीकृति को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संताल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचन्द डाडेल ने किया। इस अवसर पर फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं अधीक्षक, फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा कॉलेज एवं अस्पताल के संचालन एवं रख-रखाव के लिए यूनिट फंड में प्राप्त राशि पांच करोड़ रुपए के व्यय के लिए योजनाओं का विवरणी तैयार कर उपलब्ध कराया गया है। कुल-20 योजनाओं की कार्य सूची उपलब्ध करायी गयी है।


## कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज(पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gmail.com

पत्रांक:– 760, दिनांक:– 12.12.2024

–: आम सूचना :–

हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 से 2023–24 तक का होल्डिंग टैक्स बकायेदारो का भुगतान हेतु अंतिम स्मार पत्र प्रेषित किया गया था, परन्तु अब तक बकाया राशि का भुगतान होल्डिंग टैक्स धारको के द्वारा जमा नही किया गया है जिसकी सूचि की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl No | Holding No | Owner Name | Gurdian Name | Ward No | Proprerty Address |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0040000206000X1 | KRISHNA PRASAD | MAKHANLAL | 4 | satgawan main road khushi re |
| 2 | 0040000073000A1 | JIWAN PRASAD JAISWAL | LATE JAGDISH PRASAD JAISWAL | 4 | satgawan hariharganj |
| 3 | 0040000216000X4 | ramswaroop prasad | LATE CHANDRIKA RAM | 4 | cinemahall road |
| 4 | 0040000082000A1 | MANOJ KUMAR | LATE RAMLAGAN PRASAD | 4 | Piparghat, harihargang |
| 5 | 0040000206000X1 | krishna prasad | makhanlal | 4 | satgawan main road khushi restu |
| 6 | 0040000073000A1 | JIWAN PRASAD JAISWAL | LATE JAGDISH PRASAD JAISWAL | 4 | satgawan hariharganj |
| 7 | 0040000216000X4 | ramswaroop prasad | LATE CHANDRIKA RAM | 4 | cinemahall road |
| 8 | 0040000205000A1 | Arun prasad others | l ate jainandan prasad | 4 | satgawan piparghat road |
| 9 | 0040000082000A1 | MANOJ KUMAR | LATE RAMLAGAN PRASAD | 4 | Piparghat, harihargang |
| 10 | 0040000235000A1 | santosh prasad jaiswal | Late jagdish prasad jaiswal | 4 | satgwan hariharganj |
| 11 | 0050000159000A1 | Dharmashila Devi | | 5 | Dakbangala |
| 12 | 0050000076000A1 | udit singh, dharmendra singh | | 5 | satgawan |
| 13 | 0050000159000A1 | Dharmashila Devi | RAJRNDRA PATHAK | 5 | Dakbangala |
| 14 | 0050000076000A1 | udit singh, dharmendra singh | AVADHESH SINGH | 5 | satgawan |
| 15 | 0060000233000X1 | Parwati devi | | 6 | Hariharganj main road |
| 16 | 0060000329000A1 | prem kumar singh | late sukhdev kahar | 6 | satgawan hariharganj |
| 17 | 0060000233000X1 | Parwati devi | HARI PRASAD GUPTA | 6 | Hariharganj main road |
| 18 | 0060000036000X1 | Arun prasad others | l ate jainandan prasad | 6 | satgawan old bus stand |
| 19 | 0060000329000A1 | prem kumar singh | late sukhdev kahar | 6 | satgawan hariharganj |
| 20 | 0070000108000X1 | akhouri maheshwari charan | late A Durga charan | 7 | satgawan alias hariharganj |
| 21 | 0070000008000M0 | NANDKISHOR PRASAD | LAKSHMI SAV | 7 | HARIHARGANJ SATAGAWA PA |
| 22 | 0070000236000X4 | rama shankar prasad jayswal | ram kewal prasad | 7 | baidhbigha more main road |
| 23 | 0070000236000X4 | rama shankar prasad jayswal | ram kewal prasad | 7 | baidhbigha more main road |
| 24 | 0070000008000M0 | NANDKISHOR PRASAD | LAKSHMI SAV | 7 | HARIHARGANJ SATAGAWA PALA |
| 25 | 0080000189000A1 | Abdul qayum | LT AHAMAD ALI | 8 | Hariharganj |
| 26 | 0080000081000X4 | ramadhar prasad jayswal | | 8 | new bus stand |
| 27 | 0080000210000A1 | krishna prasad | makhanlal | 8 | satgawan jhanda chowk |
| 28 | 0080000189000A1 | Abdul qayum | LT AHAMAD ALI | 8 | Hariharganj |
| 29 | 0080000210000A1 | krishna prasad | makhanlal | 8 | satgawan jhanda chowk |
| 30 | 0090000219000M0 | Lilawati Devi | LATE BANKE BIHARI JAYSWALL | 9 | Araruakhurd |
| 31 | 0090000384000A1 | gunjan raj | LATE ABHAY KUMAR SINGN | 9 | gurukripa school |
| 32 | 0090000462000X1 | Arun prasad others | l ate jainandan prasad | 9 | satgawan nrw bus stand |
| 33 | 0110000307000A1 | basmati devi | late uday narayan singh | 11 | araruakala |
| 34 | 0110000307000A1 | basmati devi | l ate uday narayan singh | 11 | araruakala |
| 35 | 0130000149000A4 | Abdul Razak | MD NOOR MOHAMMAD | 13 | Belodar, hariharganj |
| 36 | 0130000149000A4 | Abdul Razak | MD NOOR MOHAMMAD | 13 | Belodar, hariharganj |
| 37 | 0140000182000F1 | sanjay kumar | gupteshwar saw | 14 | bhagat tendua |
| 38 | 0140000367000F1 | SURESH KUMAR | GUPTESHWAR SAW | 14 | bhagat tendua main road |
| 39 | 0150000107000F1 | shree keshwar prasad gupta | lt ram ratan saw | 15 | araruakhurd |
| 40 | 0150000107000F1 | shree keshwar prasad gupta | lt ram ratan saw | 15 | araruakhurd |

अतः उपरोक्त होल्डिंग बकायादारो को इस आम सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए निदेश दिया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन के दो दिनों के अंदर होल्डिंग टैक्स का बकाया राशि का भुगतान ससमय करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा के सुसंगत धाराओं के तहत संबंधित होल्डिंग टैक्स बकायादारो का बैंक खाता को **FREEZE** कर दिया जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी

नगर पंचायत हरिहरगंज।

PR 341850 District(24-25)D

खबर मन्त्र
रांची. शुक्रवार . 13 दिसंबर 2024

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## एक राष्ट्र एक चुनाव

कैबिनेट ने एक राष्ट्र, एक चुनाव बिल को मंजूरी दे दी है। खबर के मुताबिक, इस बिल का मकसद देश में चुनाव प्रक्रिया को आसान और कम खचीर्ला बनाना है। इस फैसले के बाद एक व्यापक बिल लाया जाएगा जिससे पूरे देश में लोकसभा, विधानसभा, शहरी निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने का रास्ता साफ होगा। सितंबर में, केंद्रीय कैबिनेट ने एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत लोकसभा, विधानसभा, शहरी निकाय और पंचायत चुनावों को 100 दिनों के भीतर कराने का सुझाव दिया गया था।

इस साल जब सितंबर में कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी तब प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा था, कैबिनेट ने समान चुनावों पर बनी उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशें स्वीकार कर ली हैं। यह लोकतंत्र को और अधिक जीवंत और भागीदारीपूर्ण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बार-बार होने वाले चुनावों से समय और धन की बड़ी बबार्दी होती है। राज्यों में हर साल होने वाले चुनाव से भी समय और धन की बर्बादी होती है। आजादी के बाद लंबे समय तक देश में चुनाव एक साथ ही हुा करते थे। कई बार चुनाव होने से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारियों और कर्मचारियों का समय बर्बाद होता है। सभी विकास कार्य ठप हो जाते हैं और फिर नई घोषणाएं करनी पड़ती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से चुनावी खर्च में कमी आएगी, सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में रुकावट कम होगी और देश में विकास कार्य तेजी से हो सकेंगे। लेकिन विपक्ष इस बिंदु पर सहमत नहीं है। ऐसे में इसे अभी और विमर्श की आवश्यकता है। देश में चुनाव एक साथ कराने में संसाधन और प्रशासनिक जरूरतों पर भी ध्यान देना होगा। यह देश के लिए एक आवश्यकता है।

### कार्टून वर्ल्ड







मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

## भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता



**कोठारी** आयोग ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता की नींव रखी और शैक्षिक सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसने 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की सिफारिश की, जिसने भारत की शिक्षा प्रणाली में भविष्य के सुधारों के लिए मंच तैयार किया। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य समानता में सुधार करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। इसने पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम पेश किया और व्यावहारिक कौशल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया। इस योजना का उद्देश्य पोषण मानकों में सुधार करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना था। एसएसए का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना और लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को खत्म करना था। आरटीई अधिनियम ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बना दिया, जिससे सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित हुई। एनसीएफ 2005 का उद्देश्य सीखने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर शिक्षा को वास्तविक दुनिया की जरूरतों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना था। इसने रटने की आदत से हटकर परियोजना-आधारित सीखने और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया।

समग्र शिक्षा अभियान एकीकृत योजना का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार करना था। इसने हाशिए पर पड़े छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और समावेशी शिक्षा के लिए स्कूलों को अनुदान प्रदान किया। एनईपी 2020 ने प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षा 10 के बाद कठोर धाराओं को खत्म करने जैसे परिवर्तनकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा। यह समग्र विकास के उद्देश्य से शिक्षा के मार्गों में बहु-विषयक सीखने और लचीलेपन पर जोर देता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियाँ क्षेत्रों में गुणवत्ता की असमानताएँ हैं। भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जहाँ कई ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढाँचे और योग्य शिक्षकों की कमी है। एएसईआर 2018 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 50% बच्चे ही बुनियादी पाठ पढ़ सकते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को उजागर करता है। शिक्षा प्रणाली अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे छात्र कार्यबल में आवश्यक व्यावहारिक नौकरी कौशल के लिए तैयार नहीं होते हैं।



-प्रशांत झा

> इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है।

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है। शिक्षक प्रशिक्षण की कमियाँ: शिक्षकों के प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जो शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सम्बोधित करने में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की आलोचना की गई है। डिजिटल शिक्षा के विकास के बावजूद तकनीकी बुनियादी ढाँचा अपर्याप्त बना हुआ है, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में। उदाहरण के लिए: डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने प्रगति की है, लेकिन ग्रामीण स्कूलों में इंटरनेट की पहुँच और डिवाइस की पहुँच अभी भी कम है, जिससे छात्रों का आधुनिक शैक्षिक उपकरणों से संपर्क सीमित हो जाता है।

आमूलचूल परिवर्तन उच्च-दबाव वाली परीक्षाओं से दूर जा सकता है और अधिक निरंतर मूल्यांकन विधियों को अपना सकता है, जिससे छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम हो सकता है। सिंगापुर ने छात्रों के प्रदर्शन को मापने, तनाव को कम करने और सीखने के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निरंतर मूल्यांकन रणनीतियों को लागू किया है। आमूलचूल परिवर्तन से पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा को शामिल किया जा सकता है, जिससे पहुँच और सहभागिता बढ़ सकती है। कौशल-आधारित शिक्षा को शामिल करने जैसे पारंपरिक सुधारों से परे अभिनव समाधान। शुरूआती चरण में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल-आधारित शिक्षा शुरू करने से छात्रों को व्यावहारिक क्षमताओं से लैस किया जाएगा, जिससे वे कार्यबल के लिए तैयार होंगे। दक्षिण कोरिया तकनीकी शिक्षा को मिडिल स्कूल से अपने पाठ्यक्रम में एकीकृत करता है, जिससे एक कुशल कार्यबल तैयार होता है। ऑफलाइन और ऑनलाइन सीखने का संयोजन शैक्षिक विभाजन को पाट सकता है, जिससे जुड़ाव और पहुँच बढ़ सकती है।

स्कूलों में मिश्रित शिक्षा दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों को आमने-सामने बातचीत से लाभान्वित करते हुए डिजिटल सामग्री तक पहुँचने की अनुमति देती है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग स्कूलों के लिए बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षण और संसाधनों को बढ़ा सकता है, विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में। ब्रिटिश काउंसिल भारतीय राज्यों के साथ मिलकर शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार और वैश्विक शिक्षण मानकों को पेश करती है। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर शिक्षण परिणाम मिलेंगे। उदाहरण के लिए: जापान ने अपने पाठ्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को एकीकृत किया है, जिससे छात्रों के कल्याण और प्रदर्शन में सुधार हुआ है। स्थानीयकृत शिक्षा मॉडल: क्षेत्रीय आवश्यकताओं और सांस्कृतिक संदर्भों के अनुरूप शिक्षा प्रणालियों को तैयार करने से जुड़ाव और प्रासंगिकता में सुधार होगा।

भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करने और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए आमूलचूल सुधारों की आवश्यकता है। फिनलैंड के छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण और दक्षिण कोरिया के व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के साथ मिलकर समावेशी और टिकाऊ शैक्षिक परिणाम प्राप्त कर सकता है।

(ब्रदर्स एकेडमी रांची)

### लेटर टू एडिटर

#### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

-अनिल कौशिक, रांची

#### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग

### ट्वीट

**आपकी** अबुआ सरकार आपके सुख-दुख की साथी है, आपके हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। झारखण्ड की महान जनता ने जो भरोसा महागठबंधन ऊपर जताया है, वह हमारी सबसे बड़ी ताकत और प्रेरणा है। आपकी अबुआ सरकार दिन-रात आपके सपनों को साकार करने और आपके जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित रहेगी।

- कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक

**हाथरस** जाकर 4 साल पहले हुई शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिवार से मिला। मुलाकात के दौरान उन्होंने जो बातें बताई उसने मुझे झकझोर कर रख दिया।

- राहुल गांधी, सांसद

## कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध

### समाज

-प्रियंका सौरभ

सोशल मीडिया लोगों के बीच बातचीत के ऐसे माध्यम को संदर्भित करता है, जिसके जरिए वे वर्चुअल समुदायों और नेटवर्क में जानकारी और विचारों का निर्माण, साझा और / या आदान-प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून पेश करने की घोषणा की है, जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोकेगा। ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग का मानना है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना सही नहीं है। ऐसे प्रतिबंधात्मक विकल्प उपलब्ध हैं, जो बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने और सभी के लिए ऑनलाइन सुरक्षा में सुधार का तरीका निकाला जा सकता है। सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं को साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और ऑनलाइन शिकारियों सहित कई संभावित जोखिमों के संपर्क में लाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग स्वस्थ मस्तिष्क विकास, नींद और शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है। प्रस्तावित कानून एक सुरक्षित विकासात्मक वातावरण का समर्थन करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकताओं से बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं और बच्चे पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं कि उनका डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, उपयोग किया जाता है या उसका मुद्रीकरण किया जाता है। युवा उपयोगकताओं के लिए पहुँच पर प्रतिबंध लगाने से गोपनीयता के उल्लंघन और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के शोषण को कम करने में मदद मिल सकती है। माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में मदद करने के लिए बेहतर उपकरणों और संसाधनों की भी आवश्यकता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्यक्तियों और संगठनों को पारंपरिक प्रचार या शैक्षणिक तरीकों से बेजोड़ गति से जानकारी साझा करने और आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। सोशल मीडिया ने लोगों के बीच जानकारी साझा करने के तरीके को बदल दिया है। नतीजतन, यह निर्णय लेने में नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके सुशासन को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया के फायदों में से एक यह है कि यह सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। सोशल मीडिया ने नागरिकों और उनकी चुनी हुई सरकार और राजनेताओं के बीच की खाई को कम किया है, जिससे लोकतंत्र में अधिक भागीदारी हुई है।

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग मस्तिष्क के उन हिस्सों को बदल सकता है जो भावनाओं और सीखने से सम्बंधित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021. सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिकायत निवारण और अनुपालन तंत्र स्थापित करने के लिए कहा गया है, जिसमें एक शिकायत अधिकारी, मुख्य अनुपालन अधिकारी और एक नोडल संपर्क व्यक्ति की नियुक्ति शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन प्लेटफॉर्म को उपयोगकताओं से प्राप्त शिकायतों और की गई कार्यवाही पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है। इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप को संदेश के पहले स्रोत को ट्रैक करने के लिए प्रावधान करना होगा।

धारा 79 में कहा गया है कि किसी भी मध्यस्थ को उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध या होस्ट की गई किसी भी तीसरे पक्ष की जानकारी, डेटा या संचार लिंक के लिए कानूनी रूप से या अन्यथा उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। यदि मध्यस्थ, सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा सूचित या अधिसूचित किए जाने के बावजूद, प्रश्नगत सामग्री तक पहुँच को तुरंत अक्षम नहीं करता है, तो सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती है। एक व्यापक पारदर्शिता कानून की आवश्यकता है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा प्रासंगिक खुलासे को अनिवार्य बनाता है।

## शोध बढ़ाकर पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बीमारियों का कारगर उपचार ढूंढा जाये

### स्वास्थ्य

डॉ. आर.के. सिन्हा

सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को भी शामिल करने की मांग की गई है। यह बिल्कुल ठीक है कि ऐसा करने से देश की बड़ी आबादी को सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही, पारंपरिक चिकित्सा को भी पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा और वे पहले की भाँति फिर लोकप्रिय हो सकेंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ जैसे आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी इत्यादि गरीब जनता के लिए कई मायनों में वरदान रही हैं और सरकारी संरक्षण प्राप्त होने पर और भी लोकप्रिय साबित हो सकती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आमतौर पर आधुनिक चिकित्सा की तुलना में उपचार की लागत काफी ज्यादा कम होती है। यह गरीब लोगों के लिए जो महंगे अस्पताल और दवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते, उनके लिए बहुत लाभकारी होती हैं।

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स पिछले दिनों एक निजी यात्रा पर भारत आए हुए थे। उनके साथ उनकी पत्नी क्वीन कैमिला भी थीं। वे बेंगलुरु के पास एक आधुनिक आरोग्यशाला ह्लहोलिस्टिक हेल्थ सेंटर' में ठहरे। तीन दिनों की यात्रा के दौरान किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने योग, मेडिटेशन सेशन और योग थेरेपी का भरपूर आनंद उठाया। यानी सामान्य रोगियों से लेकर ब्रिटेन के किंग को भी अब समझ में आ गया है कि सेहतमंद रहने और स्मार्ट दिखने के लिए भारत के आधुनिक डॉक्टरों और परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों से इलाज करवाना कहीं ज्यादा सही रहेगा।

पारंपरिक चिकित्सक अक्सर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं, जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ कुछ ही ह्लमल्टी स्पेशलिटी ह्लअस्पतालों तक ही सीमित होती हैं। अतः यह पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ग्रामीण गरीबों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और इनमें गरीब ग्रामीणों का अटूट विश्वास भी है। ज्यादातर पारंपरिक उपचार स्थानीय रूप से उपलब्ध जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर ही आधारित होते हैं, जिसकी लागत कम होती है। खास बात यह है कि ये पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियाँ अक्सर शरीर और मन दोनों को एक साथ स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो आधुनिक चिकित्सा की तुलना में अधिक समग्र दृष्टिकोण है। यह जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत कारगर मदद कर सकती हैं।

सरकार को चाहिये कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक शोध के आधार पर इनके कारगर परिणाम के साक्ष्य उपलब्ध करवाए। इससे रोगियों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सिद्ध और स्थापित हो सकेगी, नहीं तो पारम्परिक सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों पर सवाल उठते ही रहेंगे। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। इनमें गहन शोध होना ही चाहिए। यह भी मानना होगा कि पारंपरिक चिकित्सा व्यवसाय का नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण अक्सर अपर्याप्त होता है। सरकार को इस तरफ भी देखना होगा।

इनके कुछ चिकित्सक ऐसे दावा करते हैं जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, जिससे रोगियों को भ्रमित किया जा सकता है और उनका स्वास्थ्य जोखिम में पड़ सकता है। अतः आयुष मंत्रालय को वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर इन दावों की प्रमाणिकता या तो सिद्ध करनी होगी या फिर खारिज करना होगा। खैर, ये पद्धतियाँ जनता के लिए वरदान तो हो ही सकती हैं, खासकर जब वे आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत हों और उचित नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ संचालित हों। हालांकि, इन पद्धतियों की सीमाओं और चुनौतियों को भी स्वीकार करना और उनका समाधान करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह उपचार पद्धति भी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणिक है।

भारत में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ हजारों वर्षों से चली आ रही हैं। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा, होमियोपैथी और अनेक अन्य प्रणालियाँ सदियों से भारतीय समाज के स्वास्थ्य और कल्याण का अभिन्न अंग रही हैं। आज, जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति तेजी से आगे बढ़ रही है, तब भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि यह और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। विश्व भर से प्रतिवर्ष हजारों अत्यंत पढ़े- लिखे और समृद्ध लोग आखिर भारत आकर इन चिकित्सा पद्धतियों पर लाखों खर्च क्यों करते हैं। वे सभी पागल तो हैं नहीं। उन्हें निश्चित रूप से लाभ मिल रहा है तभी तो वे यहाँ आकर महीनों रहकर , लाखों खर्चकर स्वस्थ होकर वापस जा रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवा का वितरण असमान है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच सीमित होने के कारण, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये पद्धतियाँ स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करती हैं और अक्सर कम खचीर्ली होती हैं, जिससे वे आम लोगों के लिए अधिक सुलभ होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग अक्सर इन पद्धतियों पर ही निर्भर रहते हैं क्योंकि ये उनके सांस्कृतिक परिवेश और आर्थिक स्थिति के अनुकूल हैं।पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ केवल बीमारियों के इलाज पर ही केंद्रित नहीं हैं बल्कि रोगों की रोकथाम पर भी जोर देती हैं। आयुर्वेद और योग जैसे पद्धतियाँ जीवनशैली में बदलाव, आहार और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। ये पद्धतियाँ शरीर और मन के बीच संबंध को समझती हैं।

## स्पीड न्यूज

### श्री अग्रसेन स्कूल में कॉउंसलिंग



भुरकुंडा (रामगढ़)। विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाओं की तारीख घोषित हो चुकी है। विद्यार्थी अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। शिक्षक भी विद्यार्थी को सही मार्गदर्शन देने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। सबका एक ही लक्ष्य है अच्छे अंको से परीक्षा में सफलता। लेकिन इन सारे प्रयासों के बाद भी कई विद्यार्थियों में एग्जाम फोबिया का भय देखने को मिलता है। ऐसे में उनके लिए लगातार कॉउंसलिंग की जरूरत पड़ती है। विद्यार्थियों को एग्जाम फोबिया के भय से बाहर निकालने के लिए गुरुवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में विशेष कॉउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन काउंसेलर मुख्तार सिंह, प्राचार्य विवेक प्रधान ने किया। इस विशेष सत्र में बोर्ड के विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों को इस फोबिया से बाहर निकलने का तरीका बताया गया। प्रधान ने कहा कि एग्जाम फोबिया एक ऐसा खतरा है, जिसे सकारात्मक रहकर आसानी से पराजित किया जा सकता है। असफलता का डर इस फोबिया का एक मुख्य कारण है। यह केवल आंतरिक ही नहीं, बल्कि बाहरी वातावरण से भी उत्पन्न हो सकता है। परीक्षा को लेकर माता-पिता की अत्यधिक सख्ती भी इसका एक प्रमुख कारण है।

### सेल रिफ्रैक्टरी में लगा नेत्र शिविर



रामगढ़। भारत सरकार के प्रतिष्ठान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की इकाई सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट रांची रोड द्वारा डिवाइन ओंकार मिशन के सहयोग से सीएसआर योजना के तहत 10 दिसंबर को ग्राम पोचरा (दिगवार) में नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन इकाई के महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) आर के साहा ने किया। श्री साहा ने सेल के सीएसआर कार्यक्रम के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आस पास के ग्रामीणों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में इस नि:शुल्क कैम्प का लाभ उठाया जाएगा। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अर्जुन गोप के साथ प्रवीण कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), ए के सिन्हा, उप महाप्रबंधक (मा सं), सुनील कुमार, स महाप्रबंधक (मा सं), डॉ दीपांकर, डी एम ओ, डॉ अभिषेक सिंह, व चिकित्सा अधिकारी, कैमूल हक, महादेव यादव, सुरेश यादव, ममता केरकेत्ता, शुभम कुमार आदि उपस्थित थे।

### डीसी ने दिव्यांग को किया सम्मानित



रजरप्पा। लारीकलां निवासी दिव्यांग जितेंद्र पटेल को गुरुवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने जितेंद्र पटेल को शॉल ओढ़ाकर, पौधा भेंटकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डीसी चंदन कुमार सहित रविंद्र कुमार गुप्ता, अतहर अली आदि ने जितेंद्र पटेल को उत्साह बढ़ाया। डीसी ने कहा कि दिव्यांग किसी चीज में किसी प्रकार से कमजोर नहीं है, आज जो जितेंद्र पटेल करके दिखला रहे हैं, अच्छे-अच्छे लोग इसे बहुत कमजोर पड़ रहे हैं। झारखंड सरकार भी दिव्यांग खिलाड़ियों को उत्साहित करें और जनरल खिलाड़ी जैसा सामान्य राशि दिया जाए।

### जिंदल आशा में खेल शिविर संपन्न




भुरकुंडा (रामगढ़)। जिंदल फाउंडेशन पतरातू के द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिंदल आशा के खेल मैदान में 5 दिसंबर से चल रहे शीतकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। इस दौरान बच्चों को विभिन्न खेलों जैसे फुटबॉल, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, बॉक्सिंग और एथलेटिक्स आदि खेलों का आयोजन किया गया। ओलंपिक भारत के झारखंड अध्यक्ष सतवीर सिंह और उनके टीम के विकास तोम्बे, नरेंद्र हांसदा, सुष्मिता सोरेन एवं रितेश के देखरेख में कैंप संचालित किया गया। जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के नेतृत्व में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, टीम वर्क, शिक्षा, चिकित्सा आदि सेवा प्रदान किया जा रहा है। साथ ही जिंदल आशा केंद्र के माध्यम से मुख्य धारा में शामिल करने का निरंतर प्रयास जारी है। कैंप के समापन में पंजाब रेजीमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मिश्रा बीनू, प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह, गुरदीप कौर, सतीश कुमार सिंह, शरण, रूपेश कुमार, परमेश्वर राय, सीएसआर प्रमुख रवि निवास के द्वारा सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिंदल हर संभव मदद कर उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास करती रहेगी।

### पीवीयूएनएल में स्टीम ब्लोइंग पूरी



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में प्रथम इकाई की स्टीम ब्लोइंग प्रक्रिया दो चरणों में पूरी कर ली गई। प्रथम चरण 18-23 नवम्बर और द्वितीय चरण 01-11 दिसम्बर तक स्टीम ब्लोइंग के कार्य को संपन्न किया गया। स्टीम ब्लोइंग अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो पूरे कार्यकाल में एक ही बार की जाती है। यह प्रकिया निर्माण कार्य के दौरान पाइप्स और ट्यूब्स में लगी धूल, जंग और वेल्डिंग के दौरान बचे हुए अवशेष निकलने के लिए की जाती है। स्टीम ब्लोइंग की प्रकिया सफलता पूर्वक किये जाने के बाद पीवीयूएनएल 800 मेगावॉट की प्रथम इकाई को जनवरी 2025 माह में विद्युत ग्रीड से जोड़ दिया जाएगा।

# रामगढ़ में पांडे गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

## भारतमाला प्रोजेक्ट के अलावा अन्य कंपनियों से मांग रहे थे रंगदारी

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। जिले में पांडे गिरोह लगातार ठेकेदारों से रंगदारी मांग रहा था। एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि भारतमाला प्रोजेक्ट के अलावा अन्य निर्माण कार्य में लगी कंपनियों के प्रतिनिधियों को रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस की सक्रियता से पांडे गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में रामगढ़ शहर के दुसाध मोहल्ला निवासी विक्की कुमार पासवान, प्रीतम कुमार, अनिकेत उर्फ बिल्ला और झंडा चौक निवासी बैजू शाह उर्फ बैजू कुमार साहू शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन जब्त किया है। साथ ही कांड को अंजाम देने के लिए प्रयुक्त की गई बुलेट मोटरसाइकिल (जेएच 24 जे 7488 )और स्कूटी (जेएच 02 एआर 8776) जब्त किया गया है।

एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि रामगढ़ जिले के विभिन्न इलाकों में पांडे गिरोह के मुख्य सरगना विकास तिवारी के इशारे पर अपराधी सक्रिय थे। विक्की, प्रीतम, अनिकेत और बैजू रजरप्पा थाना क्षेत्र और पतरातू प्रखंड क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन के काम में लगी कंपनियों के प्रतिनिधियों को फोन कर रहे थे। रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने गुप्त सूचना के आधार पर इन चारों अपराधियों को दुलमी प्रखंड क्षेत्र से गिरफ्तार किया। यह चारों अपराधी दुलमी प्रखंड क्षेत्र में अपराध को अंजाम देने के लिए एक साथ जुटे हुए थे। रजरप्पा थाना प्रभारी ने छापेमारी की और तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनमें विक्की, प्रीतम और अनिकेत शामिल थे। इसके बाद 3 वर्षों से फरार बैजू साहू को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। कोलकाता से बनारस तक बन रही भारत माला प्रोजेक्ट में छत्तीसगढ़ की कंपनी कम कर रही है। इस कंपनी के प्रतिनिधि से रंगदारी पांडे गिरोह के द्वारा मांगी जा रही थी। नवंबर में माह में भी इस कंपनी को फोन किया गया था। कंपनी के प्रतिनिधियों ने रजरप्पा थाना क्षेत्र में कांड संख्या 178/24 दर्ज कराया था। दोबारा जब 10 दिसंबर को कंपनी के प्रतिनिधियों को रंगदारी के लिए फोन किया गया तो उस मामले में भी कांड संख्या 195 / 24 दर्ज हुआ था। इससे पहले भी बरकाकाना ओपी क्षेत्र में 179/ 24 और रजरप्पा थाना क्षेत्र में 89 / 21 कांड संख्या दर्ज है। छापामारी में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पुनि सह रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, पुअनि अशोक कुमार रजरप्पा, पुअनि रंजीत महतो, पुअनि ओमकार पाल , रामगढ़ तकनिकी शाखा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### चरही में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़

चरही। चरही पुलिस ने वाहन चकिंग के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि एक हुंडई कंपनी की आइटेन कार नंबर जेएच 10 टी/ 9253 रांची की ओर से भारी मात्रा में अवैध शराब को लादकर तस्करी के लिए बिहार की ओरजा रहा था। पुलिस ने कार रोकने का प्रयास किया। लेकिन चालक वाहन को भगाने लगा। चालक ने चरही एनएच 33 के कटिंग सड़क यूटर्न लेकर पुनः रांची कि ओर भागने का प्रयास किया। लेकिन पकड़ने को लेकर पुलिस पीछे पड़ी थी। वाहन चालक ने पुलिस पीछे पड़ते देख चरही टाटा मोटर्स सर्विसिंग सेंटर के अवैध शराब लदी कार छोड़कर जंगल और अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकला। कार को निरीक्षण करने पर कार पर भारी मात्रा में विदेशी शराब लदा पाया। विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि बुधवार रात करीब 8.30 पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार में राँची से हजारीबाग की ओर अवैध शराब लाई जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने हाईवे पर नाकाबंदी कर दी। पुलिस ने एक कार को रोका तो कार चालक गाड़ी छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल कि भाग निकला। कार के अंदर से इम्पीरियल गोल्ड डार्क रम के 132 बोतल तथा इम्पीरियल गोल्ड विस्की के168 बोतल बरामद किया गया।

### बड़कागांव में पंचायत समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से बैठक का किया बहिष्कार

बड़कागांव। प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से बैठक का बहिष्कार किया और अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठ गए। सदस्यों का कहना है कि आज तक जितनी भी बैठकें हुई उसका एक भी पारित किए गए प्रस्तावों पर कार्यवाही नहीं की गई इसलिए हम लोग अपने क्षेत्र में जवाब देने के काबिल नहीं बचे और जब तक कार्यवाही नहीं होगी तब तक बैठकों का बहिष्कार होता रहेगा। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर बताया कि प्रधान लिपिक खुर्शीद आलम के छुट्टी पर रहने के कारण पिछले मीटिंग का प्रोसिडिंग नहीं मिल पा रहा है जिससे नाराज होकर जनप्रतिनिधि बैठक का बहिष्कार किया जिसको लेकर प्रधान लिपिक खुर्शीद आलम, बीपीओ पंकज कुमार एवं कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष कुमार को कारण बताओं नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया है। इसके बाद पंचायत समिति सदस्यों द्वारा दिए जा रहे धरना को समाप्त किया गया। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी,उप प्रमुख वचन देव कुमार,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,मुखिया कविता देवी,पंसस उपेंद्र कुमार, किशोर कुमार बेदिया, रितेश ठाकुर,रणजीत कुमार चौबे,कृष्णा राम, उर्मिला कुमारी, कोशिला कुमारी, सुनीता देवी,रमणिका कुमारी,सुमन कुमारी, सुनीता देवी,मेधा कुमारी,गणेश साव, गीता देवी,बभणी देवी, प्रभु राम आदि मौजूद थे।

## मांडू में एक्सीडेंटल हार : बंधु

खबर मन्त्र संवाददाता




हजारीबाग। झामुमो और कांग्रेस को पूरे झारखंड में कामयाबी मिली लेकिन उत्तरी छोटानागपुर खासकर हजारीबाग विधान सभा की चार सीटों पर उसे हार का मुंह देखना पड़ा। इसी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने हजारीबाग विधान सभा सीटों को लेकर समीक्षा बैठक की और हार की वजहों को जानने का प्रयास किया। समीक्षा बैठक दो दिनों तक चली। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बंधू तिर्की ने कहा कि आलाकमान के आदेश पर हार की समीक्षा की गयी। सदर विधान सभा, बरही, बरकट्ठा और मांडू में हमलोग क्यों हारे इसपर मंथन किया गया. कई बातें सामने आयी जिसका खुलासा बाद में किया जायेगा। मांडू में जो हार हुयी वो हार नहीं है। वह विपक्षियों की एक्सीडेंटल जीत है। हमलोग समीक्षा कर सारी बातें ऊपर तक पहुचायेंगे। हालांकि बंधू तिर्की ने ये नहीं बताया कि समीक्षा में क्या बातें निकलकर सामने आयी। लेकिन एक बात जरूर कहा की आने वाले समय में खुलासा किया जायेगा की हार की वजहें क्या रही. मौके पर उनके साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह कई कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उज्जवला फाउंडेशन के उद्देश्य है महिलाओं का उत्थान: प्रजापति



कुजू। जब से उज्जवला फाउंडेशन का गठन हुआ है तब से क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने पर पहल किया जा रहा है। उक्त बातें फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति गुरूवार को उज्जवला फाउंडेशन के द्वारा बोंगावार में उज्जवला फाउंडेशन कार्यालय में आयोजित बैठक में महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के एक ही उद्देश्य है, महिलाओं का उत्थान। और इसी के तहत अब फाउंडेशन जल्द ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 2025 के शुरूआत से फाउंडेशन में 18 से 35 वर्ष के महिला सदस्यों को रोजगार दिया जायेगा। जबकि उससे आगे उम्र की महिलाओं को जोड़कर लाभ दिया जायेगा। इधर उन्होंने बैठक में समय पर नहीं आने वाले सदस्यों से दंड शुल्क लेने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन वीणा कुमारी ने किया। बैठक में

### बरही के केदारुत पंचायत में महुआ शराब का कारोबार चरम पर

बरही। हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड के केदारुत पंचायत में अवैध महुआ शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। पंचायत के अलग-अलग हिस्सों में वन विभाग की जमीन पर दर्जन भर से अधिक अवैध शराब भट्ठियां संचालित हो रही हैं। इस गतिविधि से जहां वन संरक्षण पर सवाल खड़े हो रहे हैं, वहीं क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो रही हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन अवैध भट्ठियों में महुआ से शराब तैयार की जाती है और इसे बरही समेत आसपास के इलाकों में बेचा जाता है। शराब का परिवहन प्रतिदिन मोटरसाइकिलों के जरिए बड़े-बड़े डिब्बों में लोड कर किया जाता है। इन डिब्बों को विक्रेताओं तक पहुंचाया जाता है, जो फिर इसे स्थानीय स्तर पर ग्राहकों को बेचते हैं। अवैध शराब भट्ठियों का संचालन वन विभाग की जमीन पर हो रहा है, जिससे न केवल वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी खतरे में पड़ गया है। शराब बनाने के लिए महुआ के पेड़ों का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है, और भट्ठियों के लिए जलावन के रूप में लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है। यह गतिविधियां वन क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित हो रही हैं।

## उत्पादन के साथ देश की सुरक्षा जरूरी : राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

- भुरकुंडा माईन ए बलकुदरा में मना 67वां खान सुरक्षा सप्ताह
- बेहतर काम करने वाले माइनिंग कर्मी किये गये सम्मानित




भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र की भुरकुंडा परियोजना के आउट सोर्सिंग खदान माईन अ बलकुदरा में गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि रोहिणी प्रोजेक्ट पीओ सह कार्यक्रम के कंवेनर राजेन्द्र प्रसाद द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। इसके बाद अतिथियों, अधिकारियों और सीसीएल कर्मियों ने सुरक्षा की सामुहिक शपथ ली। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर दुर्घटनाओं और कोरोना काल के दिवंगत साथियों को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। खान सुरक्षा सप्ताह समारोह की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद अधिकारियों ने सुरक्षा मापदंडो का भी निरीक्षण करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके पूर्व शांति निकेतन विद्यालय उरीमारी की छात्राओं ने अतिथियों का पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। इसके बाद गीत-नृत्य के साथ अतिथियों को मंचासीन कराया। मुख्य अतिथि कंवेनर राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि उत्पादन के साथ सुरक्षा देश और कोयला दोनों के लिए आवाशयक है। पहले सुरक्षा फिर उत्पादन के साथ सभी को चलना चाहिए। उन्होंने उत्पादन मस्ट बट सेफ्टी फस्ट का नारा बुलंद करते हुए कहा कि उत्पादन तो जरूरी है लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी सुरक्षा का ध्यान रखना है। मुख्य अतिथि श्री प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष के थीम सुरक्षा से उन्नति के तहत कार्य करें। सुरक्षा को ताक पर रखकर काम न करें। भुरकुडा परियोजना का आने वाले वर्ष उज्जवल है। यहां कई खदानों से कोयला का उत्पादन जल्द शुरू होगा। समारोह में बेहतर कार्य करने वाले माइनिंग कर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुरकुंडा पीओ राकेश कुमार सत्यार्थी व संचालन खान मैनेजर कमर फहीम और बबलू कुमार ने किया। समारोह को पीओ आईएसो सीबी प्रसाद, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार, शशि भूषण सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

**सुरक्षा मापदंडों का पालन करते हुए उत्पादन करें : राकेश सत्यार्थी**

भुरकुंडा पीओ राकेश कुमार सत्यार्थी ने कहा कि अंधाधुंध प्रोडक्शन के बजाय आंख खोलकर और सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए कोयला उत्पादन होना चाहिए। बलकुदरा खुली खदान में कोयले का अच्छा प्रोडक्शन हो रहा है, इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि भुरकुंडा में बीते पांच वर्षों में एक भी खान दुर्घटना नहीं हुई यह प्रशंसनीय है और इसे आगे भी बरकरार रखना है। उन्होंने डंपर चालकों से सीट बेल्ट का उपयोग करने और शराब पीकर वाहन न चलने की भी अपील की।

## एक नजर में

### भागवत कथा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में बुधवार से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन गुरूवार को आरती के साथ कथा वाचन की शुरूआत हुई। जिसमें कथा वाचक पुरोहित पंडित रामकुमार पाठक ने राजा परीक्षित के जन्म की कथा, नारद मुनि के पूर्व जन्म की कथा सुनाई। साथ ही सुखदेव जी की जन्म की कथा का सार बताया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति विभोर के साथ कथा का श्रवण किया। कथा के अंत में महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रसाद वितरण के साथ दूसरे दिन की कथा का समापन हुआ। बताया गया कि प्रतिदिन 3 बजे से शाम 5 बजे तक आगामी 17 दिसंबर तक श्री भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जितेन्द्र पांडेय, कंचन सिन्हा, शोभा, भोला सिंह, रिंकी सिंह, अजय यादव, भीम सिंह, किरण देवी, मंजु देवी, मीना मुंडा, जया पांडेय, राजन नायक, पिंटु लाल, शंकर सिंह, भोला सिंह, किशोर यादव, अशोक सिंह, मुन्ना यादव, बबीता देवी, सरोज राणा, रामाकांत दुबे, भीम सिंह, उत्तम कुमार, रवि गोस्वामी, अमित पाठक सहित दर्जनो श्रद्धालु जुटे हैं।

### जाम से निजात के लिए बने फ्लाईओवर

हजारीबाग। शहर की यातायात समस्या दिनोंदिन विकराल रूप ले रही है। बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के कारण जाम हर दिन का रोना हो गया है। करीब 145 साल पहले अंग्रेजों द्वारा तैयार किया गया मास्टरप्लान आज भी शहर के बुनियादी ढांचे का आधार है लेकिन समय के साथ हुए परिवर्तनों और बढ़ते दबाव को देखते हुए यह अब अप्रभावी हो चुका है। ऐसे में शहरवासियों और विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रैफिक की समस्या का स्थायी समाधान फ्लाईओवर के निर्माण में ही है. आपको बताते चले कि हजारीबाग की वर्तमान यातायात व्यवस्था पुराने मास्टरप्लान पर आधारित है, जिसे उस समय की जनसंख्या और जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया था। आज जब शहर की आबादी और ट्रैफिक में कई गुना वृद्धि हो चुकी है, तब भी इसी ढांचे पर निर्भरता के कारण जाम की समस्या विकराल हो गई है। शहर के प्रमुख बाजारों और चौराहों जैसे झंडा चौक,बंशीलाल चौक, मालवीय मार्ग कचहरी चौक, आनंदा चौक पर दिनभर जाम की स्थिति रहती है। यह समस्या न केवल व्यापारियों और यात्रियों को प्रभावित कर रही है, बल्कि स्कूल बसों और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए भी बड़ा खतरा बन गई है। इसी को लेकर सहर वासियो ने फ्लाईओवर निर्माण करने की मांग की है।

### बीजीआर माइनिंग ने किया ग्राम सभा

बड़कागांव। एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना के एम डी ओ कंपनी बीजीआर माइनिंग लिमिटेड के द्वारा प्रखंड के अंबाजीत गांव स्थित दुर्गा मंडप के समीप ग्राम सभा किया। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने कंपनी के प्रतिनिधियों से कहा के अगर हमारी मांगे पूरी की जाती है तो हमलोग कंपनी का समर्थन करेंगे। हमारी मुख्य मांगे कंपनी में रोजगार में स्थानीय ग्रामीणों और रैयतों को प्राथमिकता दी जाए, बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी और बिजली की सुविधा की गारंटी अगर कंपनी के द्वारा दी जाएगी तो हमलोग कंपनी का समर्थन करेंगे। कंपनी के प्रतिनिधि ने कहा के हमलोग बहुत दिनों से ग्रामीणों के साथ मीटिंग के प्रयास में थे। काफी प्रयास के बाद मीटिंग हो सका है। ग्रामीणों की जो मांग है वो जायज है।खनन क्षेत्र के प्रभावित हर एक गांव से लोगों का कमिटी बनाया जाएगा और कमिटी के माध्यम से क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों को किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

बरही। बरही थाना क्षेत्र के देवचन्दा मोड़ पर हुई एक सड़क दुर्घटना में 70 वर्षीय वृद्ध धानो यादव की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार धानो यादव अपनी बेटी के घर अमरुदवा केदारूत जा रहे थे। इस दौरान देवचन्दा मोड़ पर सड़क पार करते समय वह एक वाहन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बरही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना स्थल पर सुरक्षा इंतजामों की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की है।

### राजकीय मध्य विद्यालय बेडमक्का में बैठक



टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय बेडमक्का में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से खैरा मुखिया कुमारी माधुरी उपस्थित हुई। पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक संग सहायक शिक्षकों से आग्रह किया कि छात्र छात्राओं को सरकार के निदेर्शानुसार सरकारी नियमों को पालन करते हुए पाठयपुस्तक की शिक्षा दे । क्षेत्र के हरेक विद्यालय में पढ़ लिख रहे छात्र छात्राएं आने वाले कल का भविष्य है। वही उन्होंने निदेर्शानुसार शिक्षक अभिभावक के साथ बैठक में एमडीएम सूची के अनुसार शत प्रतिशत उपस्थिति , नया नामांकन ,पोशाक वितरण , विद्यालय कीट वितरण , कृमि मुक्ति के लिए हर वर्ष दवा का सेवन करना , बाल विवाह कानून निषेध , नवोदय विद्यालय में फार्म भरना ,निपुण भारत कार्यक्रम के तहत कूड़ेदान की उपयोगिता ,खेलकूद समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया । इस बैठक में प्रभारी प्रधानाध्यापक सरयू पांडेय ,राधा देवी ,सुरेंद्र रविदास ,मालती देवी ,पिंटू प्रसाद ,रीता देवी , उषा देवी कौशल्या देवी संग कई अभिभावक मौजूद थे।

### बिना डॉक्टर के चल रहा ओम नर्सिंग होम क्लीनिक और अल्ट्रासाउंड सेंटर

बरही। बरही धनबाद रोड स्थित ओम नर्सिंग होम क्लीनिक और अल्ट्रासाउंड सेंटर बिना डॉक्टर के संचालित हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। इस केंद्र पर इलाज के नाम पर मरीजों को उचित चिकित्सकीय सुविधा नहीं मिल पा रही है। आरोप है कि केंद्र में न तो कोई योग्य डॉक्टर है और न ही किसी प्रकार की सही देखभाल की व्यवस्था। स्थानीय प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेते हुए जल्द कार्रवाई करने की आवश्यकता है, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।संवाददाता द्वारा जब नर्सिंग होम के संचालक से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नही उठाया।

स्पीड न्यूज

## सर्दी ने बढ़ाई मुश्किलें, ठंड से बचाव की अपील

**चतरा।** शहर में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान में गिरावट से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सर्द हवाओं और कोहरे ने लोगों की दिनचर्या को कठिन बना दिया है। खासतौर पर सुबह और रात के समय ठंडक में भारी इजाफा हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है। ठंड से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब और बेघर लोग हो रहे हैं, जो खुले आसमान के नीचे रातें बिताने को मजबूर हैं। डॉक्टरों ने बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। गर्म कपड़े पहनने और घरों के अंदर रहने की हिदायत दी जा रही है। ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने और गर्म पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। ठंड के कारण बाजारों में गर्म कपड़ों और हीटरों की मांग बढ़ गई है। वहीं, ठंड के चलते स्कूलों के समय में भी बदलाव किया जा सकता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे जरूरतमंदों की मदद करें और ठंड से बचने के उपाय अपनाएं।

## साइकिल वितरण से बच्चों में खुशी का माहौल

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को कल्याण विभाग द्वारा 368 बच्चों और बच्चियों के बीच निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस आयोजन में कुल 15 विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 206 लड़कों और 162 लड़कियों को साइकिल दी गई। यह वितरण 2024-25 सत्र के लिए किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कल्याण विभाग के पदाधिकारी चितरंजन शर्मा के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में मिडिल स्कूल गिद्धौर से 36 लड़कों और 28 लड़कियों को साइकिल प्राप्त हुई। इसके अलावा, मध्य विद्यालय बरटा, पहरा, उर्दू विद्यालय किरकिरा, नयाखाप, पेक्सा, पिंडारकौण, रूपीन, बारियातू, गांगपुर सहित अन्य विद्यालयों के बच्चे और बच्चियां भी इस अवसर पर उपस्थित थे। विद्यालय के शिक्षक और अध्यक्ष भी इस आयोजन में शामिल हुए। बच्चे भी अपनी नई साइकिलों को पाकर खुशी से झूम उठे।

## पहरा पंचायत की मुखिया बेबी देवी ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के पहरा पंचायत की मुखिया बेबी देवी और मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव ने गुरुवार को 40 जरूरतमंद, गरीब, विकलांग और असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। यह कंबल वितरण मरंगी, सिंदूर्वे, रोहमर और पहरा गांवों में किया गया। कंबल प्राप्त करने वाले बुजुर्गों में महिला और पुरुष दोनों शामिल थे। इस अवसर पर महेश रजक, विकास रजक, किशुन उरांव, अजय यादव, रोहन यादव, शंभुशरण यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## हाईवा की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत चंदवारा प्रखंड मुख्यालय गेट के समीप गुरुवार को हाईवा की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल गये। वहीं घायल की पहचान 19 वर्षीय संजीत यादव एवं 18 वर्षीय अरविंद यादव ग्राम गैड़ा थाना जयनगर निवासी के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार हाईवा चंदवारा से झुमरीतिलैया की ओर जा रहा था, हाईवा के पीछे से बुलेट पर सवार दो युवक चंदवारा से झुमरीतिलैया की ओर जा रहे थे। वहीं प्रखंड मुख्यालय गेट के सामने हाईवा चालक अचानक प्रखंड मुख्यालय के बगल बने सर्विस रोड में जाने लगा, पीछे से जा रहे बुलेट सवार हाईवा को टक्कर मार दिया।, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार दलबल के साथ पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती काराया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआईजी का कोडरमा दौरा

# क्राइम कंट्रोल, गृह भेदन जैसे मामलों का जल्द करें निबटारा : डीआईजी

- डोमचांच थाना व अंचल का किया निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश





खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग सुनील भाष्कर द्वारा गुरुवार को डोमचांच पुलिस अंचल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक कार्यालय, डोमचांच अंचल के पर्यवेक्षण, अपराध नियंत्रण संचिका, दैनिक प्रतिवेदन, मासिक प्रतिवेदन आदि का समीक्षा किया गया। वहीं डोमचांच अंचल अंतर्गत सभी थाना प्रभारी से उनके थाना क्षेत्र के विधि-व्यवस्था का जायजा लिया एवं थाना में अभिलेखों व कार्यों का सही तरीके से संधारित एवं पुलिस पदाधिकारी व कार्मीयों की कार्यशैली की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक डोमचांच अंचल, कोडरमा एवं थाना प्रभारी मौजूद थे।

**नियमित दौरे के तहत पहुंचे कोडरमा**

डीआईजी सुनील भाष्कर ने बताया कि वे नियमित दौरे के तहत कोडरमा पहुंचे हैं। उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल अंतर्गत विभिन्न जिले, अनुमंडल व थानों का निरीक्षण किया जाता है। जिसके तहत गुरूवार को डोमचांच थाना अंचल का निरीक्षण किया गया है।

**पुलिस उप महानिरीक्षक के आदेशों का होगा अनुपालन : एसपी**

इधर एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि पुलिस उप महानिरीक्षक ने जो दिशा-निर्देश दिए हैं, उसका पूरी तरह से अनुपालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों से लागातार बढ़ते क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया जाता जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि नए वर्ष में पिकनिक स्पॉट पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी, ताकि नए साल का उत्सव शांति पूर्वक सम्पन्न हो सके।

## मरकच्चो में स्कूल वैन ने बच्ची को रौंदा, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग पर मरकच्चो शाहगंज के समीप स्कूल वैन की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गयी। वहीं मृतका की पहचान पांच वर्षीय रिफत परवीन पिता मो. वाजिद शाहगंज निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बच्ची अपने घर के बाहर सड़क किनारे खेल रही थी। इसी दौरान एक निजी विद्यालय की वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। वहीं गंभीर रूप से घायल बच्ची को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो लेकर पहुंचे। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में एक एएनएम के अलावा कोई भी स्वास्थ्य कर्मी उपलब नहीं था, जिस कारण घायल बच्ची का प्राथमिक उपचार नहीं हो पाया। इसके बाद वे बच्ची को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां जांच के बाद चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इधर सीओ परमेश्वर कुशवाहा व थाना प्रभारी सौरव शर्मा ने घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी ली। साथ ही वाहन चालक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गये।

**कर्मा धाम गये थे सभी स्वास्थ्य कर्मी**

घटना स्थल पर पहुंचे प्रमुख विजय सिंह, पूर्व मुखिया अशोक दास सहित अन्य प्रतिनिधियों को भी अस्पताल की लापरवाही पर ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा। बाद में प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहीं प्रमुख ने बताया कि जानकारी मिली है कि सभी स्वास्थ्य कर्मी एक खान-पान कार्यक्रम में हिस्सा लेने कर्मा धाम चले गये थे। इस वजह से बच्ची का प्राथमिक उपचार नहीं हो पाया और बच्ची की जान चली गयी। स्वास्थ्य कर्मियों की इस लापरवाही से सिविल सर्जन व प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को अवगत कराया है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। वहीं प्रमुख ने कहा कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधि आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## शहर सहित आसपास के इलाकों में बढ़ गयी हैं चोरी की घटनाएं

- पुलिस को दिये गये आवेदन के बाद मामले की जांच शुरू हुई तो इसमें बड़ा खुलासा होने की संभावना है

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर सहित आसपास के इलाकों में इन दिनों अचानक चोरी की घटनाएं बढ़ गयी है। गत दिन थाना क्षेत्र के गांधी स्कूल रोड मास्टर मोहल्ला निवासी अरुण कुमार दास के घर में भी चोरी की घटना हुई। जहां से चोर 40 हजार नकद व सोने की अंगूठी चुरा ले गये थे। घटना के समय घर पर कोई नहीं था, गृह स्वामी निजी काम से रांची गये थे। घटना को लेकर पुलिस को दिये गये आवेदन के बाद मामले की जांच शुरू हुई तो इसमें बड़ा खुलासा होने की संभावना है। पुलिस ने इस मामले की जांच के दौरान शहर के ही दो आभूषण दुकानदारों को हिरासत में लिया है, जहां इन दोनों से पूछताछ चल रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि ये दोनों बिहार के सीवान व अन्य जगहों से अपराध कर्मियों को बुलाकर चोरी की घटना को अंजाम दिलवा रहे थे। शर्त यह थी कि चोरी के दौरान मिले आभूषण को इनके पास ही देना होगा। वहीं बताया जाता है कि पुलिस ने जिन दो दुकानदारों को हिरासत में लिया है, उनकी दुकान अलग-अलग जगह संचालित है। ये बिहार से अपराधियों को बुलाकर उनके खाने-पीने से लेकर रहने तक का इंतजाम कराते थे। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी शहर में छोड़ भाग जा रहे हैं। जांच के दौरान मिले सुराग के बाद पुलिस ने इनको पकड़ कर पूछताछ शुरू की है, साथ ही अपराध कर्मियों की धर-पकड़ को लेकर छापामारी की जा रही है। वहीं बुधवार देर शाम इस मामले की विस्तृत जांच चल रही थी, संभावना जतायी जा रही है कि पुलिस पूरे मामले का जल्द खुलासा कर सकती है।

### परसाबाद में स्कॉर्पियो चोरी का प्रयास, सामान उड़ाया

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। चोर आय दिन किसी न किसी के वाहन, दुकान और घरों पर निशाना लगाकर हाथ साफ करते जा रहे हैं। इस बार तो चोरों ने थाना क्षेत्र के परसाबाद बाजार निवासी अनिल राय के घर के समीप खड़ी स्कॉर्पियो चोरी करने का प्रयास किया, परंतु चोरी नहीं कर सके, लेकिन गाड़ी में लगी बैटरी सहित कई कीमती सामान ले गये। साथ ही गाड़ी को नुकसान भी पहुंचाया। वहीं चोरी की घटना को लेकर अनिल राय ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि रात करीब एक बजे अपना स्कॉर्पियो जेएच-02बीएल-6908 को घर के पास खड़ा किया था, चोरों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर गाड़ी में लगे रिले, फ्यूज, एलईडी, बैटरी सहित कीमती सामान चोरी कर ली। चोरों ने गाड़ी चोरी करने का भी प्रयास किया, मगर लॉक नहीं तोड़ पाने के कारण गाड़ी चोरी नहीं कर पाये।

## गिद्धौर में ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के कस्तूरबा विद्यालय के पास एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पुलिस ने गुरुवार को एक तस्कर को 32 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान गिद्धौर हेठ टोला निवासी महेंद्र दांगी के पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि नियमित जांच अभियान के तहत यह सफलता हाथ लगी। पुलिस ने मौके से एक काले रंग की पल्सर बाइक, वीवो कंपनी का टच मोबाइल और 32 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया। आरोपी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों की तस्करी क्षेत्र के युवाओं को नशे की लत में धकेल रही है, जिसे रोकने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इस अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खलको और रिजर्व पुलिस बल ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार तस्कर लंबे समय से इस धंधे में लिप्त था और इसे पकड़ने के लिए पुलिस की नजरें कई दिनों से उस पर टिकी थीं। पुलिस को आशंका है कि यह तस्कर किसी बड़े गिरोह का हिस्सा हो सकता है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह ब्राउन शुगर कहां से लाता था और इसे कहां सप्लाई करता था। साथ ही अन्य संभावित तस्करों का भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि नशे के अवैध कारोबार को पूरी तरह खत्म किया जा सके।

## सीओ ने प्रज्ञा केन्द्र संचालकों के साथ की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड के सभी पंचायतों के प्रज्ञा केन्द्र संचालकों व भीएलई के साथ ऑनलाइन फॉर्म में सुधार कर ऑनलाइन करने को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ परमेश्वर कुशवाहा व संचालन राजस्व कर्मचारी सह अंचल निरीक्षक अजीत कुमार साव ने किया। वहीं सभी प्रज्ञा केन्द्र संचालकों को अंचल निरीक्षक के द्वारा जाती, आवासीय और आय प्रमाण-पत्र एवं दाखिल खारिज के फार्म को ऑनलाइन करने समेत सभी कॉलम को साफ-साफ एवं स्पस्ट रूप से भरकर ऑनलाइन करने एवं खतियान की कॉपी स्पष्ट पढ़ने की जानकारी विस्तार से दिए, जिनका खतियान में जाति नहीं लिखा गया है ग्राम सभा कर कापी लगाने व जाती से संबंधित अन्य दसवेज लगाने की जानकारी दी गयी ताकि अग्रेतर कार्रवाई करते समय किसी भी फॉर्म में पदाधिकारियों को दिक्कों का सामना करना नहीं पड़े। मौके पर पंकज सिंह, प्रकाश कुमार, अरविंद कुमार, चंदन कुमार, संतोष यादव, पवन दास, रंजीत यादव, गोविंद यादव, मोती पांडेय, बीरेंद्र यादव, एयाज मोहसिन, प्रेम सागर, सुरेंद्र पंडित समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## प्रखंड सभागार कोडरमा में सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**कोडरमा।** पोषण भी, पढ़ाई भी के तहत् सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का प्रखंड सभागार कोडरमा में आयोजित किया गया। इसके तहत गुरूवार को पहले बैच का समापन के अवसर पर डीएसडब्लूओ कनक कुमारी तिर्की ने सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए पोषण भी, पढ़ाई भी के महत्व के बारे में बताया। उनके द्वारा सेविकाओं को इसके तकनीकी पहलु के बारे में बताया गया। वहीं उन्होंने बताया कि प्रत्येक परियोजना के कुल 751 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण 11 दिसम्बर 2024 से 09 जनवरी 2025 तक सभी परियोजना में संचालन किया जायेगा। प्रारंभिक बचपन की शिक्षा एवं पोषण में सुधार के उद्देश्य से पोषण भी पढ़ाई भी अभियान की शुरुआत की गई है। वहीं 1000 दिन के अंदर पोषण हस्तक्षेप की महत्व पर विस्तार पूर्वक बताया गया। वहीं जिला परियोजना सहायक सुशील कुमार ने पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत पोषण ट्रैकर में लाभुकों का शत-प्रतिशत डाटा इंट्री, लाभुकों का आधार सत्यापन, लाभुकों का मोबाईल नम्बर का सत्यापन, आधारभूत संरचना की डाटा एंट्री, कम जगह में पोषण वाटिका का निर्माण, केन्द्रों की साफ-सफाई, बच्चों के प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने में उनकी क्षमता की वृद्धि होगी।

## गिद्धौर प्रखंड में बैंकर्स समिति की बैठक में जन कल्याणकारी योजनाओं पर की गयी चर्चा



**गिद्धौर।** गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में एलडीएम रविंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कई योजनाओं की समीक्षा और क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में केसीसी, एसएचजी ग्रुप, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। एलडीएम ने बताया कि अबुआ आवास के लाभार्थियों का आधार से लिंक कराना अनिवार्य है और जपुआ क्षेत्र में शिविर लगाकर बिरहोर परिवारों के खाते खोलने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर से 15 जनवरी तक प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक गांव में शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों को मात्र 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर बीमा उपलब्ध होगा। वहीं, पीएमजेजेबीवाई के तहत 18 से 50 वर्ष के लाभार्थियों को 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम देना होगा। बैठक में बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, शाखा प्रबंधक और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार और शिविरों के सफल आयोजन के निर्देश दिए गए।

## पोषण भी, पढ़ाई भी विषय पर आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**चतरा।** जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से पोषण भी, पढ़ाई भी विषय पर आंगनबाड़ी सेविकाओं का आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के बाद सभी सेविकाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया। डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में सभी छह बाल विकास परियोजना के 100-100 आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में समर अभियान के डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण में सीखे बातों को अपने आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर उसे लागू कर अपने कार्य-दायित्व का निर्वहन अच्छे ढंग से करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में सेविकाओं को 3-6 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास, संज्ञानात्मक विकास, भौतिक विकास, रचनात्मक और सौंदर्य विकास, भाषा एवं साक्षरता विकास करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक की भूमिका सिमरिया की महिला पर्यवेक्षिका माहे जबीं, टंडवा की अर्पणा मरांडी, इटखोरी की मंजु कुमारी, चतरा की महिला पर्यवेक्षिका आरती कुमारी एवं समर अभियान के क्षेत्रीय प्रबंधक शंभु बड़ाईक ने निभाई।

## कोयला ढुलाई विवाद : आम्रपाली परियोजना में हाइवा मालिकों और ट्रांसपोर्टरों के बीच तनाव गहराया

**चतरा।** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र स्थित आम्रपाली कोल परियोजना में विस्थापित हाइवा मालिकों और ट्रांसपोर्टरों के बीच कोयला ढुलाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। लगभग 11 महीने पहले ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा 16 जनवरी 2024 को लिखित सहमति दी गई थी, जिसमें 2 लाख टन कोयला ढुलाई करने की बात कही गई थी, किंतु अब वह अपनी ही शर्तों से मुकर गई है। इस स्थिति ने वाहन मालिकों में घोर असंतोष और अविश्वास पैदा कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी के पक्ष में कुछ सफेदपोशों का गठजोड़ सक्रिय हो गया है, जो वाहन मालिकों पर दबाव डालकर काम निकालने की कोशिश कर रहे हैं। वाहन मालिकों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से उनके लाखों रुपये ट्रांसपोर्टरों ने हड़प लिए हैं, किंतु उनके खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वे यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिरकार उनके शोषण और दमन करने वालों के विरुद्ध जवाबदेहों का मुंह क्यों नहीं खोला जा रहा है। यह मामला स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है, और वाहन मालिकों को न्याय दिलाने के लिए शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता है।

## नाबालिग से यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरनाडीह फुलवरिया की एक नाबालिग लड़की से बहला-फुसला व शादी का झांसा देकर जबरन यौन शोषण करने को लेकर पीड़िता ने बुधवार की देर शाम नवलशाही थाना में आवेदन दिया था। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने मामला दर्ज करते हुए विक्रम गोस्वामी पिता भरत गोस्वामी ग्राम जरीडीह दुम्मा जमुआ निवासी दुष्कर्मी आरोपी को देवघर जिला से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

## 15 वर्षीय किशोरी ने की आत्महत्या

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनगुंडी में एक 15 वर्षीय किशोरी अनीसा कुमारी पिता सिकंदर यादव ने दुपट्टा के सहारे घर में आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार खबर लिखे जाने तक पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में थी एवं मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रिजली कॉलेज में जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव आयोजित

- जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं से लगभग 200 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के अवसर पर पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग झारखंड अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय रांची के तत्वावधान में जिला प्रशासन नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम की देखरेख में जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं से लगभग 200 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिता सामूहिक लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, एकल लोक गीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक विज्ञान मेला, एकल विज्ञान मेला एवं फोटोग्राफी में प्रतिभाग कर अपने ज्ञान, कला, कौशल, क्षमता, तकनीकी एवं उर्जा से अपने क्षेत्र के एवं राष्ट्र के संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ एसी पूनम कुजुर, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत, राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक लोक गीत में प्रथम जेजे कॉलेज कोडरमा, एकल लोक गीत में प्रथम पारुल कुमारी, द्वितीय सीमा जोजो एवं तृतीय, सामूहिक लोक नृत्य' में प्रथम जेजे कॉलेज, लितीय ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा गोद लिए ग्रामीण बच्चियां, एकल लोक नृत्य' में प्रथम नीतू कुमारी, द्वितीय राइमा घोष एवं तृतीय कल्पना भारती, कविता लेखन' में प्रथम निरंजन कुमार, द्वितीय सुनील कुमार वर्मा एवं तृतीय प्रिया राय, कहानी लेखन' में प्रथम अंगूरी खातून, द्वितीय तुलेश्वर महतो एवं तृतीय नीतेश कुमार सेठ। वहीं भाषण में प्रथम नेहा, द्वितीय सोनाली कुमारी एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त शिफा नूरी एवं संतोषी कुमारी। वहीं चित्रकला में प्रथम रवि कुमार, द्वितीय जीनत नाज एवं तृतीय रिया बोस। वहीं विज्ञान मेला एकल' में प्रथम प्रिंस कुमार, द्वितीय महादेव कुमार यादव, विज्ञान मेला सामूहिक में प्रथम रोहित ग्रुप, द्वितीय कसमीना ग्रुप एवं तृतीय अनामिका ग्रुप एवं फोटोग्राफी में प्रथम आदित्य कुमार यादव, द्वितीय शेखर कुमार एवं तृतीय कुणाल कुमार स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अव्वल रहे सभी प्रतिभागियों को जिला प्रशासन द्वारा प्रमाण पत्र, उपहार एवं नकद राशि प्रदान कर उनके हौसले को ऊर्जावान्वित किया गया। निर्णायक मंडली के रूप में डॉ. संजय कुमार, डॉ. संजीव कुमार, श्वेता, सुप्रिया, कुरेश शर्मा, दीपक कुमार पांडेय आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं एसी पुनम कुजूर ने कहा कि युवा महोत्सव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग को निरंतर आगे बढ़ाता है एवं उनको एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है, जो व्यक्तित्व का विकास करता है।

वहीं जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। अतः हमें सदैव उन्हें ऊर्जावान करने की आवश्यकता है। युवा महोत्सव हमेशा युवाओं को सकारात्मक मार्गदर्शन करता है। वहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.मृदुला भगत ने कोडरमा जिला प्रशासन एवं सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद कर उम्दा प्रदर्शन की शुभकामना दी। मुख्य अतिथि एसी पुनम कुजूर को राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल पदाधिकारी जिला युवा अधिकारी द्वारा पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को पौधा एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मौके पर अमन, सौरभ शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

# चतरा : राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक में अतिक्रमण मुक्त अभियान पर जोर

- उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के दिये निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, दाखिल खारिज, दाखिल खारिज अपील, राजस्व न्यायालय, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना और भारत माला परियोजना के अंतर्गत रैयतों के भुगतान जैसे विषयों की क्रमवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**अतिक्रमण मुक्त अभियान को मिली प्राथमिकता :** चतरा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अंचल अधिकारी को नोटिस जारी करते हुए त्वरित कार्यवाही का आदेश दिया गया। साथ ही अवैध जमाबंदी को रद्द करने के लिए सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ई-राजस्व न्यायालय पद्धति को सुदृढ़ करने के लिए भी कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पर विशेष जोर :** बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र लाभुकों को शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर बल दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि जिन लाभुकों के दस्तावेजों में त्रुटियां हैं, उन्हें सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को लाभुकों से समन्वय स्थापित करना चाहिए। इस बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# सरयू राय की याचिका पर जेपीसीबी व पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को एनजीटी का निर्देश

## सोनारी के कचरा डंप में आग का मुद्दा गरमाया





■ आग तुरंत बुझायें, एटीआर दें व व्यक्तिगत शपथ पत्र दायर करें
■ अगली सुनवाई अब 8 जनवरी 2025 को होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/जमशेदपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव और पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को निर्देश दिया है कि सोनारी के कचरा डंप में लगी आग को तुरंत बुझाने, इससे हो रही प्रदूषण को अविलंब नियंत्रित करने तथा इस बारे में एक व्यक्तिगत शपथ पत्र दायर करें और याचिका में लगाये गये आरोपों के संबंध में एटीआर (एक्शन टेकन रिपोर्ट) 8 जनवरी, 2025 के पूर्व दायर करें। यह मामला सुनवाई के लिए एनजीटी की अदालत (कोलकाता बेंच) में 8 जनवरी, 2025 को सूचीबद्ध किया गया है। इस मामले की सुनवाई अमित स्थालकर और डॉ अरूण वर्मा की पीठ में होगी। यह आदेश 11 दिसम्बर, 2024 को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की याचिका संख्या-46/2024 पर सुनवाई के दौरान दिया गया। विधायक सरयू राय ने मूल याचिका संख्या-05/२३, जो सोनारी के के.एस. उपाध्याय द्वारा एनजीटी में दायर की गई थी, अंतिम आदेश दिनांक 05.04.2023 को पारित हुआ था। इस आदेश के साथ ही एनजीटी ने इस मूल याचिका का निस्तारण कर दिया था। विधायक सरयू राय ने एनजीटी में दायर याचिका में कहा कि के.एस. उपाध्याय की याचिका को निष्पादित करते हुए जो आदेश एनजीटी ने दिनांक 05.04.23 को पारित किया था, उसका क्रियान्वयन झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त ने नहीं किया है।

# जैट रजिस्ट्रेशन में बना रिकॉर्ड, कुल 1,42,235 उम्मीदवारों ने किया आवेदन

■ 20 दिसंबर से डाउनलोड होगा एडमिट कार्ड, पांच को होगी परीक्षा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ समेत देश के 250 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए होने वाले जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (जैट) की परीक्षा पांच जनवरी 2025 को होगी। परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी। जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (जैट) 2025 में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इस वर्ष कुल 1,42,235 उम्मीदवारों ने जैट की परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन किया है। एक्सएलआरआइ की ओर से बताया गया कि यह ना सिर्फ एक बड़ी उपलब्धि है बल्कि यह भारत के फ्यूचर लीडर में मैनेजमेंट के कोर्स के प्रति बढ़ी लोकप्रियता को भी दर्शाती है। जैट पिछले कई दशकों से भारत के शीर्ष बिजनेस स्कूलों में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए एक विश्वसनीय प्रवेश द्वार रहा है। इन स्कूलों के पासआउट स्टूडेंट आज वैश्विक स्तर पर कई बड़ी कंपनियों व प्रमुख संगठनों में प्रभावशाली भूमिकाएं निभा रहे हैं। परीक्षा की उत्कृष्टता और प्रतिष्ठा ने विभिन्न शैक्षणिक और पेशेवर पृष्ठभूमियों से आने वाले प्रतिभागियों को आकर्षित किया है। जैट की विशेषता इसका समावेशी और अनोखा प्रारूप है। पूरे देश में एक ही समय पर आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा सभी उम्मीदवारों को समान अवसर प्रदान करती है। जैट के संयोजक प्रोफेसर राहुल शुक्ला ने कहा, जैट हमेशा समावेशिता और विविधता का प्रतीक रहा है, और इस वर्ष के रिकॉर्ड पंजीकरण हमारी इन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उम्मीदवारों के पॉजिटिव फीडबैक हमारे इस विश्वास को मजबूत करती है कि हम मैनेजमेंट एडुकेशन में ट्रांसफॉर्मेटिव पावर हैं। मालूम हो कि जैट में आवेदन की अंतिम तिथि पूर्व में 30 नवंबर तय की गयी थी। जिसे बढ़ा कर 10 दिसंबर तक की गयी। इससे भारत के सबसे प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान में आवेदन करने करने के लिए अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय मिला। जैट 5 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाला है, एडमिट कार्ड 20 दिसंबर को जारी किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### हाइवा ने हाइड्रा को मारी टक्कर, एक घंटे जाम

**गम्हरिया।** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया उषा मोड़ के समीप बोल्डर लदा हाइवा द्वारा पीछे से हाइड्रा में जोरदार टक्कर मार दी गई। हालांकि इस दुर्घटना में दोनों वाहन चालक बाल बाल बच गये। दुर्घटना होने के कारण आवागमन बाधित हो गया।

### भारी वाहनों को किया गया पुनर्निर्देशित

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने ट्यूब्स डिवीजन राउंडअबाउट, एचएसएम फ्लाईओवर और बर्मामाइंस राउंडअबाउट के पास भारी वाहनों की पार्किंग के कारण यातायात और भीड़भाड़ संबंधित क्षेत्र में यातायात को सुचारु ढंग से चलाने हेतु भारी वाहनों को पुनर्निर्देशित करने सहित तत्काल उपाय लागू किये गये हैं।

### 17 को तुपुदांग स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन यूसील के नरवापहाड़ प्रोजेक्ट के माध्यम से तुपुदांग स्कूल में 17 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा। शिविर में सामान्य रोग के साथ विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

### वार्षिक खेल दिवस में ब्लू हाउस बना चैंपियन

**जमशेदपुर।** आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम मध्य विद्यालय, बिष्टुपुर में गुरुवार को वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। इसमें बेस्ट मार्च पास्ट और बेस्ट ड्रिल का अवार्ड ब्लू हाउस ने जीता। ग्रीन हाउस रनर रहा।


### जुगसलाई की समस्या पर सिंहभूम चैंबर मुखर

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जुगसलाई की समस्याओं को लेकर मुखर होते हुये जिला के उपायुक्त अनन्य मित्तल का ध्यानाकृष्ट कराते हुये, इसके जल्द से जल्द निराकरण का आग्रह किया है। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि जुगसलाई एक बहुआबादी वाला क्षेत्र है तथा जमशेदपुर शहर का एक प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र भी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# टाटा स्टील ने पेश किया अपना नया कॉर्पोरेट पॉडकास्ट फायर्डअप

■ फायर्डअप में होंगी उद्योग जगत के अग्रणियों, दूरदर्शी विचारकों और पथप्रदर्शकों की प्रेरक कहानियां और बातचीत शामिल
■ जिनके भीतर भविष्य गढ़ने का जुनून और जज्बा है




Fired UP by TATA STEEL

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अपना कॉर्पोरेट पॉडकास्ट 'फायर्डअप' लॉन्च किया है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग जगत के अग्रणी, दूरदर्शी विचारक और पथप्रदर्शक शामिल होंगे, जो जनहित में प्रेरणादायक और रोचक संवाद प्रस्तुत करेंगे। टाटा स्टील की इस अनूठी पहल, फायर्डअप की शुरुआत कंपनी के चीफ इन्फोर्मेशन ऑफिसर (सीआईओ) जयंत बनर्जी के साथ हुई, जो पहले अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने 'ट्रांसफॉर्मिंग टुमॉरोः द डिजिटल वे' विषय पर अपने विचार साझा किए। टाटा स्टील के सीआईओ के रूप में, जयंत बनर्जी आईटी, डिजिटल, और इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन के क्षेत्र में इंडस्ट्री 4.0/5.0 ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्व कर रहे हैं, ताकि व्यवसाय में वास्तविक मूल्य सृजन किया जा सके।

फायर्डअप के पहले संस्करण की मेजबानी गौरव मंडलेचा ने की। बिट्स पिलानी के पूर्व छात्र गौरव, भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के एक उभरते हुए योगदानकर्ता हैं। वे इंजीनियरिंग और अर्थशास्त्र में अपने ज्ञान को उद्यमशीलता की सोच के साथ जोड़ते हैं।

पॉडकास्ट फायर्डअप का नाम स्टील मेकिंग प्रक्रिया से प्रेरित है, और यह उन भविष्य के अतिथियों को दर्शाता है जो ऊर्जा, जुनून और दृढ़ संकल्प से भरपूर हैं, और अपने-अपने क्षेत्रों में नवाचार और नेतृत्व की मिसाल पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।₹ जबकि फायर्डअप के पहले एपिसोड्स में टाटा स्टील के पारिस्थितिकी तंत्र के अग्रणी लीडर्स के साथ प्रेरक संवाद होंगे, भविष्य में ये सभी क्षेत्रों से जुड़े पेशेवरों और प्रभावशाली व्यक्तित्वों के विचारों और दृष्टिकोणों को भी प्रस्तुत करेगा।

चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा कि आज पॉडकास्ट केवल गंभीर और दिलचस्प वातालापों का एक प्रभावशाली और आकर्षक माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि यह उन दर्शकों तक भी पहुंचने की क्षमता रखते हैं जो पारंपरिक मीडिया प्लेटफॉर्म्स का कम उपयोग करते हैं। फायर्डअप का उद्देश्य संवाद-आधारित कंटेंट के माध्यम से स्टील उद्योग के भीतर और बाहर की पहलुओं को उजागर करना है, जिससे यह ऐसा स्रोत बने, जो जानकारी, ज्ञान और प्रेरणा का खजाना हो और व्यापक दर्शकों के लिए लाभकारी साबित हो। हम फायर्डअप पॉडकास्ट श्रृंखला के साथ इस नए सफर की शुरूआत करने के लिए उत्साहित हैं और हमें विश्वास है कि हम शानदार अतिथियों को लाकर हर एपिसोड को हमारे दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव बना पाएंगे। फायर्डअप टाटा स्टील के यूट्यूब चैनल, स्पॉटिफाई, कंपनी की वेबसाइट, और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध है।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस गुंजन किडनी केयर का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**आदित्यपुर।** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग स्थित उत्कल ऑटोमोबाइल के समीप गुंजन किडनी केयर का पारंपरिक पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के साथ शुभारंभ हुआ। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गुंजन किडनी केयर में एसुलेटेड डायलिसिस, नेफ्रोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट और मेडिसिन विशेषज्ञों की सेवाएँ किफायती दर पर उपलब्ध कराई जाएंगी। अस्पताल के प्रोपराइटर डॉ जेएन दास ने बताया कि यह केंद्र विशेष रूप से निम्न और अल्प वेतनभोगी वर्ग को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्डधारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी आरंभ की जा रही है, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोग भी लाभान्वित हो सकें। शुभारंभ कार्यक्रम में आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के पूर्व अध्यक्ष संतोष खेतान, डॉ सुषमा बारला, डॉ जयदेव नंदी भी थे।

# जिला के 50 किसानों को एक्सपोजर विजिट के लिए भेजा गया ग्रेटर नोएडा

## राष्ट्रीय बगवानी मिशन

■ जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक आईटीडीए ने समाहरणालय से किसानों के बस को हरी झंडी दिखाकर रेलवे स्टेशन के लिए किया रवाना



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिला उद्यान कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम के तत्वावधान में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत 50 किसानों को इंस्टीट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा के लिए 5 दिनों के एक्सपोजर विजिट हेतु रवाना किया गया। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी द्वारा समाहरणालय से बस को हरी झंडी दिखाकर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया जहां से सभी किसान रेल मार्ग से नोएडा जायेंगे। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी अनिमा लकड़ा, जिला कृषि पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

नोएडा स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर में किसानों को उन्नत खेती व अन्य तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के लिए विभिन्न स्थलों का भ्रमण करवाया जायेगा।

# उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक

■ वरीय पुलिस अधीक्षक, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, एडीसी एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारी हुए शामिल
■ सड़क दुर्घटनां, ब्लैक स्पॉट पर अपेक्षित कार्रवाई, राजस्व संग्रहण, यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई आदि की समीक्षा कर दिये दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा की बैठक हुई। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एडीसी भगीरथ प्रसाद, डीटीओ धनंजय, एमवीआई सूरज हेम्ब्रम, तीनों नगर निकाय के सहायक नगर आयुक्त, शिक्षा विभाग, एनएचएआई, ट्रैफिक डीएसपी समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर बैठक में चर्चा हुई।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने एनएचएआई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि नेशनल हाईवे में बने सभी पुल का फिटनेस जांच कर एक महीने के भीतर रिपोर्ट समर्पित करेंगे। हाईवे में जगह-जगह पर मेडिकल एसिसटेंस संबंधी हेल्पलाइन नंबर डिस्पले किए जाने, साइनेज, स्पीड लिमिट का बोर्ड जगह-जगह लगाने के निर्देश दिये।



# सीएम हेमंत सोरेन को जिप सदस्य ओमप्रकाश ने दी जीत की बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**चांडिल।** गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो के साथ चांडिल के पूर्व जिला पार्षद सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक ने अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट कर जीत की बधाई दी। ओमप्रकाश लायेक ने बताया कि इस दौरान ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी कार्य किया जायेगा। विधानसभा चुनाव में सविता महतो को जीत दिलाने में ओमप्रकाश लायेक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, शंकर लायेक, आशीष मंडल, बादल महतो उपस्थित थे।

# टाटा कंपनी जमशेदपुर का लीज पुनः नवीनीकरण विस्तारीकरण पर लगे रोक

■ भारत आदिवासी पार्टी पूर्वी सिंहभूम ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारत आदिवासी पार्टी पूर्वी सिंहभूम, जिला कमेटी की ओर से आगामी 31 दिसंबर 2024 को टाटा कंपनी जमशेदपुर का लीज समाप्त होने पर पुनः लीज नवीनीकरण पर विस्तारीकरण की रोक लगाने के संबंध में एक ज्ञापन झारखंड के राज्यपाल को उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन के नेतृत्व में सौंपा गया। मौके पर मदन मोहन ने कहा कि टाटा कंपनी 115 साल गुजरने के बाद भी पूर्वी सिंहभूम के आदिवासियों, मूलवासियों को आर्थिक, शैक्षणिक एवं समाजिक रूप से सशक्त बनाने में असफल रहा है। कंपनी में आदिवासियों को कभी हिस्सेदार बनाने का प्रयास नहीं किया गया बल्कि नौकरी से भी आदिवासियों को जबरन साजिश के तहत इएसएस देकर कम्पनी से निकल दिया गया। आदिवासियों को साजिश के तहत पलायन होने के लिए मजबूर कर उनकी जनसंख्या को प्रभावित कर जमशेदपुर में अल्पसंख्यक बना दिया गया। टाटा कंपनी ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 (5),19(6) का उल्लंघन कर सिंहभूम जिला की डेमोग्राफी को बदलने का काम किया है। टाटा लीज कर 32 मौजा के आदिवासियों को विस्थापित किया गया और उन्हें पुनर्वास एवं पुनर्व्यास्थापन करने के लिए कभी भी टाटा प्रबंधन के द्वारा गंभीर प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील कंपनी जमशेदपुर का लीज करारनामा 31 दिसंबर 2024 को समाप्त होने के बाद उसे पुनः लीज नवीनीकरण में विस्तारीकरण ना दिया जाए। ताकि सर्वोच्च न्यायालय के समता जजमेंट 1997 और पांचवी अनुसूची के प्रावधानों व सी एन टी एक्ट का मूल भावनाओं का पूर्ण रूप से लागू किया जा सके एवं पैदा हो रहे संवैधानिक संकट को टाला जा सके। भारत आदिवासी पार्टी के झारखंड प्रदेश महासचिव कृष्णा हांसदा ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। फिर भी पांचवी अनुसूची के प्रावधानों का उल्लंघन कर 2007 में टाटा स्टील को 30 बर्षों के लिए जनवरी 2006 से 31 दिसंबर 2024 तक अवैध और असंवैधानिक तरीकों से टाटा लीज नवीनीकरण किया गया।

## एक नजर में

### जमशेदपुर क्षेत्र की 66वीं शाखा का शुभारंभ



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर क्षेत्र की 66वीं बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा केंदुआडीह का उद्घाटन महाप्रबंधक, जेएस महापात्रा, पीबी एरिया, बीसीसीएल के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। बैंक ऑफ बड़ौदा की केंदुआडीह शाखा स्थानीय ग्राहकों को हर प्रकार की सुविधाओं एवं सेवाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गयी है। बैंक ऑफ बड़ौदा की धनबाद जिला की यह 10वीं शाखा है। बैंक द्वारा अरमान आलम अंसारी को शाखा प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया है। इसमें जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, रविन्द्र कुमार अन्य कार्यपालकगण तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### 10 महीने से मांगों को लेकर धरना पर कान्वाई चालक



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स कान्वाई चालकों का धरना लगातार 10 महीनो से जारी है। दिसंबर कड़ाके की ठंड में भी कान्वाई चालक संगठन के कार्यकर्ता अपने अधिकारों की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। कान्वाई चालको का आंदोलन 1 मार्च 2024 से ही चलाया जा रहा है। मजदूर प्रतिनिधि ज्ञान सागर प्रसाद ने बताया की लगातार जारी धरना जमशेदपुर के मजदूर संगठनो, ड्राइवर संगठन को चलाने वाले लोगों के लिए आने वाले वक्त प्रेरणा का विषय बनेगा। मानगो पर जिला प्रशासन, टाटा मोटर्स प्रबंधन व झारखंड सरकार संज्ञान ले। गुरुवार को धरने पर मुख्य रूप से भगवान सिंह, उमेश प्रसाद, जसपाल सिंह, त्रिलोकी चौधरी, जुगल प्रसाद, त्रिलोचन सिंह, श्याम बिहारी सिंह, अंगद ओझा, हरिशंकर प्रसाद संतोष कुमार, वीरेंद्र पाठक, अनुज कुमार, विवेक कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, एन रामचंद्र राव ज्ञान सागर प्रसाद के साथ उपस्थित रहे।

### कमलपुर डकैतीकांड का खुलासा, सात धराये



**जमशेदपुर।** कमलपुर में 8 दिसंबर को हुई डकैतीकांड का खुलासा पुलिस की ओर से कर दिया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने गुरुवार को पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि घटना के संबंध में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त सामान को भी जब्त कर लिया गया है। बरामद समान को तमाड़ के रांगामाटी गांव से बरामद किया गया है। पूरे मामले में कंपनी के कर्मचारियों का भी हाथ रहा ह। गिरफ्तार आरोपियों में सरायकेला-खरसावां जिले के लेंगाडीह का सनातन तांती उर्फ सोनू, रांची तमाड़ के बुरुडीह का संदीप कुमार, तमाड़ चिपी बांधडीह का प्रकाश महतो उर्फ राम प्रवेश, खुंटी जन्मडीह का गांगु मुंडा उर्फ गुंगा मुंडा, तमाड़ बुरुडीह का अशोक महतो, खुंटी अड़की का सुराम मुंडा, तमाड़ खेरूआडीह का उमेश महतो शामिल है। बरामद सामान में नकद 1.20 लाख रुपये, एक पिस्टल, लूट की मोबाइल, एक कार आदि शामिल है। छापेमारी टीम में पटमदा डीएसपी बच्चनदेव कुजूर, कमलपुर थानेदार दीपक ठाकुर, एसआई पुरूषोत्तम कुमार राय, हवलदार बिरेंद्र राम, आरक्षी बिरेंद्र उरांव, शंबू यादव, पार्थ महतो थे।

### स्वदेशी जागरण मंच ने किया 72 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच, जमशेदपुर महानगर के द्वारा स्वदेशी वस्तुओं के रक्षा एवं विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार हेतु अपने प्राणों का बलिदान करने वाले वीर बाबू गेनू के सम्मान में गुरुवार को जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंच के सदस्यों ने बाबू गेनू की प्रतिमा में माल्यार्पण कर ब्लड बैंक में अपना रक्त का दान किया। कार्यक्रम में 103 लोगों ने रक्तदान करने हेतु हीमोग्लोबिन जांच करवाया, जिसमे से 72 जनों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। रक्तदाताओं में 2 महिला कार्यकर्ता भी शामिल रही। मौके पर मंच के अखिल भारतीय सह संघर्ष वाहिनी प्रमुख बंदे शंकर सिंह, खाड़ी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज सिंह, जे के एम राजू, अमित मिश्रा, पंकज सिंह, राजपति देवी, राजा राम, मुकेश ठाकुर, विकास साहिनी, गुरजीत सिंह, अभिषेक बजाज, संजीत सिंह, संजय कुमार, मुकेश भदानी, सुनील गुप्ता, मंजू ठाकुर, जयंत श्रीवास्तव, कंचन सिंह, सुजाता, वंदना, शारदा, मुन्ना कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, रवि शंकर मिश्रा, सुमित कुमार थे।

### सीएम के बीमार मामा गुरुचरण की स्थिति सुधरी



**गम्हरिया।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के जिलाध्यक्ष फुलकांत झा एवं राजद के प्रदेश महासचिव देव प्रकाश देवता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्कू से चांडिल स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्री किस्कू के स्वास्थ्य को लेकर कुशलक्षेम जाना। विदित हो कि गुरुचरण किस्कू विगत कई दिनों से बीमार चल रहे हैं। बताया गया है कि अभी उनके स्थिति में सुधार हो रहा है। मौके पर कई अन्य सदस्य भी थे।

### प्रदूषण से गांवों के खेत हो रहे बंजर

**गम्हरिया।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र अन्तर्गत जीएम आयरन एण्ड स्टील कम्पनी समेत अन्य कंपनियों से निकलने वाले धुओं से पूरा वातारण प्रदूषित हो रहा है एवं आस-पास के बाँधडीह, बोनडीह, बरगेडीह, पार्वतीपुर, राहरगोड़ा, मिरूडीह आदि गावों के ग्रामीण इससे प्रभावित हो रहे है। इससे आए दिन लोग बीमार पड़ रहे हैं और गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं।

## फुटपाथ दुकानदारों ने सीओ के आदेश के विरोध में दिया धरना

# दुकानदारों ने कहा कि पहले बसायें फिर उजाड़े

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क किनारे दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने बुधवार को अंचलाधिकारी (सीओ) अरविंद देवाशीष टोप्पो द्वारा 24 घंटे के भीतर दुकान हटाने के आदेश दिया गया है। इसके खिलाफ गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय के पास दुकानदारों ने धरना दिया। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि प्रशासन का यह कदम उनके रोजगार और परिवार की आजीविका पर सीधा प्रहार है। प्रदर्शनकारी दुकानदारों में किरण चंद्रवंशी, महेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, गुड्डू कुमार, श्रवण प्रजापति, भोला गोसाई, सीमा देवी, नंदकिशोर राम, विनय कुमार, सोनू कुमार, शकील अख्तर, पिंटू कुमार,विष्णु प्रसाद इत्यादियों ने कहा यदि हमारी दुकानें हटाई जाती हैं, तो हमारा परिवार सड़क पर आ जाएगा। जिला प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के नाम पर हमें बेवजह परेशान कर रहा है, जबकि हमारी दुकानें सड़क से दूर लगाई जाती हैं। दुकानदारों ने यह भी कहा कि एक तरफ सरकार फुटपाथ विक्रेताओं को पहचान पत्र और ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बना रही है तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन उन्हें हटाकर रोजगार छीनने का प्रयास कर रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि जिला प्रशासन उनके परिवार की आजीविका का उचित प्रबंध करे, तभी दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जाये। उन्होंने जिला प्रशासन पर बार-बार परेशान करने का आरोप लगाते हुए स्थायी समाधान की मांग की। धरने के दौरान दुकानदारों ने एकजुट होकर अपनी समस्याओं को उठाया और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन और तेज किया जायेगा।

## लातेहार : अतिक्रमण नहीं हटाया तो चलेगा बुलडोजर

**लातेहार।** शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अंचल व नगर पंचायत के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं नगर प्रशासक राजीव रंजन ने इसके लिए अलग अलग नोटिस जारी किया है। इसके अलावा शहर में मारकिंग भी करायी गयी है। अंचल कार्यालय के अमीन दीपक प्रसाद के द्वारा सड़कों की मापी कर सीमांकन किया जा रहा है। लोगों को कहा जा रहा है कि सीमांकन के अंदर अगर कोई अतिक्रमण है तो इसे हटा लें। इसका असर भी देखा जा रहा है। लोग स्वयं से अपने दुकान व प्रतिष्ठानों के बाहर किये गये अतिक्रमण को हटा रहे हैं। शहर के पुराना बस स्टैंड में कई दुकानदारों को खुद से मजदूर लगा कर अतिक्रमण हटाते देखा गया। हालांकि पुराने बस स्टैंड में सड़कों का काफी अतिक्रमण किया गया है। हाल में खुले एक मिष्ठान दुकानदार के द्वारा अपने प्रतिष्ठान के सामने मोरम बिछा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। इस कारण यहां अक्सर जाम लगता है। इसी प्रकार शहर के थाना चौक में रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क में भी दुकानदारों के द्वारा सड़क का अतिक्रमण कर दुकानें सजायी जा रही है।


फुटपाथ दुकानदार अतिक्रमण के विरोध में धरना देते हुए।

**आज से चलेगा बुलडोजर**

खबर मंत्र से बात करते हुए अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदार एवं अन्य प्रतिष्ठान व आवासीय परिसर के मालिकों को अतिक्रमण हटाने की हिदायत दे दी गयी है। अंचल कार्यालय के अमीन ने सीमांकन कर दिया है और अगले 24 घंटा के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। सीओ टोप्पो ने बताया कि सड़क के किनारे सर्वे नक्शा द्वारा चिन्हित भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। यह पूर्णत वर्जित है। अतिक्रमण के कारण यातायात की समस्या होती है और दुर्घटनाओं की आंशका बढ़ जाती है। अगर तय समय पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो शुक्रवार 13 दिसंबर से बुलडोजर (जेसीबी) लगा कर अतिक्रमण हटाया जायेगा। उन्होने अधिक क्षति से बचने के लिए स्वयं ही अतिक्रमण हटा लेने की अपील की है।

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया सघन जांच अभियान


जांच अभियान चलाते अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने गुरुवार को नियम के विरुद्ध परिवहन करने व सड़क सुरक्षा को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया ।जांच अभियान बालूमाथ-रांची मुख्य पथ स्थित मकईयाटांड़ पिकेट एवं बालूमाथ खलारी रोड स्थित झारखंड ढाबा के पास चलाया गया । इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया वाहन जांच अभियान के दौरान कई मालवाहक वाहन एवं चार पहिया,दो पहिया वाहन चालकों से कागजात की मांग की गई ।कागजात में त्रुटि पाए जाने पर उनसे फाइन की वसूली की गई। इस दौरान करीब दो दर्जन वाहन चालकों से कागजात पूरे नहीं पाए जाने पर करीब दो लाख की फाइन की वसूली की गई । इससे दो दिन पूर्व जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बालूमाथ के गोलीटांड में वाहन जांच अभियान चलाया गया था।

जिसमें कई वाहनों से कागजात पर नहीं जाने एवं त्रिपाल नहीं ढकने पर फाइन की वसूली की गई थी । वही चलाये जा रहे हैं इस अभियान को लेकर बालूमाथ के पूर्व उप-प्रमुख सह भाजपा नेता संजीव सिन्हा ने जिला परिवहन पदाधिकारी पर स्थानीय ट्रक मालिकों एवं हाईवा मालिकों को परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड से बाहर की गाड़िया टू पॉइंट नियम का उल्लंघन कर रही हैं। इसके बावजूद जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा इस पर संज्ञान नहीं लेकर स्थानीय गाड़ी मालिकों को परेशान किया जा रहा है।

## शिबला मे राशन कार्ड आधार सीडिंग के लिए शिविर का आयोजन


शिविर में मौजूद लोग।

**बारियातू।** जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखण्ड के शिबला पंचायत सचिवालय मे राशन कार्ड में आधार सीडिंग के लिए गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 98 लाभुक को आधार से फिंगरप्रिंट अपडेट की गई। हरा राशन कार्ड 5 लाभुक को बनाया गया। 3 लाभुक को राशन कार्ड मे नाम जोड़ा गया। प्रभारी एमओ आशीष रंजन ने बताया कि राशन कार्ड के सभी लाभुकों का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभ के लिए ई-केवाईसी पीडीएस दुकानदार द्वारा किया जा रहा है। लेकिन बहुत सारे राशन कार्ड लाभुकों का आधार संख्या अपडेट नही रहने के कारण ई-केवाईसी में परेशानी हो रही है.वही पीडीएस दुकानदार मुकेश साव ने बातया कि शिबला पंचायत सचिवालय मे नेटवर्क कि समस्या व वेबसाइट का सर्वर डाउन रहने के कारण से राशन कार्ड लाभुकों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा एवं सर्वर नहीं रहने के कारण आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया। साथ मे आए हुए लाभुक वापस लौट गए। मौके पर गौतम सिंह, सुनीता देवी, विजय राणा, खारिजा खातून, सहित काफी संख्या मे राशन कार्ड धारी उपस्थित थे।

**स्पीड न्यूज**

### प्रशासन ने तेज किया वाहन जांच

**चंदवा।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा कार्यक्रम को तेज कर दिया गया है। गुरुवार को लगातार चौथे दिन चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर सघन दो पहिया वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग, एनएच 99 रांची चतरा मुख्य मार्ग के साथ चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर आवागमन करने वाले दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट के साथ साथ वाहनों के कागजात एवं ट्रिपल लोड राइडिंग की जांच की गयी। जांच के दौरान पुलिस के द्वारा कई वाहनों के चालको को नियम के विरुद्ध परिवहन करते पकड़ा गया, जिनसे फाइन वसूली की कार्रवाई की जा रही थी। अभियान में चंदवा पुलिस के अधिकारी व जवान शामिल थे।

### जिला स्तरीय सम्मेलन सह गोष्ठी 22 को

**चंदवा।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में आगामी 22 दिसंबर रविवार की सुबह 10 :30 बजे गायत्री परिवार का जिला स्तरीय सम्मेलन सह गोष्ठी का आयोजन जोन समन्वयक सह प्रभारी शिव शंकर सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के लोगों ने बताया कि गोष्ठी कार्यक्रम का उद्देश्य माता भगवती देवी का जन्म शताब्दी तथा अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष पर ज्योति कलश रथ कार्यक्रम को सफल बनाना है। आहूत कार्यक्रम के तहत 26 फरवरी से 7 मार्च के बीच रथ यात्रा का कार्यक्रम लातेहार जिला स्तर पर होना है। इसके सफल आयोजन के निमित उक्त गोष्ठी का आयोजन किया गया है। समिति ने परिवार के सभी सक्रिय सदस्य, जिला समन्वयक, प्रखंड समन्वयक, ट्रस्टीगण से गोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### महायज्ञ को लेकर तैयारी जोरों पर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा ग्राम स्थित हरैयाटांड़ में श्री रूद्र प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ को लेकर तैयारियां को लेकर ग्रामीणो ने बैठक किया। जिसमें सर्व समिति से कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष नानू पासवान उपाध्यक्ष बालेश्वर साव सचिव बीरबल पासवान,उप सचिव पंकज गुप्ता,कलेश्वर साहू कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, संजय कुमार वही महामंत्री ललन कुमार यादव, बरतु यादव, रामदेव साहू, नंदकिशोर राम मंत्री बीरबल पासवान, कोलेश्वर साव, सुरेश साव, उमेश साव, संदीप साहू, नरेश पाहन समेत कई लोगो को बनाया गया है। महायज्ञ 14 जनवरी को ध्वजारोहण एवं कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। सात दिनों तक चलने वाले इस यज्ञ में यज्ञाचार्य श्री स्वामी राघव प्रपन्नाचार्य आचार्य महाराज अयोध्या के द्वारा आगामी 14 जनवरी से 20 जनवरी तक चलेगा।

## बरवाडीह प्रखंड में ई-केवाईसी शिविर में अव्यवस्थाएं, उपभोक्ता निराश

# विकलांग और बुजुर्ग को उठानी पड़ रही है परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित राशन कार्डधारकों के लिए आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड बनाने और छूटे हुए लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड जारी करने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन शिविर के दौरान अव्यवस्थाओं और खराब प्रबंधन के चलते बड़ी संख्या में लाभुकों को निराशा का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को खुरा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन तो हुआ, लेकिन वहां व्यवस्थाओं की भारी कमी देखने को मिली। शिविर स्थल पर केवल एक डीलर की उपस्थिति थी। जबकि अधिक डीलरों की आवश्यकता थी। अन्य डीलरों की अनुपस्थिति के कारण वहां आए लाभुकों को आधार सीडिंग और ई-केवाईसी की प्रक्रिया में परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोग घंटों इंतजार के बाद भी अपना काम नहीं करवा सके। जिससे उनकी निराशा बढ़ गई। बरवाडीह पंचायत भवन में शिविर के दौरान बड़ी संख्या में लाभुक पहुंचे। हालांकि, इंटरनेट की धीमी गति के कारण ई-केवाईसी की प्रक्रिया बेहद धीमी रही। इससे अधिकांश लाभार्थी अपना ई-केवाईसी नहीं करवा सके और निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हुए। शिविर में कई बुजुर्ग और विकलांग लाभार्थी भी पहुंचे थे, जो विशेष सहायता की अपेक्षा कर रहे थे। लेकिन शिविर में उनके लिए किसी प्रकार की अलग व्यवस्था नहीं की गई। बिना सहायता के उन्हें अपनी प्रक्रिया पूरी करने में कठिनाई हुई, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई। दूसरी ओर बरवाडीह पंचायत भवन में शिविर की प्रक्रिया काफी विलंब 12 बजे के बाद शुरू हुई। शिविर में हुई अव्यवस्थाओं और खराब प्रबंधन ने लाभार्थियों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं।


शिविर में उमड़ी भीड़।

जबकि जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित विभागों को इन समस्याओं को संज्ञान में लेना चाहिए।ऐसे आयोजनों के लिए बेहतर प्रबंधन और समयपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके अलावा बुजुर्ग और विकलांग लाभुकों के लिए विशेष सुविधाओं का प्रावधान करना आवश्यक है, ताकि सभी जरूरतमंद लोग समय पर योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## एनजीओ ने बंध्याकरण के लिए महिलाओं को बुलाया सुबह 8 बजे से 5 बजे तक चिकित्सक नहीं आये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एनजीओ की लापरवाही के कारण बंध्याकरण कराने आई महिला काफी परेशान नजर आई। आरएचपीएल नामक एनजीओ को महिलाओं का बंध्याकरण करने के लिए सरकार एमओयू की हुई है। एनजीओ ने गुरुवार दूर दराज के लगभग 40 महिलाओं को बंध्याकरन के लिए बुला लिया था। महिलाएं 8 से 9:00 बजे तक पहुंच गई थी और लाइन में खड़ी होकर डॉक्टर आने का इंतजार कर रही थी ।लेकिन शाम 5:30 बजे तक एनजीओ का कोई भी चिकित्सक या उसकी टीम नहीं आने के कारण दूर दराज से आई महिला काफी परेशान नजर आई। महिलाओं ने बताया कि आज यहां होने वाले बंध्याकरण शिविर में बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र से लगभग 30 किलोमीटर दूरी तक की महिलाएं आई हुई है। महिलाएं के साथ उसके परिजन व छोटे-छोटे बच्चे भी है जो काफी परेशान नजर है। मौके में मौजूद आरएचपीएल एनजीओ के कोऑर्डिनेटर गोल्डन कुमार ने कहा कि मेरे तरफ से कोई लापरवाही नहीं है। अभी पांच ही बजा है एक घंटा के अंदर चिकित्सक पहुंचकर सभी को बंधकरण कर देंगे। उन्होंने कहा कि इसमें कोई घर लापरवाही नहीं है इस तरह का लेट कुबेर होते रहता है।

वही इस संबंध में लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहीं की यह एनजीओ पिछले बार भी घोर लापरवाही बरती थी और इस बार भी महिलाओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है उन्होंने इस एनजीओ को काली सूची में डालते हुए कार्रवाई की मांग की है ।वही लातेहार सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अगर इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है तो इस एनजीओ पर कार्रवाई की जाएगी।

## राशनकार्ड ई-केवाईसी को लेकर कामता पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का हुआ आयोजन


शिविर में मौजूद लोग।

**चंदवा।** उपायुक्त के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से गुरुवार को कामता पंचायत सचिवालय परिसर में राशनकार्ड धारीयो की कार्ड में अंकित सभी सदस्यों की ई- केवाईसी (अंगुठा फिंगर) को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राशनकार्ड मे अंकित सभी सदस्यों ने अपना अपना अंगुठा का फिंगर लगाकर ई-केवाईसी कराया। जिनका राशनकार्ड नहीं बन पाया था और नाम नहीं जुड़ा था वे इसके लिए ऑनलाइन कराया। सर्वर डाउन रहने के कारण एक बजे तक एक भी अंगुठा फिंगर नहीं लग पाया था, इसके बाद अंगुठा फिंगर काफी धीमी गति से लगना शुरू हुआ जो शाम चार बजे तक अंगुठा का फिगर ई-केवाईसी हुआ, बड़ी मुश्किल से करीब एक सौ लोगों का अंगुठा फिंगर लग पाया। शिविर में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, डीलर शाहीद खान, चदवा लैंपस बीनोद कुमार, सिद्धेश्वर गंझु, खुशबू देवी, सुनील राम, प्रज्ञा केंद्र संचालक सौदागर खान, गंदरू उरांव, ग्राम प्रधान पचु गंझु, सुले उरांव, वार्ड सदस्य अफसाना बीवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद थे। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि सर्वर को दुरुस्त की जाय ताकि राशनकार्ड धारक परेशानी से बच सकें।

**एक नजर में**

### भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ने अलाव की व्यवस्था को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन


रिकी वर्मा।

**चंदवा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार उर्फ रिकी वर्मा ने चंदवा अंचलाधिकारी को आवेदन सौपकर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। मांग पत्र में कहा है कि ठंड का प्रकोप दिन-ब-दिन बढ़ते जा रही है। इसके बावजूद अंचल कार्यालय सोई हुई है। बताते चले कि इसके पूर्व प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एक वृद्ध की मौत ठंड से होने की बात सामने आयी थी, इसके बाद भी अंचल कार्यालय के द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। प्रतिदिन सुबह शाम राहगीर,मजदूर समेत आमजन ठिठुरती ठंड से परेशान है। उन्होंने जिला परिषद बस पड़ाव, गैरेज लेन हाई स्कूल स्टेडियम, इंदिरा गांधी चौक, सुभाष चौक समेत अन्य चिन्हित स्थानों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### 15 बिरहोर परिवार के बीच कंबल का वितरण


बीच कंबल वितरण करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत मुक्की बिरहोर क्लोनी मे निवास करने वाले बिरहोर परिवार के बीच समाज सेवी लाल आशीष नाथ शाहदेव व रविदास महासभा प्रखंड सचिव सुनील कुमार ने कंबल वितरण किया। कंबल वितरण के संबंध मे जानकारी देते हुए लाल आशीष ने बताया की बढ़ते ठंड को देखते हुए उप प्रमुख निशा शाहदेव ने प्रखंड कार्यालय से कम्बल मुहैया करवाया था। जिसे गरीब असहाय आदिम जनजाति 15 बीरहोर परिवार को ठंड से बचने के लिए कम्बल दिया गया। कम्बल मिलने से बिरहोर परिवार काफी खुश थे। कंबल पाकर बिरहोर परिवार ने उप प्रमुख व प्रखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया।

### एक्शन मोड में दिखे सीओ, अवैध बालू ढुलाई पर कसा शिकंजा


जांच कराते सीओ मनोज कुमार।

**बरवाडीह।** बरवाडीह अंचल अधिकारी मनोज कुमार गुरुवार को एक्शन मोड में दिखाई दिए। अंचलाधिकारी ने अवैध बालू ढुलाई और भंडारण पर सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को उन्होंने क्षेत्र में सक्रिय बालू माफियाओं पर नकेल कसने के उद्देश्य से विभिन्न जगहों पर छापेमारी की। अंचल अधिकारी ने क्षेत्र में बालू लदे ट्रैक्टरों को रोककर उनकी जांच की और चालान की वैद्यता की पुष्टि की। खुरा पुराना पंचायत भवन के समीप हो रहे बालू डंप की जांच करते हुए उन्होंने संबंधित पंचायत के मुखिया से बातचीत कर आवश्यक जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने रेल क्षेत्र में निमार्णाधीन आवास कार्यों में डंप किए जा रहे बालू की शिकायत पर स्थल का औचक निरीक्षण किया। जहां डंप किए गए बालू की जांच की और मौके पर मौजूद संवेदक को चालान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि शाम 5 बजे के बाद यदि किसी को बालू का उठाव करते या अवैध रूप से गिराते पाया गया, तो उस पंचायत के जनप्रतिनिधियों समेत संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अंचल अधिकारी ने सभी बालू माफियाओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध बालू ढुलाई और भंडारण रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मौके पर अंचल अमीन झमन सिंह भी मौजूद थे।

### आंगनबाडी सेविका के खाते से उड़ाये 5 हजार रू.

**चंदवा।** चंदवा में साइबर अपराधियों ने आंगनबाड़ी सेविका के खाते से पांच हजार की निकासी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार साइबर अपराधियों ने चिलदिरी (बरवाटोली) गांव की आंगनबाड़ी सेविका अशीसन बारला को 9241613217 से कॉल किया। विभाग से कंप्यूटर आपरेटर बताते कहा कि मातृ वंदना के लिए एक महिला को पांच हजार का भुगतान करना है। जो राशि उसके एकाउंट में भेजा जानी है। मोबाइल में 5,000 का मैसेज भेजकर पिन मांगा। पैसा मिलने की बात सोचकर महिला ने पिन बता दिया। पिन बताने के बाद उसके खाते से पांच हजार की निकासी कर ली गई है हलांकि इसकी जानकारी उसे बाद में मिली। विभागीय कर्मियों ने बताया कि चकला की सहायिका रंभा देवी और सेरक की सेविका सावित्री देवी को भी कॉल कर ठगी का प्रयास किया गया था। तब विभागीय कर्मी से संपर्क में रहने के कारण वो ठगी का शिकार होने से बचे थे। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उसके द्वारा दिए गए स्कैनर जारी किया गया है। उसमें अभि मिश्रा का नाम शो करता है। सेविका और सहायिका से मिली जानकारी के बाद एलएस व कंप्यूटर आपरेटर किसी तरह का संदेह होने पर सीधे विभाग से संपर्क साधने की बात कही है।

### छात्रों के बीच शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम

**लातेहार।** समृद्धि ऑर्गेनिक फार्म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पुणे की ओर से लातेहार जिला के जालिम पंचायत भवन में छात्रों के बीच शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में अनेकों छात्रों को नि:शुल्क शिक्षण सामग्री जैसे स्कूल बैग, नोटबुक ड्राइंग किट वितरित की गई, जिससे उनके शैक्षणिक उत्साह को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के नॉर्थ जोन प्रबंधक सौरभ कुमार सैनी, क्षेत्राधिकारी, प्रकाश यादव, रूपेश कुमार ठाकुर, और रविंद्र सिंह ने छात्रों व अभिभावकों का मार्गदर्शन किया।

## प्रतिबंध के बाद भी बरवाडीह में अवैध रूप से दिन रात धड़ल्ले से चल रही क्रशर मशीनें

# प्रखंड प्रशासन, खनन विभाग और वन विभाग है खामोश

- बेतला नेशनल पार्क के समीप इको सेंसटिव जॉन मे संचालित हो रहा है क्रशर
- कारवाई के बजाय खानापूर्ति होने से कारोबारियों का बढ़ रहा है मनोबल

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** एक तरफ झारखंड सरकार राजस्व का संग्रहण करने का निर्देश जारी कर रही है। वहीं पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत ईको सेंसेटिव क्षेत्र में कई अवैध स्टोन क्रशर और ईट भट्टों का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। स्टोन क्रशर, ईंट भट्ठे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। बगैर लेखा जोखा के खुलेआम पत्थरों की तुड़ाई और छरी बिक्री का अवैध कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। अवैध ढंग से छरी बेच कर कारोबारी मालामाल हो रहे हैं। वहीं सरकारी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। जानकारों की मानो तो संबंधित विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से क्रशर और ईट भट्ठों का संचालन वर्षों से किया जाता रहा है। क्रशर संचालकों द्वारा ऊंचे दामो में छरी की बिक्री बिना कोई चालान रसीद के किया जा रहा है। ऐसा में बड़े पैमाने पर राजस्व को चुना लगाया जा रहा है। गाइडलाइन के अनुसार क्रशर संचालित करने के लिए इसके पांच किलोमीटर के दायरे में माइंस होना जरूरी है।

## गाइडलाइन की धज्जियां उड़ा रहें है क्रशर संचालक


अवैध रूप से संचालित हो रहा स्टोन क्रेशर।


क्रशर में रखा हुआ जंगलों से तुड़वाया गया पत्थर।

किसी प्रकार के खनन क्रेशर आदि अवैध कार्यों पर रोक लगाने के लिए जिले के अधिकारियों द्वारा टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है। बावजूद इसके प्रखण्ड प्रशासन और खनन विभाग ने इस अवैध क्रेशर और कारोबार को सील करने की कार्रवाई नहीं की है। पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइड लाइन का भी पालन क्रेशर मालिक के द्वारा नहीं किया जा रहा है। बगैर संचालन सहमति पत्र (सीटीओ) के चल रहे क्रेशर के आसपास न तो पौधरोपण किया गया है और न ही क्रेशर से निकलने वाले धूल डस्ट को कवर अप किया जा रहा है। नहीं क्रशर के किसी प्रकार की चहारदिवारी है और न पानी का छिड़काव किया जाता है। वहीं क्रेशर से दिन रात धड़ल्ले से निकाली जा रही गिट्टी को बगैर चलान के किस किस जगह अब तक खपाया जा रहा था यह जांच विषय है।

## कुछ दिनों पूर्व अवैध छरी लदा ट्रिपर किया गया था जप्त

बता दें कि कुछ दिनों पूर्व ही बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने क्रशर से बगैर चलान छरी लदा हाइवा जप्त करने की कारवाई की थी। जिसके बाद बरवाडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुए खनन विभाग को इसकी रिपोर्ट भेजी थी। बावजूद खनन विभाग द्वारा अब तक क्रशर संचालकों पर किसी प्रकार की कारवाई नहीं की गई है। यही कारण है कि क्रशर संचालकों का मनोबल सातवें आसमान पर है, और धड़ल्ले से इस अवैध कारोबार को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह देखना यह है कि मामला निष्पक्ष कार्रवाई तक पहुंचेगा या हमेशा की तरह विभागीय खानापूर्ति का शिकार बन जाएगा। इस संबंध में पूछे जाने पर बरवाडीह अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि जिला खनन पदाधिकारी को इसकी सूचना भेज दी गई है। जल्द ही खनन पदाधिकारी और प्रखंड प्रशासन की टीम बरवाडीह में संचालित क्रशरों की जांच कर अवैध कारोबारियों पर कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी।

# भारतीय भाषा उत्सव भारतीय संस्कृति और बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देता है: निदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के मौके पर शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं सुब्रमण्यम भारती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में भाषा सद्भावना को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों को विविध भाषा के महत्व तथा उनके बीच में जागरूकता निर्माण करना है। अपनी मातृभाषा में महारत हासिल करने के अलावा अन्य भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिए यह कार्यक्रम प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि सुब्रमण्यम भारती तमिल भाषा के साथ-साथ भारत के अनेक भाषाओं के समर्थक रहे। भारत में विविधता में एकता बनाए रखने के लिए तथा बहुभाषी समाज की स्थापना करने के लिए यह कार्यक्रम अति उत्तम है। भारतीय भाषा उत्सव भारतीय संस्कृति और बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देता है। विद्यालय स्तर पर अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्कूली बच्चों ने न केवल अपनी भाषा की महत्व समझेंगे बल्कि प्रकृति और सामुदायिक जुड़ाव को भी महसूस करेंगे। मौके पर शिक्षक नीरा शर्मा, खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी कुमार, ज्योति तिवारी, रागिनी कुमारी, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।



उपस्थित बच्चे।

# थाना प्रभारी अविनाश राज ने दिया योगदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के नामचीन बदमाश व पूर्व के आपराधिक घटनाओं में शामिल अपराधियों पर शिकंजा कसा जायेगा। उक्त बातें कांडी के नये थाना प्रभारी अविनाश राज ने थाना में योगदान देने के बाद कही। नये थाना प्रभारी के रूप में अविनाश राज ने गुरुवार को कांडी थाना में योगदान दिया। योगदान के पश्चात उन्होंने थाना क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं व छोटी बच्चियों से संबंधित अपराध हो तो कांडी थाना को सूचना दें, सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि घर में पारिवारिक स्तर से संबंधित मामले जिसमें सास, ससुर द्वारा पड़ताड़ना, पति द्वारा पड़ताड़ना आदि शामिल है, इस तरह के मामले में वरीय पदाधिकारियों से निर्देश प्राप्त है कि काउंसलिंग के तहत मामले को सुलझाना है, इसलिए इस तरह के मामले में तुरंत एफआईआर नहीं होगा व काउंसलिंग के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जितने भी नामचीन बदमाश होंगे जो पूर्व में भी आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे होंगे वैसे बदमाशों पर शिकंजा कसा जायेगा।



थाना प्रभारी अविनाश राज।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने डीसी को भेजा पत्र

**रमना।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र मे बढ़ते ठंड को देखते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने डीसी शेखर जमुआर से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी चैक चैराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सुबह-शाम अलाव जलवाने तथा असहाय लोगो के बीच कंबल वितरण सुनिश्चित कराने को लेकर पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि लगातार कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट देखा जा रहा है। ऐसे में अलाव की व्यवस्था और कंबल वितरण कराना सुनिश्चित किया जाय।

### पुआल में लगी आग

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका गांव में एक किसान के खलिहान में रखा पुआल का ढेर में अज्ञात तत्वों ने आग लगा दी। जिससे हजारों रुपये का पुआल जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी के अनुसार किसान सुनील मेहता ने अपने धान की फसल तैयार कर पुआल घर के सामने खलिहान पर रखा था। बुधवार की देर रात खलिहान पर पुआल के टाल में एकाएक आग लग गयी। जिसमें काफी मात्रा में पुआल जल गया। आग की सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचकर आसपास के लोगों के सहयोग से मोटर स्टार्ट कर आग को बुझाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### वाहन चेकिंग में सात बाईक जप्त

**मझिआंव।** एसपी दीपक कुमार पांडेय के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न चैक चैराहों पर गुरुवार को एंटी क्राइम के तहत पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना एसआई नसीम अंसारी एवं पुलिस बल ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें बिना हेलमेट एवं दस्तावेज के साथ मोटरसाइकिल जप्त कर थाना लाया गया। जिसे आगे की कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग में भेजा गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा सभी मोटरसाइकिल सवार को अपने-अपने हेलमेट लगाकर एवं दस्तावेज के साथ चलने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा पकड़े जाने पर उन्हें गाड़ी को चालान कर दिया जाएगा।

### दरभंगा में 54 अभियुक्त गिरफ्तार

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में अवैध नशीले पदार्थ के निर्माण बिक्री भंडारण परिवहन एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिये चलाए गए विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत 54 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि पुलिस मुख्यालय पटना के आदेश के आलोक में वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के निर्देशन में बुधवार को विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत सदर अनुमंडल अंतर्गत 29 अभियुक्तो की गिरफ्तारी की गई एवं 01.11 लीटर देशी शराब बरामद की गई तथा 809 वाहनों पर 6,60,500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। इसी तरह कमतौल अनुमंडल अंतर्गत 04 अभियुक्तो की गिरफ्तारी की गई एवं 750 एमएल विदेशी शराब, पांच लीटर देशी शराब 01 कार बरामद किया गया एवं 229 वाहनों पर 1,51,000 रूपया जुमार्ना किया गया।

### सारण में भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

**छपरा।** सारण जिले की तरैया थाना की पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद कर कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने गुरुवार को यहां बताया कि वाहन पर शराब आने की सूचना पर 172 लीटर विदेशी शराब बरामद की।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में कनहर परियोजना से संबंधित बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय स्थित सभागार में कनहर परियोजना के संबंध में बैठक की गई। सोन कनहर अन्डरग्राउड पाइप लाईन परियोजना अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि, जो ग्राम खैरा, टोटकी एवं सिंजों, पंचायत मदगड़ी (च) अंतर्गत है, उसमें एल एंड टी द्वारा अन्डरग्राउंड पाइप लाईन बिछाये जाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण जल संसाधन विभाग को वर्णित ग्रामों की भूमि क्षतिपूरक वनरोपण के लिए वन विभाग, गढ़वा को दिया जायेगा। परन्तु उक्त कार्य के लिए उपरोक्त गांव के लोगों द्वारा कार्य योजना में कुछ गतिरोध उत्पन्न किये जा रहे हैं। बैठक के दौरान योजना कार्य पूर्ण करने में आ रहे गतिरोध के कारणों से डीसी को अवगत कराया गया। उपरोक्त ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा एल एंड टी कम्पनी द्वारा मापी के क्रम में विरोध किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणो द्वारा उपरोक्त जमीन पर अपनी खेती-बाड़ी करने की बात कही जा रही है एवं पौधारोपण के कार्य करने से रोका जा रहा है। परन्तु वास्तव में उपरोक्त जमीन जल संसाधन विभाग का है, जिसे विभाग द्वारा पूर्व में ही अधिग्रहित किया जा चूका है। एल एंड टी के परियोजना सहायक ने बताया कि इस कार्य में ग्राम खैरा, टोटकी एवं सिंजो के ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक सर्वे अंतर्गत मापी करने में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 1973 में मंडल डैम के निर्माण के समय ही उक्त भूमि को जल संसाधन विभाग द्वारा अधिग्रहित किया जा चुका है, जिस पर कनहर सोन अंडरग्राउंड पाईपलाइन परियोजना अंतर्गत क्षतिपूरक वनरोपण का कार्य किया जाना है। इस कार्य में आवश्यक सहयोग के लिए संबंधित ग्राम के मुखिया को डीसी ने निर्देशित करते हुए कहा कि वहां के ग्रामीणों को क्षतिपूरक वनरोपण हेतु वास्तविक स्थिति को समझायें कि वर्णित भूमि पूर्व में ही जल संसाधन विभाग द्वारा अधिग्रहित है, इस पर कोई कन्ट्रक्शन कार्य नहीं किया जाना है, सिर्फ वनरोपण का कार्य किया जायेगा। डीसी ने निर्देशित किया कि सोन कनहर अंडरग्राउड पाइपलाईन परियोजना अंतर्गत क्षतिपूरक वनरोपण के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, रंका, अंचल अधिकारी, भण्डरिया, अंचल निरीक्षक, भण्डरिया, संबंधित मौजा के राजस्व उप निरीक्षक एवं मुखिया तथा वन विभाग के सक्षम पदाधिकारी एवं एल एंड टी के परियोजना सहायक आदि द्वारा भी संबंधित स्थल का दौरा कर वहां के ग्रामीणों को वास्तविक वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। ग्रामीणों के बीच संवाद स्थापित करें और कार्य में आने वाले बाधा को दूर करें। बैठक में अपर समाहर्ता, उप निदेशक, पलामू टाईगर रिर्जव, मेदिनीनगर पलामू, अनुमण्डल पदाधिकारी, रंका, भूमि सुधार उप समाहत्र्ता, रंका, कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर पलामू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, भण्डरिया, अंचल अधिकारी, भण्डरिया, अंचल निरीक्षक, भण्डरिया, परियोजना सहायक एल एंड टी एवं सम्बंधित क्षेत्र के मुखिया उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी।

## एक नजर में

### थाना प्रभारी व पदाधिकारियों का स्थानांतरण

**गढ़वा।** जिले में एसपी दीपक कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार कई थाना प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है। वहीं मझिआंव अंचल पदाधिकारी सह पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी को मझिआंव थाना का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बताते चलें कि गढ़वा जिला बल के पुलिस पदाधिकारी को ज्ञापांक 9282 के तहत रमना थाना प्रभारी को रंका थाना प्रभारी, मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार को रमना थाना प्रभारी, डंडा थाना प्रभारी अविनाश राज को कांडी थाना प्रभारी एवं विशुनपुरा थाना पुलिस अवर निरीक्षक अमित प्रशांत को डंडा थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम का कनीय अवर निरीक्षक गढ़वा थाना भेजा गया। इसके साथ-साथ रंका थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार केशरी को गढ़वा थाना एवं गढ़वा थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक लालमन बैठा को पुलिस केंद्र गढ़वा भेजा गया है। वहीं सभी लोगों को आदेश दिया गया है कि 24 घंटे के अंदर अपने नवपदस्थापन स्थान पर योगदान देते हुए योगदान प्रतिवेदन के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

### वनांचल कॉलेज एवं अस्पताल में नए सत्र शुरू



**गढ़वा।** जिले के फरठिया स्थित वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में नए सत्र की शुरूआत की गई। इस दौरान ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को कॉलेज की संस्कृति, नियम और अनुशासन व्यवस्थाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ बसवराज कलाली ने दीप जलाकर की। मौके पर प्रधानाचार्य ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें कॉलेज के उद्देश्यों, पाठ्यक्रमों, अनुशासन और आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। कॉलेज के वाइस चांसलर प्रो डॉ एमके सिंह ने छात्रों को आगामी सत्र के बारे में मार्गदर्शन किया एवं पढ़ाई के साथ अनुशासन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस सत्र में बीडीएस 2024-28 एवं एमडीएस 2024-27 के छात्र-छात्राओं जो की देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए बच्चों को स्वागत किया गया। मौके पर विभाग के एचओडी डॉ एके सिन्हा, डॉ श्रुति, डॉ सुप्रिया पटेल, डॉ अभिषेक, डॉ रमीज, डॉ राजेश, डॉ बद्री ने अपने संबंधित विभागों की जानकारी दी। मंच का संचालन डॉ तानिया वर्मा ने किया।

### हजारों करोड़ विज्ञापनों में बहा रहे नीतीश: तेजस्वी



**पटना।** बिहार विधान सभा में प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गरीब एवं पिछड़े राज्य की जनता की गाढ़ी कमाई का हजारों करोड़ रुपए नॉन-स्टॉप विज्ञापनों में बहा रहे है। श्री यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आज लिखा, पूर्णत: अपनी विश्वसनीयता, पहचान, साख और सिद्धांत खो चुके श्री नीतीश कुमार गरीब एवं पिछड़े राज्य बिहार की जनता की गाढ़ी कमाई का हजारों करोड़ रुपए नॉन-स्टॉप विज्ञापनों में बहा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कुछ दिन पूर्व तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बारे में सरकारी कार्यक्रमों में मीडिया को बोलते थे कि, लोग कुछ काम करता है जी, खाली अखबार में फोटो चमकाता है। अब इनके बारे में कोई क्या कहे। राजद नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री अगर स्वयं की सोच शक्ति शेष है तो आत्ममंथन और चिंतन कीजिए कि गरीब राज्य का अरबों रुपए ऐसे बर्बाद करना क्या जायज है।

### गया : अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक पूजा में शामिल हुए राज्यपाल, महाबोधि मंदिर में की विशेष पूजा

**गया।** भगवान बुद्ध की पावन ज्ञान भूमि बोधगया स्थित विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक पूजा में गुरुवार को बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर शामिल हुए। राज्यपाल श्री आर्लेकर पूजा में शामिल होने के लिए आज सुबह बोधगया पहुंचे जहां बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी के लोगों ने पुष्प-गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद श्री आर्लेकर ने महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में जाकर भगवान बुद्ध के दर्शन किया और विशेष पूजा अर्चना की। इसके बाद वे महाबोधि मंदिर के प्रांगण में स्थित पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे आयोजित अंतरराष्ट्रीय पूजा में शामिल हुए, जहां बौद्ध भिक्षुओं ने उनका अभिनंदन किया।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, संजय बने अध्यक्ष



उपस्थित लोग।

**केतार।** पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन मुखिया प्रमोद कुमार की अध्यक्षता मे किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित राजेश्वर ठाकुर, नवीन प्रकाश, बसंत कुमार ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन प्रत्येक तीन साल के अंतराल पर होता है। 16 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति में 12 सदस्य छात्र-छात्राओं के माता-पिता होते हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार ने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि विद्यालय व विद्यालय के बच्चों की सफलता की जिम्मेदारी हम सब की है। विद्यालय को ज्ञान का मंदिर कहा जाता है, इसलिए इस ज्ञान के मंदिर में सभी अभिभावकों से अपील है कि वैसे लोगों का चयन करें, जिनका शिक्षा के क्षेत्र में विशेष लगाव हो। पर्यवेक्षक की ओर से विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्य एवं दायित्व बताए जाने के उपरांत 16 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष संजय ठाकुर एवं उपाध्यक्ष सलमा बीबी एवं संयोजिका पूनम देवी का चयन किया गया। जबकि सदस्य के रूप में अनुज कुमार, जीतन राम, इजहार आलम, नागेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता, रेशम देवी, रानी देवी, सोनी देवी का चयन किया गया। मौके पर बिंदु राम, उप मुखिया संजय पाल, विजय राम, महताब आलम, आदित्य मेहता, निर्मल पासवान, जोखू राम, माना जायसवाल, विनय राम और पुलिस बल एएसआई केके प्रसाद दल बल के साथ मौजूद थे।

# शादी का झांसा देकर कनीय अभियंता ने युवती के साथ बनाया शारीरिक संबंध, शादी से इनकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के लावा चंपा गांव की एक युवती के साथ मझिआंव थाना क्षेत्र के गवारवा टोला निवासी गोविंद रजवार के पुत्र सह कनीय अभियंता (बरडीहा) छोटन रजवार के द्वारा पिछले एक वर्षों से युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में युवती ने बताया कि पिछले दो वर्ष पूर्व गवरवा टोला में मैं अपने मौसी के घर गई थी। इसी बीच मेरी मुलाकात छोटन रजवार से हुई। जिसके बाद एक वर्षों तक छोटन रजवार मुझसे वातार्लाप करता रहा, उसके बाद उसने मुझे शादी करने का झांसा देकर पिछले एक वर्षों से मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। इस एक साल के अंतराल में दो बार प्रेग्नेंट हो गई, और छोटन रजवार ने दोनों बार मुझे दवा खिलाकर अबॉर्शन करा दिया। जबकि इस दौरान मैंने कहा कि जब हम दोनों के बीच संबंध है और शादी करनी है तो अबॉर्शन करवाने की क्या जरूरत है। मैं उससे शादी करने के लिए बोली तो उसने कहा कि बरडीहा प्रखंड में कनीय अभियंता के रूप में मेरी नौकरी हो गई है। तुम लोग गरीब हो तुम्हारा बाप मुझे दहेज नहीं दे पाएगा, इसलिए मैं तुमसे शादी नहीं करूंगा। साथ ही उसने धमकी देते हुए कहा कि अगर यह बात तुमने किसी और से बताई तो तुम्हें जान से मार देंगे। इसी बीच मैंने आवेश में आकर गत 28 नवंबर को जहर का सेवन कर लिया। इसके बाद परिजनों ने मुझे इलाज कराने के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले गये, वहां से रेफर होने के बाद मुझे डाल्टनगंज में उपचार कराया गया। इसके बाद उचित न्याय को लेकर मैंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। लगभग 15 दिन पूर्व उसके गांव गई और उसके घर पर रही तो उसके परिजन गाली गलौज करने लगे। उसके बाद मझिआंव एवं बरडीहा पुलिस भी पहुंची लेकिन उसे वहां से भगा दिया गया और बरडीहा पुलिस ने हमारे परिजन को हमें सौंप दिया। इस मामले को लेकर अदालत के निर्देश पर बरडीहा थाना में केश कांड संख्या 86/24 दिनांक 28/11/24 धारा 69/89/351 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई ठोस पहल नहीं करने के कारण आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि छोटन रजवार को घर पकड़ के लिए निरंतर दबीश दिया जा रहा है लेकिन वह फरार चल रहा है।



जानकारी देती पीड़िता।

# चोरी के कई मामलों का खुलासा, मोबाईल और आभूषण बरामद, एक चोर गिरफ्तार



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पुलिस इंस्पेक्टर व अन्य।

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर पुलिस ने गत माह थाना क्षेत्र के जंगीपुर बस्ती एवं उसका कला (चैबेडीह) में हुई चोरी के मामलों का उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने चोरी में संलिप्त विनोद भुईयां को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 14 मोबाईल, चांदी का दो सेट पायल, कांसा का लोटा व थाली, एसीईआर कंपनी का एक लैपटॉप व चोरी की घटना में इस्तेमाल किया गया बिना नंबर प्लेट का मोडिफाई हीरो स्प्लेंडर बाईक भी बरामद किया है। गुरुवार को नगर ऊंटारी थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

श्री सिंह ने बताया कि विनोद भुईयां उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के बीजपुर थाना क्षेत्र के सिरसोती टोला महुआबारी का रहने वाला है। विनोद श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोरया गांव स्थित अपने ससुराल में रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिया करता था। गत 19 नवंबर को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर बस्ती निवासी अनुज चंद्रवंशी एवं उसका कला (चैबेडीह) निवासी गीता देवी के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अनुज चंद्रवंशी के घर से चोरों के द्वारा दो मोबाईल, आभूषण व गीता देवी के घर से आभूषण व पैसे की चोरी कर ली गई थी। वरीय अधिकारियों ने दोनों मामलों के उद्भेदन के लिए उनके नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। छापामारी के दौरान टीम ने तकनीकी साक्ष्य व गुप्तचर की मदद से गत बुधवार को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से विनोद भुईयां को पकड़ा। जिसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उन्होंने बताया कि विनोद भुईयां की निशानदेही पर चोरी किये गये सामानों की विभिन्न स्थानों से बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान विनोद भुईयां ने पुलिस के समक्ष चैकाने वाला खुलासा किया है। वह श्री बंशीधर नगर बाजार तथा थाना क्षेत्र के अन्य घरों में मोबाईल, पैसा व आभूषण की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गढ़वा थाना क्षेत्र में भी चोरी की है। विनोद भुईयां ने पुलिस को बताया है कि वह स्टील के बक्से में चोरी किये गये आभूषण को रखकर डैम में रखा है। जल्द ही पुलिस उसे रिमांड पर लेकर मामले की जांच करेगी। टीम में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि संदीप कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, सअनि अनुज कुमार सिंह, संजय पासवान, आरक्षी कौशल कुमार द्विवेदी, निकेतन यादव आदि शामिल थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस इंस्पेक्टर के अलावे थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, सअनि संजय पासवान आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के चयनित 16 लाभुकों को दिया गया 32 लाख का चेक



- पांच लाभुकों को सांकेतिक चेक
- शेष को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया

**एजेंसी**

**अररिया।** समाहरणालय स्थित परमान सभागार में डीएम अनिल कुमार के द्वारा गुरुवार को उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत चयनित एवं प्रशिक्षित लाभुकों के बीच वित्तीय वर्ष 2024-25 के कुल 16 लाभुकों को 32 लाख रुपये, प्रथम किस्त के रूप में वितरण किया गया। इसमें पांच लाभुकों को सांकेतिक चेक एवं शेष को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत वैसे लाभुकों, जिसके द्वारा प्रथम किस्त का उपयोग कर लिया गया है, उन्हे द्वितीय किस्त के रूप में एक लाख रुपए प्रति लाभुक कुल पांच लाख रुपए का सांकेतिक चेक का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विभागीय निदेश के आलोक में वैसे 10 लाभुकों, जो गत वर्षों से इस योजना का लाभ लेकर उत्कृष्ट उद्यम स्थापित किए हैं, उन्हें जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी उद्यमियों से किये गये परियोजना का विस्तृत जानकारी ली गई एवं एक अच्छे उद्यमी बनने हेतु उन्हें प्रेरित किया। सफल उद्यमियों की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने आगे बढ़ते रहने हेतु मार्गदर्शन भी दिया गया।

## पेज एक का शेष

### एक देश, एक चुनाव को कैबिनेट की मंजूरी

हर साल बार-बार चुनाव कराने से अर्थव्यवस्था, राजनीति और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए इसने इस बोझ को कम करने के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। शुरुआती चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव होंगे। दूसरे चरण में राज्य और लोकसभा चुनाव के 100 दिनों के भीतर नगरपालिका और पंचायत चुनाव कराये जायेंगे। आम चुनाव के बाद राष्ट्रपति एक अधिसूचना जारी कर सकते हैं, जिसमें लोकसभा की बैठक की तारीख को 'अपॉइंटेड डेट' घोषित किया जायेगा, ताकि निरंतर तालमेल सुनिश्चित हो सके। नवगठित राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले आम चुनावों के साथ छोटा कर दिया जायेगा। समिति इन सुधारों के सफल क्रियान्वयन की निगरानी और सुनिश्चित करने के लिए एक एग्जिक्यूटि ग्रुप की स्थापना की सिफारिश की है। इसने पंचायतों और नगर पालिकाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए अनुच्छेद 324ए का सुझाव देती है और सभी चुनावों के लिए यूनिफाइड वोटर लिस्ट और फोटो पहचान पत्र बनाने के लिए अनुच्छेद 325 में संशोधन का प्रस्ताव किया है। सदन में बहुमत न होने या अविश्वास प्रस्ताव आने की स्थिति में नये चुनाव कराये जायेंगे, लेकिन नये निर्वाचित सदन का कार्यकाल अगले आम चुनाव तक ही रहेगा। नव निर्वाचित लोकसभा पिछली लोकसभा के शेष कार्यकाल को पूरा करेगी, जबकि राज्य विधानसभाएं लोकसभा के कार्यकाल समाप्त होने तक चलती रहेंगी, जब तक कि उसे पहले भंग न कर दिया जाये। समिति ने चुनाव आयोग को सलाह दी कि वह कुशल चुनाव प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए ईवीएम और वीवीपैट जैसे आवश्यक इक्विपमेंट की खरीद के लिए सक्रिय रूप से योजना बनाये। समिति सभी चुनावों के लिए एकीकृत मतदाता सूची और पहचान पत्र प्रणाली का प्रस्ताव करती है, जिसके लिए राज्यों द्वारा अनुसमर्थन के अधीन एक संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होगी।

स्पीड न्यूज

## सीरिया में आइएस के ठिकानों पर अमेरिका ने किया हवाई हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा विभाग की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि मध्य सीरिया में आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) के ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमले में कई आतंकवादी मारे गए हैं। गौरतलब है कि अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने रविवार को कहा था कि उसके बलों ने मध्य सीरिया में आईएस के शिविरों और आतंकवादियों को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किए, ताकि आतंकवादी समूह देश में मौजूदा अस्थिरता का फायदा न उठा सके। सुश्री सिंह ने बुधवार को कहा कि हमारा प्रारंभिक आकलन है कि वे सफल रहे और आप जानते हैं कि हमने रेगिस्तान में कई आतंकवादियों, आईएस आतंकवादियों को मार गिराया है।

## आयुष्मान ने शुरू की फिल्म थामा की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी आने वाली फिल्म थामा की शूटिंग शुरू कर दी है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपने हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म थामा की घोषणा की है, जिसमें आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## हाथरस दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिले राहुल

**हाथरस।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के ग्राम बूलगढ़ी में दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने 45 मिनट तक पीड़िता के परिवार वालों से बातचीत की। उल्लेखनीय है कि 14 सितंबर 2020 को 19 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी।

## देवबंद में दो संदिग्ध विदेशी हिरासत में

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए दो संदिग्ध विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई देवबंद के मोहल्ला बढ़जियाउलहक में की गई, जहां दोनों संदिग्ध विदेशी नागरिक लंबे समय से रह रहे थे। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए दोनों म्यांमार के नागरिक हैं।

## बोरवेल में फंसे पांच वर्षीय बच्चे की मौत

**दौसा।** दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में बोरवेल में गिरे पांच वर्षीय आर्यन की मौत हो गई। बुधवार रात करीब 11:45 बजे रेस्क्यू टीम ने 57 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे बोरवेल से बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में निकाले गए आर्यन को एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस एम्बुलेंस में दौसा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## वॉयस ऑफ अमेरिका के प्रमुख होंगी कैरी लेक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को घोषणा की कि पूर्व टीवी एंकर कैरी लेक को अमेरिकी सरकार के वॉयस ऑफ अमेरिका मीडिया आउटलेट का भावी प्रमुख नामित किया गया है। ट्रंप ने अपने माइक्रोब्लॉगिंग हैंडल ट्रुथ सोशल पर कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कैरी लेक वॉयस ऑफ अमेरिका की हमारी अगली निदेशक के रूप में काम करेंगी।



**कश्मीर के मैदानी इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी**

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी हुई, जबकि ऊंचे इलाकों में मध्यम बारिश हुई। शोपियां, पुलवामा और बारामुला के मैदानी इलाकों के साथ-साथ अनंतनाग, बडगाम और बांदीपोरा के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई है।

# कानून के डर से सड़क हादसों पर लगेगा लगाम : गडकरी

**केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री बोले सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारत का रिकॉर्ड इतना गंदा है, विश्व सम्मेलनों में मुंह छिपाना पड़ता है**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारत का रिकॉर्ड इतना गंदा है कि उन्हें विश्व सम्मेलनों में मुंह छिपाना पड़ता है। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि उनके मंत्रालय के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसों में कमी नहीं आई, बल्कि इसमें वृद्धि हो गई। गडकरी ने कहा कि जब तक समाज का सहयोग नहीं मिलेगा, मानवीय व्यवहार नहीं बदलेगा और कानून का डर नहीं होगा, तब तक सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लगेगा। उनके अनुसार, देश में सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है और हर साल 1.7 लाख से अधिक लोगों की मौत ऐसी दुर्घटनाओं में हो जाती है। गडकरी ने कहा कि इतने लोग न लड़ाई में मरते हैं, न कोविड में मरते हैं और न ही दंगे में मरते हैं।उन्होंने कहा कि मैं विश्व सम्मेलनों में जाता हूं तो मुंह छिपाता हूं। (दुर्घटनाओं का) सबसे गंदा रिकॉर्ड हमारा है। उन्होंने सांसदों से कहा कि वे सड़क हादसों को रोकने के लिए अपने स्तर पर प्रयास करें और परिवहन विभाग के सहयोग से स्कूलों आदि में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करें। गडकरी के मुताबिक, नीति आयोग की रिपोर्ट है कि सड़क हादसों के शिकार 30 प्रतिशत लोगों की मौत जीवन रक्षक उपचार नहीं मिल पाने के कारण होती है। उन्होंने कहा कि इसलिए, उपचार के लिए कैशलैस योजना लाई गई है। उत्तर प्रदेश में इस पायलट परियोजना की शुरूआत हो रही है, इसके बाद पूरे देश में लागू की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने भारत में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में जहां आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस मिलता है, उस देश का नाम भारत है।

# मंदिर-मस्जिदों के सर्वे पर रोक

## कोई आदेश न दें अदालतें : सुप्रीम कोर्ट

- देश में ऐसे 18 से ज्यादा मामले लंबित हैं, जिनमें से 10 मस्जिदों से संबंधित
- शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मंदिर-मस्जिद विवादों से संबंधित मामलों में एक महत्वपूर्ण आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि अदालतों को इस तरह के विवादों पर कोई आदेश नहीं देना चाहिए और न ही मस्जिदों और दरगाहों के सर्वे का आदेश जारी करना चाहिए। यह आदेश तब आया जब कोर्ट प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (विशेष प्रावधानों) 1991 की कुछ धाराओं की वैधता पर सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच, जिसमें चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जेम्स यादव शामिल थे, ने यह निर्देश दिया कि जब तक केंद्र सरकार इस मामले पर अपना पक्ष नहीं रखती, तब तक इस विषय पर कोई नया केस दाखिल नहीं किया जाए। कोर्ट ने कहा कि हम इस कानून की वैधता, शक्तियों और ढांचे की जांच कर रहे हैं, इस लिए अन्य अदालतें इस पर कोई आदेश न दें। सुनवाई के दौरान सीजेआई संजीव खन्ना ने बताया कि उनके सामने दो महत्वपूर्ण मामले हैं, मथुरा की शाही ईदगाह और वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद। इस दौरान अदालत को यह जानकारी दी गई कि देश में ऐसे 18 से ज्यादा मामले लंबित हैं, जिनमें से 10 मस्जिदों से संबंधित हैं। इन मामलों में कोई नया आदेश न देने का निर्देश भी दिया गया, ताकि इन विवादों में और अधिक जटिलता न आए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से इस पर चार हफ्ते के भीतर जवाब देने को कहा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक केंद्र सरकार जवाब नहीं देती, तब तक वह इस मामले में कोई सुनवाई नहीं कर सकेगी। इस आदेश के बाद केंद्र को अब इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। इस एक्ट के खिलाफ विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों ने याचिकाएं दाखिल की हैं। इनमें सीपीआइ एम, इंडियन मुस्लिम लीग, एनसीपी के शरद पवार, राजद के सांसद मनोज कुमार झा सहित छह प्रमुख दल शामिल हैं। ये दल इस एक्ट की कुछ धाराओं को असंवैधानिक मानते हुए इसके खिलाफ कोर्ट में गए हैं।

# दंतेवाड़ा में मुठभेड़ सात नक्सली ढेर

**कई ऑटोमैटिक हथियार व नक्सली सामान भी बरामद**

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया। सभी नक्सलियों के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि यह एक संयुक्त ऑपरेशन है, जिसमें सभी बलों ने मिलकर नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान उनके पास से कई ऑटोमैटिक हथियार और नक्सली सामान भी बरामद किया गया है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय और नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने जानकारी दी है कि अबूझमाड़ के दक्षिणी क्षेत्र में पूर्वी बस्तर डिवीजन और इंद्रावती एरिया कमेटी के 50 से 60 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। गुरुवार सुबह 3 बजे से 4 जिलों का संयुक्त नक्सल ऑपरेशन शुरू हुआ, यह अभी चल रहा है। अब तक सात नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। इनके पास से कई ऑटोमैटिक हथियार और नक्सली सामान बरामद किया गया है। मुठभेड़ और सर्च अभियान अभी भी जारी है।

# मुकेश अंबानी से चार गुना अधिक अमीर हुये एलन मस्क

- दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की नेटवर्थ 400 बिलियन डॉलर के पार
- मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 97.1 बिलियन डॉलर
- गौतम अडानी की नेटवर्थ 79.3 बिलियन डॉलर



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की दौलत दिन दोगुनी रात चौगुनी बढ़ रही है। इस अमेरिकी कारोबार की दौलत को ऐसे पंख लगे हैं कि कुछ ही दिनों में यह 400 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक गुरुवार को मस्क की नेटवर्थ 447 बिलियन डॉलर (करीब 38 लाख करोड़) हो गई। 400 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने वाले यह दुनिया के पहले शख्स बन गए हैं। मस्क की नेटवर्थ मुकेश अंबानी के मुकाबले चार गुना से ज्यादा हो गई है। मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 97.1 बिलियन डॉलर है। वहीं गौतम अडानी की नेटवर्थ 79.3 बिलियन डॉलर है। दुनिया के दूसरे अमीर शख्स अमेजन के जेफ बेजोस की नेटवर्थ मस्क के मुकाबले काफी कम है। बेजोस की नेटवर्थ 249 डॉलर है।

**एक दिन में कमाए 63 बिलियन डॉलर :** मस्क ने पिछले 24 घंटे में 62.8 बिलियन डॉलर की कमाई की है। उनकी उनकी एक दिन की कमाई दुनिया के कई अरबपतियों पर भारी पड़ी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के 23वें सबसे अमीर की कुल नेटवर्थ 63.2 बिलियन डॉलर है। ऐसे में देखा जाए, तो उनकी एक दिन की कमाई ने दुनिया के कई धनी व्यक्तियों की कुल नेटवर्थ को पीछे छोड़ दिया है। वहीं इस साल मस्क ने अभी तक 218 बिलियन डॉलर की कमाई की है। अगर उनकी एक साल की कमाई को कुल कमाई मान लिया जाए तो इस मामले में वह दुनिया के चौथे सबसे अमीर होंगे। 200 बिलियन डॉलर से ज्यादा की कुल नेटवर्थ के मामले में एलन मस्क के बाद सिर्फ दो लोग ही हैं। इसमें जेफ बेजोस और मेटा के मार्क जकरबर्ग हैं। जकरबर्ग की नेटवर्थ 224 बिलियन डॉलर है।

## आइएएस, आइएसएस का अंतिम रिजल्ट जारी

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने गुरुवार को भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) और भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। उम्मीदवार परिणाम यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि 21 से 23 जून, 2024 तक आईईएस और आईएसएस परीक्षा-2024 की लिखित परीक्षा और उसके बाद दिसंबर में व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर भारतीय आर्थिक सेवा और भारतीय सांख्यिकी सेवा में पदों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की योग्यता क्रम में सूचियां जारी की हैं। इस साल आईईएस पर्सनालिटी टेस्ट 2 से 5 दिसंबर तक और आईएसएस पीटी 3 से 6 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। कुल 48 रिक्तियों को भरना है, जिनमें से 18 रिक्तियां भारतीय आर्थिक सेवा के लिए हैं और 33 पद भारतीय सांख्यिकी सेवा के लिए हैं।




सोनिया गांधी और जॉर्ज सरोज की पोस्टर लेकर संसद के बाहर प्रदर्शन करते केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

# छह लाख घरों के निर्माण को मंजूरी

## पांच साल में एक करोड़ घर बनाने का लक्ष्य

- राज्यों में लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया अगले साल से आरंभ होगी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शहरों में निर्धन और मध्यम वर्ग को आवास उपलब्ध कराने के लिए पीएम आवास योजना के तहत केंद्र सरकार ने पहले चरण में छह लाख से अधिक घरों के निर्माण को लेकर सहमति दी है। पीएम आवास योजना के दूसरे चरण में शहरों में पांच साल में एक करोड़ घर बनने हैं। योजना के क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार के साथ लगभग सभी राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा है कि लगभग सभी राज्यों से घर के प्रस्ताव मिले हैं। राज्यों में लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया अगले साल में आरंभ हो जाएगी।

**एफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी तैयार :** डिमांड सर्वे और उनका प्रमाणन अगले मार्च तक पूरा कर लिए, जाने की योजना है। इसके साथ ही राज्यों को मार्च तक इन अपने यहां एफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी तैयार कर लेनी है, जो कि पीएम आवास योजना के लिए किए गए एमओयू की एक अनिवार्य शर्त है। छह लाख घरों के निर्माण के साथ ही केंद्र सरकार किरायेदारी के मॉडल वाली एफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग पर भी इस बार जोर दे रही है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर और कम आय वर्ग के उन लोगों को किराये पर आवास उपलब्ध कराए जाएंगे जो घर नहीं खरीदना चाहते हैं। कामकाजी महिलाओं पर खास ध्यान दिया गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है जल जीवन मिशन : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जल जीवन मिशन, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि घर पर ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि यह एक अच्छा परिदृश्य है कि किस प्रकार से जल जीवन मिशन महिला सशक्तिकरण को विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में आगे बढ़ा रहा है। अपने घर में ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी। इसका लक्ष्य 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल का पानी पहुंचाना था। इसकी शुरुआत के समय, केवल 3.23 करोड़ (17 प्रतिशत) ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, 6 अक्टूबर, 2024 तक, जल जीवन मिशन ने 11.95 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन सफलतापूर्वक प्रदान किए हैं, जिससे कुल कवरेज 15.19 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच गई है, जो भारत के सभी ग्रामीण घरों का 78.58 प्रतिशत है।

## शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स 236 अंक लुढ़का

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को निचले स्तर पर बंद हुए। कारोबार के अंत में निफ्टी के मीडिया और एफएमसीजी सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 236.18 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,289.96 पर बंद हुआ और निफ्टी 93.10 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,548.70 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,491 शेयर हरे और 2,508 लाल निशान में बंद हुए, जबकि 106 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, मारुति, एलएंडटी, रिलायंस, एशियन पेंट्स, एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, नेस्ले इंडिया और टाइटन टॉप लूजर्स थे। वहीं, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस, पावर ग्रिड, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस टॉप गेनर्स रहे।

